बिलासपुर, मंगलवार 4 मार्च 2025 haribhoomi.com





हरिभूमि
# बजट भूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**छत्तीसगढ़ 2025-2026**

# बजट

| शिक्षा | स्वास्थ्य | कृषि | उद्योग |
|---|---|---|---|
| 22356 करोड़ रुपए का प्रावधान | 8040 करोड़ रुपए का प्रावधान | 13506 करोड़ रुपए का प्रावधान | 1420 करोड़ रुपए का प्रावधान |



**राम की शरण में ...**



## मखमली बैग में टैबलेट

रायपुर। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने बजट पेश करने से पहले अपने निवास में सपत्नीक पूजा अर्चना की और फिर राम मंदिर पहुंचकर दंडवत प्रणाम किया। बाद में वे लाल मखमली बैग लेकर विधानसभा पहुंचे। लाल बैग में टैबलेट और वर्ष 2025-26 बजट के दस्तावेज थे। विधानसभा परिसर के समिति कक्ष में दोपहर 12 बजे कैबिनेट की मंजूरी के बाद वित्तमंत्री ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में बजट पर हस्ताक्षर किया।



*आखिरकार साय सरकार के खजाने का पिटारा खुल गया। सोमवार को छग के इतिहास का सबसे बड़ा बजट विधानसभा में पेश हुआ। इसमें ज्ञान के बाद गति थीम पर राज्य में विकास की इबारत का दस्तावेजीकरण किया गया है। बजट में सभी सेक्टर्स और वर्गों का ध्यान रखा गया है। यूथ के लिए नौकरी, महिलाओं का वंदन और किसानों को उन्नत बनाने के अलावा इसमें टेक्नोलॉजी, उद्योग, कारोबारियों को प्रोत्साहित करते हुए उनका मान बढ़ाया गया है। पत्रकारों को भी इस बजट में अहमियत दी गई है।*

**GATI का अर्थ है ...**

| | |
|---|---|
| G | गुड गवर्नेंस |
| A | एक्सेलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर |
| T | टेक्नोलॉजी |
| I | इंडस्ट्रियल ग्रोथ |

# ज्ञान के बाद अब गति से उन्नति

# डबल इंजन हुआ ऑन, सबका बढ़ाया मान

**पेट्रोल मिलेगा एक रुपया कम दाम पर** | **2 हजार करोड़ की नई सड़कें बनेंगी** | **छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा बजट 1 लाख 65 हजार करोड़ का**



**पिछले साल से 12 प्रतिशत बड़ा, इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट 1 लाख 65 हजार करोड़ रुपयों का पेश किया। इस बार के बजट में सरकार ने नया स्लोगन गति दिया है। इसमें गुड गर्वनेंस, एक्सेलरेटिंग इंफ्रा स्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और इंड्रस्टियल ग्रोथ शामिल है। सरकार इस साल को अटल वर्ष के रूप में मनाएगी। यही वजह है कि अधोसंचरना विकास यानी इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया गया है। इसके लिए पूंजीगत व्यय को पिछले साल के मुकाबले 18 प्रतिशत बढ़ाते हुए 26 हजार 341 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह कुल बजट का 16 प्रतिशत हिस्सा है। सरकार ने पेट्रोल पर लगने वाले वैट पर कमी करते हुए कीमत में एक रुपए की कमी की है। इससे 65 लाख वाहन चालकों को लाभ मिलेगा। कृषक उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़, पीएम आवास ग्रामीण के लिए 8500 करोड़, खाद्यान सहायता योजना के लिए 4500 करोड़, किसानों को मुफ्त बिजली के लिए 3500 करोड़ का प्रावधान करते हुए नई योजनाओं के लिए बड़ी राशि रखी गई है।

### 100 बिस्तर के दो नए अस्पताल

बजट में हेल्थ पर भी फोकस किया गया है। इसी तहत सरोना रायपुर और जनकपुर - मनेंद्रगढ़ में नए 100 बिस्तरों वाले अस्पताल की स्थापना के लिए प्रावधानराशि प्रदान की गई है, तखतपुर - बिलासपुर में 50 बिस्तरों वाले महिला बाल अस्पताल, मनेंद्रगढ़ में मनोरोग अस्पताल, राखी, सारिया और कटघोरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ में यू.पी.एच.सी खोलने का जिक्र है।



## पहली बार वित्तमंत्री का हाथ से लिखा भाषण

*राज्य में यह पहली बार हुआ है कि वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने जो बजट भाषण पेश किया, वह 100 पेज का है, इससे भी अहम बात ये है कि यह बजट हस्तलिखित है। वित्तमंत्री ने बताया कि बजट पेश करने से 3-4 दिन पहले से उन्होंने हाथ से बजट भाषण की कॉपी तैयार की है। उन्होंने यह भाषण करीब पौने दो घंटे में पूरा किया। पिछला बजट सरकार ने जीवायएन यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर केंद्रित था। इस बार गति पर फोकस है। गति से आशय सुशासन, अधोसंचना विकास में तेजी लाना, प्रौद्योगिकी और औद्योगिक विकास पर केंद्रित होगा।*



### बजट की खास बातें

- पूंजीगत व्यय बढ़ाने को महत्व।
- कुनकुरी जिला जशपुर में नया मेडिकल कॉलेज।
- खाली सरकारी पदों पर भर्ती में तेजी लाई जाएगी, इसके अलावा स्कूल और कॉलेजों के शैक्षिक कर्मचारियों की भर्ती का पहला चरण।
- पिछले वर्ष की तुलना में उद्योग विभाग का बजट 3 गुना अधिक।
- बस्तर और सरगुजा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होमस्टे नीति।

### जनता तो छोड़िए, भाजपा के लोगों को समझ नहीं आया होगा- भूपेश



साय सरकार के बजट पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निशाना साधा है। ट्विट कर उन्होंने कई सवाल उठाए। उन्होंने लिखा, 'था क्या, ये बजट भाषण था या गणतंत्र दिवस का भाषण था या किसी कवि सम्मेलन की भूमिका थी? ये था क्या? ये जनता तो छोड़िए, भाजपा के लोगों को खुद समझ नहीं आया होगा। न जनता के लिए कोई राहत, न किसान, युवा, महिला के लिए कोई घोषणा। बेहद निराशाजनक और 'सिंगल माइक पॉडकास्ट' समाप्त हुआ।

- रामलला दर्शन और तीर्थ यात्रा योजना के लिए प्रावधान।
- आईटीआई और पॉलिटेक्निक का आधुनिकीकरण।
- डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल रायपुर में उन्नत कार्डियक संस्थान का आधुनिकीकरण।
- गरीब निःसंतान दंपतियों के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर में ए.आर.टी. (IVF) सुविधा।
- सरकारी अस्पताल में एम.आर.आई, सी.टी स्कैन मशीनों के लिए प्रावधान।
- राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एन.डी.डी.बी) की मदद से राज्य में डेयरी को बढ़ावा देना।
- बलरामपुर और राजनांदगांव में नया प्रयास संस्थान।
- बस्तर ओलंपिक, बस्तर मड़ई, नया रायपुर, बस्तर मैराथन, नया रायपुर मे गोल्फ टूनर्नामेंट आदि के लिए प्रावधान।
- पी.एम सूर्यघर योजना के लिए प्रावधान।
- पी.एम कुसुम योजना का प्रभावी कार्यान्वयन।
- सीआईएसएफ की तर्ज पर राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ) का गठन।
- सरकारी कर्मचारियों की पेंशन की भविष्य की देनदारियों के लिए पेंशन फंड बनाने के लिए प्रावधान।

## ये हैं सरकार की प्रमुख घोषणाएं

- कृषक उन्नति योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 8500 करोड़
- महतारी वंदन योजना के लिए 5500 करोड़ रुपये
- मुख्यमंत्री खाद्यान सहायता योजना के लिए 4500 करोड़
- 5 एच.पी तक के कृषि पंपों को मुफ्त बिजली आपूर्ति के लिए 3500 करोड़ रुपये
- आयुष्मान योजना के लिए 1500 करोड़ रुपये
- सबके लिए आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में घरों के निर्माण के लिए 875 करोड़ रुपये
- राज्य की स्थापना के बाद पहली बार नई सड़कों के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को 2000 करोड़ रुपये





- नई सड़कों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांवों में सड़कों के निर्माण के लिए 845 करोड़ रुपये
- प्रधानमंत्री जनमन सड़क निर्माण योजना के तहत अत्यधिक पिछड़े आदिवासी क्षेत्र को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए 500 करोड़ रुपये





- जल संसाधन विभाग के कुल 3,800 करोड़ रुपये के बजट में से 700 करोड़ रुपये नए सिंचाई परियोजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं। अटल सिंचाई योजना के तहत बहुत पुरानी सिंचाई परियोजनाओं को योजनाबद्ध तरीके से पूरा करने का लक्ष्य

### पत्रकारों को 20 हजार रुपए पेंशन

वरिष्ठ पत्रकार सम्मान निधि की राशि हुई दोगुनी। 10 हजार से 20 हजार करने की घोषणा। पत्रकारों के एक्सपोजर विजिट के लिए एक करोड़ रुपए। रायपुर प्रेस क्लब के रिनोवेशन के लिए एक करोड़।

### राज्य में पेट्रोल 1 रुपए सस्ता

राज्य सरकार की ओर से पेट्रोल की कीमत में प्रति लीटर 1 रुपए की कटौती की गई है। प्रदेश के सभी शहरों में पेट्रोल की कीमत 100 रुपए के पार चल रही है। कीमत अब 100 रुपए से कम हो जाएगी।

### कर्मचारियों का डीए 53 फीसदी


सरकारी कर्मचारियों का डीए बढ़ाकर 53 फीसदी किया जाएगा। अप्रैल से मिलेगा डीए का लाभ। प्रदेश में एनएसजी की तर्ज पर एसएजी बनेगा। सीआईएसएफ की तर्ज पर सीआईएसएफ का गठन होगा।

### भूमिहीन के लिए 600 करोड़

छत्तीसगढ़ बजट में भूमिहीन मजदूरों के लिए 600 करोड़ रुपये का प्रावधान, दलहन-तिलहन को एमएसपी पर खरीदने का फैसला किया गया है। दलहन-तिलहन खरीदी के लिए 80 करोड़ रुपये का भी प्रावधान। ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिये बजट में प्रावधान, एकीकृत बगवानी के लिये 150 करोड़ रुपए का प्रावधान। गन्ना किसानों के लिए बोनस के लिए 60 करोड़ रुपए का प्रावधान।

### बीजापुर में 200 बिस्तर अस्पताल

छत्तीसगढ़ बजट में बस्तरवासियों के हेल्थ का खास ध्यान रखा गया है। बीजापुर में 200 बिस्तर अस्पताल का निर्माण होगा। तखतपुर में मातृ-शिशु अस्पताल बनेगा।



**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कलम से**

## छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य



*हमारा यह बजट वर्तमान की जरूरतों को पूरा करते हुए भविष्य में विकसित छत्तीसगढ़ की अधोसंरचना जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है। इसमें धान के कटोरे की चमक कृषि अर्थव्यवस्था को संवारने के उपायों के साथ ही इंडसट्रियल हब और आईटी हब के रूप में छत्तीसगढ़ को तैयार करने ठोस नींव रख दी गई है।*

*प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हमने छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बहुत जरूरी है कि हम आधुनिक समय के मुताबिक अपनी अर्थव्यवस्था को तैयार कर लें, बजट में पूरा फोकस इसी पर है। हमें प्रदेश में बदहाल राजकोष और कुशासन की विरासत मिली थी। हमने राजकोषीय सुधारों के साथ प्रशासनिक प्रणालियों में सुधार करते हुए बजट के संतुलित उपयोग से प्रदेश में जनकल्याण के कार्य पुनः आरंभ कराए। अब छत्तीसगढ़ में विकास ट्रैक पर आ गया है और ट्रिपल इंजन की सरकार इसे तेजी से गति दे रही है। बजट प्रावधानों से यह गति और बढ़ेगी। पिछले बजट में विकसित भारत की संकल्पना के अनुरूप समावेशी विकास की राह तैयार हुई और हमारा फोकस ज्ञान अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति पर था। इनके लिए हमने जिस तरह से नवाचारी योजनाएं लागू कीं, उसके प्रभावी नतीजे मिले। इस बार का थीम है "ज्ञान के लिए गति," यह हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार के लक्ष्यों के अनुरूप है। गति से हमारा तात्पर्य सुशासन, बुनियादी ढांचे में तेजी लाना, तकनीक का अधिकाधिक प्रयोग और औद्योगिक विकास में तीव्र वृद्धि करना है। हम इन सभी मानदंडों को पूरा करेंगे। छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए हमने बड़े सपने देखे हैं और उन्हें पूरा करने की रणनीति भी तैयार कर ली है। इन्हें पूरा करने हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार पूरी रफ्तार से काम करेगी।*

*छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष को हम अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। अटल जी छत्तीसगढ़ को विकसित राज्यों की श्रेणी में देखना चाहते थे, उनके सपनों को पूरा करने की ठोस नींव हमने रख दी है। छत्तीसगढ़ में ऐसी अधोसंरचना की जरूरत होगी जो एक विकसित औद्योगिक राज्य की जरूरतों को पूरी करती हो। इसके लिए हमने बजट प्रावधान किये हैं। रायपुर-दुर्ग मेट्रो सेवा का सर्वे होगा। नये औद्योगिक पार्क हम स्थापित कर रहे* ▶▶| शेष पेज 6 पर


बिलासपुर, मंगलवार 4 मार्च 2025
haribhoomi.com

हेल्थ- एजुकेशन-पुलिस

हरिभूमि

# छत्तीसगढ़ का बजट 2025-26

बस्तर, रायगढ़, मनेन्द्रगढ़, जशपुर में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र



## अपडेट होंगे कैंसर, कार्डियोलॉजी और रेडियोडायग्नोसिस विभाग के लिए बजट

## प्रदेश का बोझ उठा रहे आंबेडकर अस्पताल पर फोकस

# नि:संतानों के लिए खुलेगा एआरटी सेंटर

प्रदेशभर के मरीजों का बोझ उठाने वाले आंबेडकर अस्पताल में विभिन्न तरह की सुविधाओं के विस्तार के लिए राज्य शासन ने अपने बजट में फोकस किया है। यहां करीब दस साल पुरानी एआरटी सेंटर की योजना को मंजूरी दी गई है। इससे निसंतान दंपत्तियों को संतान सुख के लिए बड़ी मदद मिलेगी। इसके अलावा क्षेत्रीय कैंसर इंस्टीट्यूट, एकमात्र कार्डियोलॉजी सेंटर और सबसे बड़े रेडियोडायग्नोसिस विभाग के संसाधनों को अपडेट करने बजट स्वीकृत किया गया है। यहां तीन नई एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन खरीदी के लिए भी राशि का प्रावधान किया है। मरीजों की जांच की लंबी वेटिंग को खत्म करने के लिए यहां नयी एमआरआई, सीटी स्कैन खरीदी के लिए भी बजट स्वीकृत किया गया है। बजट में बस्तर, रायगढ़, मनेन्द्रगढ़, जशपुर में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र का भी ऐलान किया गया है।

### स्वास्थ्य पर फोकस

- शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में 1500 करोड़ का प्रावधान
- सिकलसेल की जांच और उपचार के लिए 50 ब्लाक में स्क्रीनिंग सेंटर
- कार्डियक सर्जरी विभाग में बाईपास सुविधा के विस्तार के लिए 10 करोड़ का बजट
- क्षेत्री कैंसर संस्थान एवं अन्य विभाग के लिए प्रथम चरण में उपकरणों के लिए 20 करोड़
- प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने बस्तर, रायगढ़, मनेन्द्रगढ़, जशपुर में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र
- शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर के सुद्धीकरण के लिए 4 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर से संबंधित आंबेडकर अस्पताल में प्रदेशभर से मरीज इलाज के लिए आते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा यहां उपचार संबंधी संसाधन जुटाने का प्रयास कर रही है। इसकी झलक सोमवार को पेश बजट में भी मिली है। यहां के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में असिस्टेड रिप्रोडेक्टिव टेक्नोलॉजी (एआरटी) सेंटर के मंजूरी दी गई है। इससे राज्य में संतान सुख की कमी के कारण मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक परेशानियों से जूझ रहे निसंतान दंपत्तियों को उपचार की सुविधा मिलेगी। यह प्रक्रिया निजी सेक्टर में महंगी होने की वजह मध्यम और आर्थिक रूप कमजोर वर्ग को इसका लाभ नहीं मिल पाता था। यहां संचालित क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में प्रदेश के साथ दूसरे राज्य के मरीज भी आकर इलाज कराते हैं। यहां नई मशीनों की खरीदी और पुराने के सुधार के लिए बजट दिया गया है। हृदय रोग के इलाज की एकमात्र सुविधा वाले कार्डियोलॉजी सेंटर को सुविधा संपन्न बनाने राशि स्वीकृत की गई है। रेडियोडायग्नोसिस विभाग में जांच की लंबी वेटिंग को कम करने के लिए नई मशीन खरीदने का प्रस्ताव किया गया है।



### तीन लाख की आबादी के लिए सौ बिस्तर का अस्पताल

बजट में सरोना में 100 बिस्तर के अस्पताल की घोषणा की गई है। यहां जिला अस्पताल की तर्ज पर मरीजों को आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर के साथ अन्य सुविधाएं मिलेगी। इस नए अस्पताल का लाभ सरोना के आसपास रहने वाले करीब तीन लाख आबादी को मिलेगा। वर्तमान में उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल अथवा लंबा सफर तय कर आंबेडकर अथवा जिला अस्पताल तक आना पड़ता है। इस आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने प्रस्ताव भेजा था जिसे हरी झंडी दी गई है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी नए अस्पताल के साथ पुराने के अपग्रेडेशन की घोषणा की गई है।



### प्रदेश में 13 फीसदी समस्या, निजी अस्पताल में डेढ़ लाख खर्च

प्रदेश में संतान सुख नहीं मिलने की समस्या विभिन्न कारणों से बढ़कर 13 फीसदी तक पहुंच चुकी है। निजी अस्पतालों में इसके लिए डेढ़ लाख रुपए तक खर्च आता है जो दो से तीन दौर तक पहुंच जाता है। आंबेडकर अस्पताल में यह सुविधा शुरू होने के बाद स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत भी मरीजों को लाभ मिल पाएगा। राज्य में वर्ष 2016 से इसकी जरूरत महसूस की जा रही थी और प्रस्ताव शासन तक भेजा जा रहा था। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डा. ज्योति जायसवाल ने कहा कि संतान सुख नहीं होने से पीड़ित दंपत्ति के साथ इसका फायदा चिकित्सा की पढ़ाई करने वालों को भी अध्ययन के रूप में मिलेगा।

## प्राचीन शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन पर भी खर्चे जाएंगे करोड़ों

## 17 नालंदा लाइब्रेरी, 12 नर्सिंग , 6 फिजियोथैरेपी कॉलेज

# राजधानी में एजुकेशन सिटी

बजट का 10 प्रतिशत हिस्सा उच्च शिक्षा पर खर्च किया जाएगा। स्कूल शिक्षा पर इससे पृथक बजट राशि का प्रावधान किया गया है। नवीन पुस्तकालय और महाविद्यालय निर्माण सहित एक बड़ी राशि प्राचीन शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन पर भी खर्च की जाएगी। परंपरागत पाठ्यक्रमों की तुलना में व्यावसायिक और रोजगारक परक शिक्षा को अधिक महत्व दिया गया है। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने छात्रों को माहौल और सुविधा मिले, इस पर फोकस किया गया है। नवा रायपुर में एजूकेशन सिटी की स्थापना को ही इस दिशा में एक कदम माना जा रहा है।

### इन शैक्षणिक संस्थानों का होगा उन्नयन

- 24 सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेजों के उन्नयन के लिए 50 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।
- आईटीआईटी का उन्नयन 50 करोड़ की राशि से होगा।
- सीएसवीटीयू के अधोसंरचना विकास के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- कॉलेज भवन के निर्माण और नवीनीकरण के लिए 212 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे।






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

घोषित किए गए बजट के मुताबिक, प्रदेश में 12 नर्सिंग कॉलेज भवनों की स्थापना की जाएगी। इसके लिए 34 करोड़ का प्रावधान किया गया है। 6 नए फिजियोथैरेपी कॉलेज भवन की स्थापना के लिए 6 करोड़ खर्च किए जाएंगे। आत्मानंद स्कूलों की तर्ज पर उत्कृष्ट महाविद्यालय की तैयारी की जा रही है। शुरुआत 25 महाविद्यालयों से की जाएगी। इसके लिए 75 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। इन महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को रोजगारक परक शिक्षा देने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार किया जाएगा।

### 25 कॉलेजों को बदला जाएगा उत्कृष्ट केंद्र के रूप में, यहां छात्रों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं



### वर्तमान में 9 नर्सिंग कॉलेज, अब होंगे 25

नर्सिंग क्षेत्र में बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए राज्य में 16 शासकीय नर्सिंग कॉलेज और 6 फीजियोथेरेपी कालेज खोलने की घोषणा भी की गई है। वर्तमान में राज्य में शासकीय नर्सिंग कालेजों की संख्या 9 हैं और निजी नर्सिंग कालेज मिलाकर इनकी संख्या 131 है। इसके अलावा प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने बस्तर, रायगढ़, मनेन्द्रगढ़, जशपुर में 4 योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर के सुदृढ़ीकरण के लिए भी बजट स्वीकृत किया गया है।

### डिजिटल होंगे पीएमश्री स्कूल, खर्चे जाएंगे 277 करोड़

पीएमश्री अर्थात पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया के तहत शामिल विद्यालयों में स्कूल अधोसंरचना को आधुनिक बनाने और डिजिटाइज करने के लिए 277 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बजट में कांग्रेस शासनकाल में प्रारंभ किए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। प्रदेश में नए स्वामी आत्मानंद विद्यालय अब नहीं बनाए जाएंगे। इसके स्थान पर पीएमश्री स्कूलों पर ही फोकस किया जाएगा। बलरामपुर और राजनांदगांव में एक-एक नए 500 सीटर आवासीय स्कूल भवन निर्माण के लिए प्रावधान किया गया है।

## खाकी होगी मजबूत, एनएसजी की तरह एसओजी

# साइबर फ्राड रोकने खुलेंगे और थाने

### पुलिस की मजबूती के लिए भारत रक्षित वाहिनी का गठन किया जाएगा



राज्य सरकार के वित्तिय वर्ष 2025-26 के बजट में वित्तमंत्री ओमप्रकाश चौधरी ने पुलिस का चेहरा बदलने के साथ ही पुलिस के हाथ और मजबूत करने का प्रयास किया है। बजट में पुलिस की मजबूती के लिए भारत रक्षित वाहिनी का गठन किया जाएगा। इसके लिए 39 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी तरह से बढ़ते औद्योगिकरण को देखते हुए सीआईएसएफ की तर्ज पर एसआईएसएफ का गठन किया जाएगा। आपात स्थिति से निपटने एनएसजी की तर्ज पर एसओजी का गठन किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वित्तमंत्री श्री चौधरी ने अपने बजट भाषण में मादक पदार्थों की तस्करी के साथ खरीदी-बिक्री पर अंकुश लगाने रायपुर सहित महासमुंद, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर सरगुजा, कबीरधाम, जशपुर, राजनांदगांव तथा कोरबा में एंटी नारकोटिक्स सेल गठित करने की बात कही। साथ ही साइबर अपराध पर अंकुश लगाने राज्य के पांच जिले बलौदाबाजाक-भाटापारा, धमतरी महासमुंद, जांजगीर-चांपा तथा जशपुर में नए साइबर थाना खोलने की बात कही। एंटी नारकोटिक्स सेल गठन करने बजट में तीन करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही साइबर अपराध पर अंकुश लगाने नए सॉफ्टवेयर खरीदी करने वित्तमंत्री ने अनुमति प्रदान की है।



### बस्तर फाइटर्स के लिए पदों का सृजन

नक्सलवाद को जड़ सहित समाप्त करने बस्तर फाइटर्स का सराहनीय योगदान रहा है। इसे देखते हुए वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में 3200 नए बस्तर फाइटर्स के पद सृजन करने अनुमति प्रदान की है। साथ ही छह नवगठित जिलों में अजाक थाना के साथ ही कोरबा, जांजगीर, सूरजपुर में नए महिला थाना खोलने अनुमति दी है।

### बलौदाबाजार हिंसा से सीख

उपद्रवियों ने बलौदाबाजार में जिस तरह से हिंसा की थी। उसे देखते हुए वित्त मंत्री ने भारत रक्षित वाहिनी के साथ ही एनएसजी की तर्ज पर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) बनाने की अनुमति दी है। इसी तरह से उद्योगों में विषम परिस्थिति से निपटने स्टेट इंडस्ट्रीज सिक्यूरिटी फोर्स (एसआईएसएफ) गठन करने की अनुमति दी है।



हरिभूमि
# बजट भूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



छत्तीसगढ़ 2025-2026 **बजट**

*राज्य के बजट में पुराने प्रावधानों को बढ़त के साथ उनको यथावत तो रखा ही गया है, साथ ही नई योजनाओं का भी ऐलान किया गया है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने साय सरकार की मंशा के अनुरूप में प्रधानमंत्री आवास के लिए बड़ी राशि रखी है, साथ ही मुख्यमंत्री गृहप्रवेश योजना का ऐलान भी किया है। नई योजनाओं में सियान केयर समेत कई वर्गों को साधने का प्रयास किया गया है।*

*एनएसजी की तरह राज्य में एसओजी की स्थापना की जाएगी*

*नवा रायपुर में मेडिसिटी एजुकेशन सिटी, राष्ट्रीय शहरी प्रबंधन संस्थान की स्थापना*

## कई नई योजनाओं का ऐलान

# सबको मिलेगा मकान गृहप्रवेश हुआ आसान!

महानदी - इंद्रावती और सिकासर कोडार नदियों को जोड़ने के लिए सर्वेक्षण

सभी ग्राम पंचायतों में यूपीआई (डिजिटल भुगतान) को बढ़ावा देने के लिए बजट प्रावधान

राजधानी क्षेत्र कार्यालय, सेटअप और सर्वेक्षण के लिए प्रावधान जिसमें रायपुर-दुर्ग मेट्रो लाइन

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के छत्तीसगढ़ चैप्टर की स्थापना के लिए प्रावधान



## ई-वे बिल की लिमिट अब एक लाख

छोटे व्यापारियों को आने वाली चुनौतियों को पहचानते हुए और कर अनुपालन के बोझ को कम करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने ई-वे बिल की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करेगी और 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में 25 हजार रुपए तक की वैट देनदारियों को माफ करेगी। इससे 40,000 से अधिक व्यापारियों को मदद मिलेगी और 62,000 से अधिक मुकदमेबाजी के मामलों में कमी आएगी। अंतव्यवसायी निगम के उधारकर्ताओं के लिए ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) सुविधा, अचल संपत्ति लेनदेन पर स्टांप शुल्क पर उपकर हटाया जाएगा।

## बजट में पहली बार नए प्रावधान

- मुख्यमंत्री मोबाइल टॉवर योजना, बस्तर एवं सरगुजा के दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए वीजीएफ के माध्यम से प्रावधान।
- मुख्यमंत्री परिवहन योजना ग्राम पंचायत से ब्लॉक और जिला स्तर तक सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रावधान, उन क्षेत्रों में जहां जनसंख्या घनत्व कम होने के कारण सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध नहीं है।
- 500 नई सहकारी समितियों का गठन किया जाएगा।
- केंद्र सरकार की पी.एस.एस योजना के तहत दालों और तिलहन की खरीद के लिए बजट में पहली बार प्रावधान।
- नगर निगमों के डी.पी.आर आधारित विकास के लिए मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के लिए 500 करोड़ रुपये।
- राज्य में एक और राष्ट्रीय संस्थान के रूप मे राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना।
- छत्तीसगढ़ राज्य के सभी ब्लॉकों में सिकल सेल स्क्रीनिंग केंद्र की स्थापना का पहला चरण।

*पत्रकारों के एक्सपोजर विजिट के लिए प्रावधान और पत्रकार संघ के कार्यालय के नवीनीकरण के लिए बजटीय प्रावधान। पत्रकार सम्मान निधि की राशि 10 हजार प्रतिमाह से बढ़ाकर 20 हजार रुपए।*

- नवा रायपुर में चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय के लिए रियायती दर पर भूमि आवंटित करने के लिए प्रावधान।
- डीएमएफ के कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण।
- विभागीय सुधारों (प्रतिस्पर्धी सूचकांक) के आधार पर प्रोत्साहन के लिए प्रावधान।
- भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए प्रावधान।

## 10 नई योजनाओं की घोषणा

- मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना
- मुख्यमंत्री मोबाइल टावर योजना
- मुख्यमंत्री परिवहन योजना
- मुख्यमंत्री बाय पास एवं रिंग रोड निर्माण योजना
- मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना
- मुख्यमंत्री गवर्नेस फेलोशिप
- सियान केयर योजना
- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
- अटल सिंचाई योजना
- एसएसआईपी (छात्र स्टार्टअप और नवाचार नीति) का कार्यान्वयन
- राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ छात्र कौशल कार्यक्रम और वित्तीय निवेश प्रशिक्षण योजना

# मुख्यमंत्री मोबाइल टॉवर योजना से जुड़ जाएंगे बस्तर-सरगुजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के 2025-26 के बजट में सरकार ने 10 नई योजनाएं घोषित की हैं। इनमें से एक मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना भी है। इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया है। बताया गया है कि इस योजना के तहत उन लोगों को अतिरिक्त राशि देने का प्रावधान रखा गया है, जो सरकारी योजनाओं के तहत नए आवास में प्रवेश करेंगे। इन लोगों को गृह प्रवेश सम्मान दिया जाएगा।



### समावेशी विकास को मिलेगी गति : शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, हमारी सरकार का बजट प्रदेश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा, यह बजट 'अटल निर्माण वर्ष' के अनुरूप प्रदेश को एक नए विकास पथ पर ले जाने वाला है। श्री शर्मा ने कहा, इस बार बजट में छत्तीसगढ़ की आर्थिक संरचना को मजबूत करने के लिए बड़े प्रावधान किए गए हैं। जिससे बुनियादी ढांचे और विकास योजनाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, गृह एवं जेल विभाग को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। इस वर्ष पांच नए साइबर पुलिस थानों की स्थापना बलौदा बाजार, धमतरी, महासमुंद, जांजगीर-चांपा और जशपुर में की जाएगी। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कोरबा, जांजगीर-चांपा और सूरजपुर में तीन नए महिला पुलिस थाने खोले जाएंगे।

### जन को निराश करने वाला : डॉ महंत



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने बजट को निराश करने वाला बताया। बजट कृषि, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, महंगाई, उद्योग, वनोपज, युवा, महिला, आम आदमी, गरीब से छलावा मात्र है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार का यह बजट छत्तीसगढ़ की जन आकांक्षाओं के विपरीत, शब्दों के मायाजाल का बजट है। विष्णुदेव सरकार ने अपने प्रचार प्रसार के लिए 550 करोड़ का प्रावधान किया है, जो जनहित से परे है। डॉ. महंत ने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास देने की बात थी, दे पाए मात्र 6 लाख। महिलाओं को गैस सिलेंडर 500 रुपए में देने बजट में भी कोई प्रावधान नहीं। पूर्व बजट में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की गई थी, वह भी पूरी नहीं हुई।

## नई योजनाओं की घोषणा

### मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना

यह योजना के तहत नगर निगमों में सुनियोजित विकास विकास के लिए बनाई गई है। योजना के लिए 500 करोड़ रुपयों का प्रावधान रखा गया है।

### मुख्यमंत्री मोबाइल टावर योजना

इस योजना के तहत राज्य के दूरदराज के इलाकों में मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए नए मोबाईल टावर लगाए जाएंगे। योजना के प्रथम चरण में ऐसे क्षेत्र में टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं को मोबाइल टावर लगाने के लिए वीजीएफ के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए बजट प्रावधान किया गया है।

### मुख्यमंत्री बाय पास एवं रिंग रोड निर्माण योजना

इस योजना के तहत छोटे शहरों जो नगर पंचायत या नगर पालिका हैं, के विकास को ध्यान में रखते हुए इसके लिए बजट में 100 करोड़ का प्रावधान है।

### मुख्यमंत्री गवर्नेस फेलोशिप

सरकारी विभागों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए डाटा प्रबंधन को सशक्त बनाने और डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य के उच्च तकनीकी शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर यह योजना बनाई गई है। इसके लिए 10 करोड़ का प्रावधान है।

### अटल सिंचाई योजना

इस योजना के तहत ऐसी सिंचाई परियोजनाएं जो कई वर्षों से अपूर्ण हैं, इन परियोजनाओं को आगामी वर्षों में कार्ययोजना बनाकर पूरा करने के लिए अटल सिंचाई योजना बनाई गई है। इस योजना में 5000 करोड़ रुपए खर्च कर 1 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई की क्षमता सृजित की जाएगी।

### छात्र स्टार्टअप और नवाचार नीति का कार्यान्वयन

इसके तहत छत्तीसगढ़ के युवाओं की रचनात्मकता, नवाचार, और उद्यमिता को सशक्त बनाने एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।

# पहले तय किए दस स्तंभ और अब बढ़ेंगे आगे

## 'ज्ञान' के बाद 'गति' पर आधारित है यह बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

### सीएम साय और वित्तमंत्री चौधरी ने बताया बजट को ऐतिहासिक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन है। हमारे विद्वान वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने बजट प्रस्तुत किया है। छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता को मैं नमन करता हूं। यह छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य का बजट है। यह छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों में पहुंचाने का बजट है। इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

हरिभूमि खास

बजट के बाद संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, हमारा पिछला बजट 'ज्ञान' पर आधारित था। पिछले एक साल में मोदी की गारंटी को पूरा किया गया है, जिसकी वजह से सभी चुनावों में छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास हमें मिला है। ज्ञान के बाद गति पर आधारित बजट पेश किया गया है। छत्तीसगढ़ पहला राज्य है, जिसने सुशासन और अभिसरण



विभाग गठित किया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने 1 लाख 65 हजार 100 करोड़ का बजट पेश किया, जो पिछले साल की तुलना में 12 प्रतिशत ज्यादा है। ओपी चौधरी ने बजट में 1 रुपए पेट्रोल सस्ता करने और सरकारी कर्मचारियों को 53 प्रतिशत डीए की घोषणा की है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने 'गति' थीम पर बजट पेश किया। इसका मतलब जी- गुड गवर्नेंस, ए- एक्सलेरेटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, टी- टेक्नोलॉजी और आई- इंडसट्रियल ग्रोथ है। इसके पहले चौधरी ने ज्ञान थीम पर बजट पेश किया था।

### मिनी मेट्रो के लिए सर्वे कराया जाएगा

बड़े शहरों के लिए मिनी मेट्रो का विकास निश्चित रूप से हो रहा है। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रायपुर से दुर्ग तक मेट्रो रेल सुविधा के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू होगा। इसके लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### 'ज्ञान' के कल्याण के लिए 'गति' जरूरी- ओपी

ओपी चौधरी ने कहा कि सौ पेज का बजट तैयार किया गया है। पिछली बार हमने आर्थिक विकास के 10 स्तंभ तय किए थे। इन आधार स्तंभ्भों को आगे बढ़ाने कैसे काम करें, उसका यह अगला चरण है। विजन डाक्यूमेंट के तहत हमने अल्प कालीन, मध्य कालीन और दीर्घकालीन की रणनीति बनाई है। इस साल के बजट का मूल थीम गति है। उन्होंने कहा, 'ज्ञान' के कल्याण के लिए 'गति' जरूरी है। अर्थात सुशासन, अधोसंरचना में गति, तकनीकी और औद्योगिक विकास के जरिए इसे आगे बढ़ाना है। वर्ष 2000 के 5700 करोड़ से बढ़कर 2025-26 में बजट का आकार 165000 करोड़ रुपए हो गया है। यह बजट में करीब तीस गुना से अधिक बढ़ोतरी है। पिछले साल के मुकाबले 12 प्रतिशत की वृद्धि बजट के आकार में हुई है। एफआरबीएम एक्ट के तहत यह सरप्लस बजट पेश किया गया है। उन्होंने कहा, लोन किसी विकासशहील राज्य को लेना चाहिए और उसका सद्उपयोग हो। छत्तीसगढ़ राज्य में एफआरबीएम के तहत तीन प्रतिशत से कम 2.9 प्रतिशत की सीमा में लोन लिया है।

### उद्योग विभाग का बजट दोगुना से अधिक

श्री चौधारी ने बताया कि बजट में उद्योग विभाग का बजट दोगुना से अधिक बढ़ाया गया है। युवा कल्याण एवं खेल विभाग का बजट भी सौ गुना बढ़ा है। महतारी वंदन योजना के लिए 5 हजार 500 करोड़, पीएम आवास के लिए 8 हजार 500 करोड़ और पीएम श्री स्कूल के लिए 277 करोड़, स्वास्थ्य योजनाओं के लिए 1500 करोड़, रायपुर से दुर्ग के लिए मेट्रो रेल सर्वे के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। ओपी चौधरी ने कहा, रायपुर में आईआईएम, एआईआईएमएस, एनआईटी, ट्रिपलआईटी रायपुर में एक भी राष्ट्रीय स्तर का संस्थान नहीं था, आज रायपुर में आईआईएम भी है। एम्स भी है, एनआईटी भी है। ट्रिपल आईटी भी है। प्लास्टिक इंजीनियरिंग इंस्टिट्यूट भी है और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी भी है।

3- MARCH- K&C- MAIN- Pg- 4 Budget_Layout 1 3/4/2025 12:07 AM Page 1



# भाजपा ने बजट को बहुस्पर्शी, बहुआयामी और सर्वव्यापी बताया, कांग्रेस ने जनता को निराश करने वाला कहा

**प्रदेश सरकार के बजट की भाजपा नेताओं ने एक स्वर में सराहना करते हुए इसको बहुस्पर्शी, बहुआयामी और सर्वव्यापी बजट बताया है। भाजपा नेताओं के मुताबिक बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। इसमें प्रदेश के विकास के लिए भी बहुत कुछ है। भाजपा नेता कहते हैं, हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे की बात को बजट सार्थक करता है। कांग्रेस नेताओं ने बजट को निराशाजनक बताया है।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा बहुस्पर्शी, बहुआयामी और सर्वव्यापी बजट पूरे छत्तीसगढ़ के विकास को ध्यान में रखकर बनाया गया है। श्री देव ने कहा, मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री ने सभी वर्गों का सभी क्षेत्रों का विकास की दृष्टि से समुचित ध्यान दिया है। श्री देव ने कहा, इस बजट में विशेषकर बस्तर, सरगुजा ,वनवासी क्षेत्र , आदिवासी अंचल , जहां पर विकास की अनेक संभावनाएं हैं, उसे उचित स्थान दिया गया है।

श्री देव ने कहा इस बजट में विकास के कई कार्यक्रम व योजनाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं, साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए, युवाओं की दृष्टि से हो, मातृ शक्तियों का सम्मान बढ़ाने की दृष्टि से हो चाहे किसानों के लिए हो और उद्योग की दृष्टि से चाहे वह बड़े उद्योग हो लघु उद्योग हो मध्यम उद्योग हो, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को ध्यान में रखते हुए समूचे छत्तीसगढ़ के पाँचों संभाग में समुचित रूप से विकास के अनेक प्रावधान किए गए हैं, जो बजट में घोषित योजनाओं के माध्यम से परिलक्षित हुई हैं।

## साय के सुशासन को पूरा करने वाला बजट



*भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने कहा है कि यह प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के अंतर्गत 18 लाख आवास निर्माण को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन को पूरा करेगा। ग्रामीण आवास के सपने को पूरा करेगा। विशेष पिछड़ी जाति के लिए तीस हजार करोड़ की मंजूरी, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बजट का प्रावधान सरकार के संकल्प को पूरा करेगा। यह बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं और अधोसंरचना का बजट है। यह छत्तीसगढ़ के भविष्य का बजट है। मोदी के गारंटी के अंतर्गत 18 लाख आवास के निर्माण को पूरा करने जा रहे हैं। ग्रामीण आवास के लिए 8 हजार 500 करोड़, नक्सलवाद प्रभावितों के लिए 15 हजार आवास की मंजूरी बहुत सरकार ने दी। विशेष पिछड़ी जाति के लिए 300 करोड़ का प्रावधान किया गया है।*

## विकसित भारत की दिशा में ले जाने वाला बजट



*कन्फडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामॅर्स को रियायत दर पर भूमि उपलब्ध का प्रावधान किया गया। प्रदेश में लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट और व्यापारिक इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के लिए बजट में जो प्रावधान किए गए हैं। राज्य में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने का निर्णय किसानों और उद्यमियों के लिए समान रूप से लाभकारी होगा। यह विकासशील नहीं, बल्कि "विकसित" बजट है, जो राज्य के व्यापारिक समुदाय, स्टार्टअप्स, डैडम् और किसानों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। स्थानीय व्यापारियों को प्राथमिकता देने के फैसले से राज्य का व्यापारिक परिदृश्य और अधिक सशक्त होगा। फूड पार्क निर्माण से प्रदेश में नवाचार, स्टार्टअप, टेक्नोलॉजी और फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।*

## डीए वृद्धि का स्वागत



*छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बजट में शिक्षकों व कर्मचारियों को मार्च 2025 से 3 फीसदी महंगाई भत्ता देने की घोषणा स्वागतेय है, किन्तु महंगाई भत्ता के लंबित एरियर्स को सीजीपीएफ में जमा किया जाना था। शिक्षक व कर्मचारियों की भर्ती व शिक्षा उन्नयन के लिए पीएमश्री शाला उन्नयन की घोषणा सकारात्मक है। एलबी संवर्ग के शिक्षकों को पेंशन हेतु पूर्व सेवा की गणना करने व सरकार से मोदी जी के गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करने, समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान प्रदान करने, शिक्षक समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान ) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक वेतन निर्धारण करने सहित कैशलेश चिकित्सा सुविधा की उम्मीद थी जो पूरी नही हुई जिससे शिक्षकों में उत्साह नहीं है।*

## पूर्ण विकास तथा दूर दृष्टि वाला बजट



*सीए चेतन तारवानी ने कहा कि जिस प्रकार से सभी क्षेत्रों में बज़ट का प्रावधान किया गया है। ऐसा लगता है छतीसगढ़ का बजट पूर्ण विकास तथा दूर दृष्टि वाला बजट है। वेट टैक्स के पुराने मामलो को खत्म करना एक अच्छी सोच है। ई-वे बिल में 50 हज़ार से 1 लाख की सीमा स्वागत योग्य है, लेकिन इंटर डिस्ट्रिक करने की उम्मीद थी। छत्तीसगढ़ राज्य के बजट में नवा रायपुर में 100 एकड़ क्षेत्र में एजुकेशन सिटी व 100 एकड़ क्षेत्र में हॉस्पिटल के लिए विकसित करने की योजना को दूर दृष्टि वाला बजट बना दिया है। विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं के साथ साथ नर्सिंग स्टॉफ के रूप में छत्तीशगढ़ के युवाओं को बड़ी मात्रा में रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। उसी प्रकार एजुकेशन सिटी के माध्यम न सिर्फ शिक्षा का स्तर वरन विकास तेजी से बढ़ेगा।*

## बजट ने राज्य की जनता को निराश किया : दीपक बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बिना किसी ठोस योजना के सतही कल्पनाओं पर आधारित नीरस बजट है। साय सरकार का बजट आम जनता के अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक रहा है, ना इसमें युवाओं के रोजगार के संदर्भ में कोई रोड मैप दिख रहा है, ना ही महंगाई से निपटने कोई ठोस रणनीति है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों, युवाओं के बेरोजगारी भत्ता, किसानों की आय बढ़ाने के लिए बजट में कुछ नहीं है। मोदी की गारंटी में किए गए वादे एक लाख नौकरियों के सृजन के बारे में इस वर्ष के बजट में भी कुछ नहीं है। महिलाओं के लिए 500 रुपए में सिलेंडर देने के बारे में बजट में कुछ नहीं है। पिछले बजट में 33,000 शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी, एक भी भर्ती नहीं कर पाए। इस वर्ष फिर से 20,000 शिक्षकों की भर्ती की बात कर रहे हैं। श्री बैज ने कहा, इस बजट में युवाओं के रोजगार बढ़ाने के लिए, किसानों के लिए, महिलाओं के लिए कुछ नहीं है। प्रदेश की 32 प्रतिशत आबादी आदिवासी समाज के लिए बजट में कुछ नहीं है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के लिए, बजट में कुछ भी नया नहीं है।




## हमने बनाया है हम ही संवारेंगे को चरितार्थ करने वाला बजट



वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा, यह बजट भाजपा के ध्येय वाक्य हमने बनाया है हम ही संवारेंगे को चरितार्थ करने वाला है। कांग्रेस सरकार में बस्तर विकास के मार्ग से भटक गई थी। बस्तर भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया था। ऐसे सुदूर बस्तर के लिए इस बजट में करोड़ों का प्रावधान किया गया है। इससे स्पष्ट है कि हमने ही बनाया है और हम ही संवार रहे हैं। श्री कश्यप ने कहा, बस्तर के युवाओं को रोजगार देने के दिशा में हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में बस्तर फाइटर्स का कार्य सराहनीय रहा है। बस्तर के युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। कांग्रेस के पिछले पांच वर्षों में प्रदेश में एक भी नर्सिंग कॉलेज नही बना, हमारी भाजपा सरकार ने इस बजट में दंतेवाड़ा जिला में नर्सिंग कॉलेज बनाने का प्रावधान किया है। इस तरह प्रदेश में कुल 12 नए नर्सिंग कॉलेज बनने जा रहा है।

## आम जनता की भलाई को प्राथमिकता



भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत 2025 का बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वाकांक्षी और समग्र दृष्टिकोण से तैयार किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना और आम जनता की भलाई को प्राथमिकता देना है। इस बजट के तहत विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं और प्रावधानों की घोषणा की गई है, जो राज्य के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने के साथ-साथ विकास को गति देंगी। भाजपा विधायक मूणत ने बजट को एक दूरदृष्टि वाला दस्तावेज बताया है, जो छत्तीसगढ़ को 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने के लिए सही दिशा में कदम बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य के हर वर्ग की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, और इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। राजेश मूणत ने विशेष रूप से कर्मचारियों, किसानों, महिलाओं, और युवाओं के लिए प्रस्तावित योजनाओं की सराहना की, जिन्हें वे प्रदेश के विकास में मील का पत्थर मानते हैं।

## विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने वाला बजट



*बजट पर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू की प्रतिक्रिया बजट सत्र के उपरांत पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं. वित्त मंत्री शओपी चौऊजी के नेतृत्व में प्रस्तुत अटल निर्माण वर्ष का यह स्वर्णिम बजट विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने वाला बजट है। यह बजट 'गति' थीम पर आधारित होकर प्रदेश की प्रगति को नई दिशा देगा, जो विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करेगा।*

## लुभाने की कोशिश : सिंहदेव




*पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा है कि प्रदेश सरकार का बजट संतुलित है। पेट्रोलियम पदार्थों में 1 प्रतिशत वैट कटौती, रजिस्ट्री शुल्क में कटौती से लुभाने की कोशिश की गई है। लेकिन इन कटौतियों के भरपाई का उल्लेख बजट में नहीं मिलता है। कुल बजट में केंद्र सरकार से 39 प्रतिशत और राज्य सरकार के स्त्रोत से 46 प्रतिशत राशि आएगी। जो कुल बजट व्यय का 85 प्रतिशत होता है। इसे बढ़ाने की आवश्यकता है।*

## एमसीबी को मिली सौगात



*स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की सार्थक पहल से बजट 2025-26 में मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले को शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और सुरक्षा के क्षेत्र में कई बड़ी सौगातें दी गई हैं। सरकार ने मनेंद्रगढ़ में शासकीय फिजियोथैरेपी कॉलेज की स्थापना को मंजूरी दी है, जिससे क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा के नए अवसर मिलेंगे। खेल प्रेमियों के लिए बहुउद्देशीय स्टेडियम की स्वीकृति दी गई है, जिससे जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।*

## ज्ञान से गति तक




*डॉ. जवाहर सूरीसेट्टी ने कहा कि नया रायपुर में निफ्ट, मेडिसिटी और एजुसिटी का खुलना बड़ी पहल है। इसके अलावा पीएम श्री स्कूलों के लिए 277 करोड़ का आवंटन, उच्च शिक्षा में नवाचार के लिए फंड, आदिवासी क्षेत्रों में मोबाइल साइंस लैब स्वागत योग्य कदम हैं। दूसरी अच्छी पहल प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से शासन की निगरानी करना है, और जनशक्ति के प्रशिक्षण की तैयारी करने के लिए आईआईएम और आईआईआईटी की सेवा लेना । तीसरा स्वागत योग्य कदम राज्य भर में नर्सिंग कॉलेजों, फिजियोथेरेपी कॉलेजों और 17 नालंदा परिसर और खेल बुनियादी ढांचे जैसे नए शैक्षणिक संस्थानों का समान वितरण है।*

## राजधानी के विकास को नई ऊंचाइयों मिलेगी : बृजमोहन



रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बजट से राजधानी के विकास को नईं उचाईंया मिलेंगी। उन्होंने कहा, नगरीय निकायों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए 750 करोड़ रुपए के प्रावधान से राजधानी सहित पूरे प्रदेश में शहरी विकास को गति मिलेगी। अमृत मिशन पेयजल योजना के लिए 744 करोड़ रुपए के प्रावधान से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा, इस बजट में युवा, किसान, महिलाएं, गरीब और हर वर्ग के हितों को प्राथमिकता दी गई है। विशेष रूप से रायपुर को कई महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं, जो राजधानी के विकास को नई गति देंगी।

## शक्ति को गति देने वाला बजट : धरमलाल कौशिक



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक ने प्रदेश सरकार के बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को गति देने वाला बजट है। जिसमें सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा, कि विष्णुदेव साय सरकार का पहला बजट ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) को समर्पित रहा और दूसरा बजट ज्ञान को गति देने वाला बजट है। इस बजट में गति पर मुख्य फोकस किया गया है। गति यानि गुड गवर्नेंस, एक्सेलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विकास पर ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही पेट्रोल में की कीमत में एक रुपए की कटौती की गई है।

## छोटे उद्योगों को मदद मिलेगी : संजय श्रीवास्तव



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार को बजट प्रावधानों का स्वागत करते हुए कहा कि किसानों के हित को ध्यान में रखकर छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की घोषणा करके 46 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। इससे राज्य में सूक्ष्म और लघु खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को आर्थिक सहायता मिलेगी।

## स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई ऊंचाई : रामू रोहरा



भाजपा के प्रदेश महामंत्री और धमतरी के महापौर जगदीश रामू रोहरा ने कहा, प्रदेश सरकार ने अपने इस बजट में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए 1800 करोड़, डॉ आंबेडकर अस्पताल के कार्डियक सर्जरी विभाग के विस्तार के लिए 10 करोड़ और डॉ भीमराव आंबेडकर अस्पताल में उपकरणों के लिए 20 करोड़ का प्रावधान करने के साथ ही सरोना रायपुर में 100 बिस्तर अस्पताल बनाने की घोषणा करके प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य सुविधा से समृद्ध बनाने का काम कर रही है।

## विकास की नई दिशा प्रदान करने वाला




*राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने कहा कि 3 मार्च 2025 का यह दिन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए बेहद खास है। सबका साथ, सबका विकास वाला बजट है, जिसमें हर वर्ग को शामिल किया गया है यह बजट निश्चित ही छत्तीसगढ़ प्रदेश विकास के स्वर्णिम विकास में सहभागी बनेगा, हर क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ, इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, पर्यटन, ग्रामीण विकास, सड़क, टेक्नोलॉजी आदि हर क्षेत्र को विकास की नई दिशा प्रदान करने वाला बजट ह। यह बजट स्वागत योग्य है। जनता को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल की कीमत में राज्य सरकार की तरफ से एक रुपए की कमी की गई। इतना ही नहीं सरकारी कर्मचारियों को लेकर भी बड़ा ऐलान किया गया है। सरकारी कर्मचारियों का डीए बढ़ाकर 53 फीसदी कर दिया है।*

## बजट छलावा एवं निराश करने वाला : सुशील शुक्ला



प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, केवल ठगी और जुमलेबाजी के अलावा इस बजट में किसी के लिए कुछ भी नहीं है। महतारी वंदन योजना में लाखों की संख्या में पात्र हितग्राही योजना के लाभ से आज भी वंचित है लेकिन केवल 5500 करोड़ का बजट प्रावधान भाजपा सरकार के दुर्भावना का प्रमाण है। यदि सरकार की नियत सही होती और नए हितग्राहियों को शामिल करने की मंशा होती तो महतारी वंदन योजना के अंतर्गत कम से कम 10 हजार करोड़ का बजट प्रावधान किया गया होता।श्री शुक्ला ने कहा, साय सरकार के वित्त मंत्री ने स्वयं स्वीकार किया है कि विगत एक साल में केवल 22 हजार लोगों को अयोध्या दर्शन करवा पाए हैं, इस रफ्तार से 3 करोड़ आबादी को दर्शन करवाने में 1350 साल लगेंगे, वह भी तब जब जनसंख्या स्थिर हो जाए, सनातनियों को धोखा दे रही है साय सरकार।

## अव्यवस्थाओं का मायाजाल



चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष **डॉ.राकेश गुप्ता ने कहा कि** छग के एकमात्र शासकीय फिजियोथैरेपी कॉलेज की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। वर्तमान छात्र हॉस्टल और अन्य व्यवस्थाओं के लिए मारे मारे फिरते हैं। नए शासकीय पदों का सृजन फिजियोथैरेपिस्ट के लिए ना होना अपने आप में एक अव्यवस्था का उदाहरण है। एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट के लिए नई बिल्डिंग का प्रस्ताव बजट में ना आना निराशाजनक है।

## छत्तीसगढ़वासियों को निराशा ही हाथ लगी



आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ वासियों को सिर्फ छलावा और झूठे वादे देने के अलावा कुछ नहीं किया। पेट्रोल सिर्फ 1 रुपए सस्ता किया गया, जबकि पांच रुपए तक सस्ता करना था। मोदी की गारंटी में किए गए वादे, 1 लाख नौकरी और महिलाओं के लिए 500 रुपए में सिलेंडर देने के बारे में बजट में कुछ नहीं कहा गया।

## इलाज को लेकर संवेदनशीलता



**जिला दवा विक्रेता संघ के उपाध्यक्ष अश्विनी विग ने कहा कि** मेडिसिटी की स्थापना स्वागत योग्य है। इससे आम जनता के स्वास्थ्य की चिंता और संवेदनशीलता दिखती है। राज्य की जनता को व्यापार और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। गरीब निःसंतान दंपतियों के लिए मेडिकल कॉलेज रायपुर में आईवीएफ सुविधा, सरकारी अस्पताल में एमआरआई, सीटी स्कैन मशीनों के लिए प्रावधान सरकार की नीति को प्रदर्शित करता है।

## आरोग्य की दिशा में सार्थक कदम



*शासकीय आयुर्वेद कॉलेज, रायपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संजय शुक्ला ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े डॉ. संजय शुक्ला ने छत्तीसगढ़ सरकार के नवीन बजट को आरोग्य की दिशा में सार्थक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि विष्णदेव सरकार के इस बजट में मोदी सरकार द्वारा आयुष पद्धतियों के प्रोत्साहन के लिए किए जा रहे प्रयासों की झलक मिल रही है। नवीन बजट में सरकार ने 4 योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना के साथ ही आयुर्वेद कॉलेज रायपुर के सुदृढ़ीकरण के लिए 4 करोड़ की राशि का प्रावधान किया है। राज्य में आयुर्वेद तथा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहन मिलेगा जिसकी आज सबसे ज्यादा आवश्यकता है। नवीन बजट मे 6 फिजियोथेरेपी कॉलेज एवं 50 विकास खंडों में सिकलसेल स्क्रीनिंग सेंटर की स्थापना की घोषणा की गई है।*

## ओम के बजट में विष्णु के सुशासन का प्रकाश



*छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव, चंद्रशेखर गंगराड़े ने कहा, छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री के नाते ओपी चौधरी का यह लगातार दूसरा बजट है। दिसंबर 2023 में सरकार बनने के दो माह की अवधि के भीतर ही पहला बजट प्रस्तुत किया गया था, लेकिन इस बजट में सरकार की नीतियों के क्रियान्वयन के लिए विस्तार से प्रावधान किया गया है। बजट के माध्यम से पार्टी के संकल्प पत्र को धरातल पर लाने का प्रयास किया गया है। संभवतः यह पहला अवसर है, जब वित्त मंत्री बजट प्रस्तुत करने के पूर्व शंकर जी के मंदिर गए और उनसे प्रदेश की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा, साथ ही यह भी पहला अवसर है, जब वित्त मंत्री को उनकी पत्नी ने तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी, जो भारतीय संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। वर्ष 2025 इस मायने में भी उल्लेखनीय है कि यह वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का रजत जयंती वर्ष है।*

## ज्ञान से गति की विचारधारा पर आधारित



*प्रो. रोहिणी प्रसाद ने कहा कि 2025-26 का बजट ज्ञान से गति की विचारधारा पर आधारित है। इसे सुशासन, अधोसंरचना, टेक्नॉलाजी तथा औद्योगिक विकास को केंद्रित किया गया है। इस बजट से राज्य का चहुंओर विकास होगा। जहां एक ओर सुशासन से अधोसंरचना में तेजी आएगी। वहीं, दूसरी ओर प्रौद्योगिकी के माध्यम से उद्योगों का विकास होगा। उद्योगों में नए-नए रोजगार सृजन होंगे तथा प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि होगी। बजट से नए-नए रोजगार को आकर्षित करने वाले उद्योगों की संभावनाएं बढ़ेगी।शिक्षा तथा स्वास्थ्य पर भी 277 करोड़ और 1850 करोड़ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हेतु प्रावधान किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास के लिए 18461 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे गांवों में नए-नए नवोन्मेष होंगेऔर गांवों के विकास में गति आएगी।*

## रजत जयंती वर्ष में स्वर्णिम बजट



*अर्थशास्त्री डा. रविंद्र के ब्रम्हे ने कहा कि वित्तमंत्री ने बजट में छत्तीसगढ़ के विकास की उपलब्धियों के साथ भविष्य में विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। बजट 2025-26 में बढ़ता हुआ पूंजीगत निवेश और राजकोषीय स्थिरता विकसित छत्तीसगढ़ के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। वित्त मंत्री ने हस्तलिखित 100 पृष्ठों का बजट आज प्रस्तुत किया। यह दर्शाता है कि वित्त मंत्री अपने प्रयासों को लेकर कितने गंभीर हैं। वर्ष 2024 में जिस काम के लिए अर्थशास्त्रियों को नोबेल पुरस्कार दिया गया था वह राजनीतिक और आर्थिक समावेशी संस्थाओं से संबंधित है। उन्होंने अपनी किताब "वाय नेशंस फेल" में बताया कि कुछ राष्ट्र या राज्य विकास में क्यों पीछे रह जाते हैं इसके लिए जो उत्तरदायी कारण है वह समावेशी संस्थाओं का अभाव है क्योंकि समावेसी संस्थाएं धन और शक्ति के केंद्रीकरण को कम करती है।*

बिलासपुर
मंगलवार, 4 मार्च 2025
फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 24, अंक : 340
पृष्ठ : 12+6+8 = 26 मूल्य : 5.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 36.0
न्यून. 24.4



7 आईपीएल की उल्टी गिनती शुरू 10 ...

विचार पेज
2 भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना अधूरा




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आईआईटी बाबा गिरफ्तार जमानत पर रिहा



**जयपुर।** महाकुंभ से चर्चा में आए आईआईटी बाबा अभय सिंह को जयपुर में पुलिस ने सोमवार को यहां गिरफ्तार कर लिया, हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिल गई। पुलिस के अनुसार अभय सिंह को शिप्रापथ थाना क्षेत्र में एक होटल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को उसके पास मादक पदार्थ गांजे की एक पुड़िया मिली है। थाना प्रभारी राजेन्द्र कुमार गोदारा ने बताया कि सोमवार को अभय सिंह के आत्महत्या करने की धमकी वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने संबंधी सूचना पुलिस को मिली थी।

**छात्रों से वसूले सवा करोड़ रुपए**

सोमवार को उच्च न्यायालय ने दिया आदेश, अब राज्य नहीं लेगी निजी स्कूलों की परीक्षाएं

# 5वीं-8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा से निजी स्कूल बाहर, इधर... छप चुके प्रश्नपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर/ रायपुर


निजी स्कूलों में अध्ययनरत पांचवीं-आठवीं के छात्रों की परीक्षा इस बार राज्य सरकार नहीं लेगी। इसे लेकर उच्च न्यायालय द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। सोमवार को उच्च न्यायालय बिलासपुर ने छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन तथा अन्य दो याचिकाओं पर निर्णय देते हुए पांचवी एवं आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षाओं से निजी स्कूलों को बाहर कर दिया है।

गौरतलब है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के मध्य में प्रदेश में पांचवीं-आठवीं की परीक्षाएं पुनः प्रारंभ करने और इसे केंद्रीकृत रूप में करवाने का निर्णय लिया गया। निजी स्कूलों ने इस पर आपत्ति दर्ज करते हुए कोर्ट में याचिका लगाई थी कि परीक्षा नियमों में परिवर्तन सत्र के प्रारंभ में ही करवाए जाने चाहिए थे। सत्र के मध्य में आदेश जारी करने से छात्रों की पढ़ाई और प्रदर्शन प्रभावित होगा। अब निजी स्कूलों में पांचवी एवं आठवीं की परीक्षाएं राज्य सरकार नहीं लेगी। वहीं दूसरी ओर कई जिलों में छात्रों के लिए प्रश्नपत्र छापे जा चुके हैं। पांचवीं की परीक्षाएं 17 मार्च और आठवीं की परीक्षाएं 18 मार्च से प्रारंभ हो रही हैं। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जनवरी अंत में आदेश जारी कर सभी जिला शिक्षा कार्यालय को प्रश्नपत्र निर्माण सहित अन्य दिशा-निर्देश दिए गए थे। कई जिलों में प्रश्नपत्र की छपाई हो चुकी है तथा छात्रों के लिए उत्तरपुस्तिका के ऑर्डर भी दिए जा चुके हैं। चूंकि निजी विद्यालय के छात्रों को इससे बाहर रखा जा रहा है, ऐसे में लाखों की संख्या में प्रश्नपत्र अब रद्दी की टोकरी में जाएंगे।

**पांचवीं कक्षा में प्रति छात्र 55 रुपए तथा आठवीं में लिए गए हैं 60 रुपए**

### प्रश्नपत्र तैयार, भेज चुके छपने

राजधानी रायपुर के जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा प्रश्नपत्र फरवरी माह में ही प्रश्नपत्र निर्माण समिति द्वारा तैयार करा लिए गए थे। प्रश्नपत्र छपाई के लिए भेजे जा चुके हैं। हालांकि अब तक छपकर नहीं आए हैं। न्यायालय का आदेश आने पश्चात अब प्रकाशकों को छपाई रोकने कहा जाएगा। निजी स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों के लिए भी उत्तरपुस्तिकाएं छपाई जा चुकी हैं। अन्य जिलों में भी लगभग यही स्थिति है। आदेश के बाद अब निजी स्कूल अपने स्तर पर परीक्षा आयोजित करने की तैयारी कर रहे हैं।



### वापस की जाए राशि

शासकीय विद्यालय के छात्रों के लिए यह परीक्षा निशुल्क रखी गई है, जबकि निजी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों से इसके लिए पैसे लिए गए। प्रति छात्र पांचवीं कक्षा में 55 रूपए और आठवीं कक्षा में 60 रूपए की राशि ली गई। अपवादस्वरूप कुछ निजी विद्यालयों को छोड़कर अधिकतर निजी स्कूलों द्वारा यह राशि जिला शिक्षा कार्यालय में जमा करवाई जा चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निजी स्कूलों से अब तक पांचवीं-आठवीं की परीक्षा के लिए सवा करोड़ रूपए लिए जा चुके हैं। निजी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने मांग की है कि यह राशि निजी स्कूलों को लौटा दी जाए।

# अयोध्या राम मंदिर पर हमले की साजिश, आईएसआई से ट्रेंड संदिग्ध गिरफ्तार





**फरीदाबाद में हैंड ग्रेनेड के साथ पकड़ा गया**

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) और फरीदाबाद स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने संयुक्त ऑपरेशन में आतंकी कनेक्शन के संदेह में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अब्दुल रहमान (19) पुत्र अबूबकर के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के फैजाबाद (अयोध्या) का निवासी है। संदिग्ध को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया, जहां वह आतंकी साजिश को अंजाम देने की तैयारी में था। उसके पास से दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए गए, जिन्हें सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत निष्क्रिय करा दिया।पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार संदिग्ध अब्दुल रहमान ▶▶|शेष पेज 6 पर

### राम मंदिर की कई बार की थी रेकी

अब्दुल आईएसआई के आईएसकेपी (इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस) मॉड्यूल से जुड़ा हुआ था। माना जा रहा है कि इस मॉड्यूल में अब्दुल के अलावा और लोग भी शामिल हो सकते हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि अब्दुल रहमान पहले भी कई बार अयोध्या के राम मंदिर की रेकी कर चुका था और उसने वहां की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आईएसआई को साझा की थी। आतंकियों का मकसद राम मंदिर पर हैंड ग्रेनेड से हमला कर बड़े पैमाने पर तबाही मचाना था।

## अहम खबर

# 100 से अधिक हत्याओं में शामिल ईनामी नक्सली का समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**50 से अधिक संगीन घटनाओं को दे चुका है अंजाम**



बीजापुर जिले के गंगालूर एरिया कमेटी सचिव व डीवीसीएम दिनेश मोडियम ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। मोस्ट वांटेड नक्सली की पुलिस को वर्षों से सरगर्मी से तलाश कर रही थी।

इसी बीच वह पत्नी व मासूम बच्चे के साथ पुलिस के समक्ष समर्पण करने पहुंच गया। 50 से अधिक संगीन घटनाओं को देकर सौ से अधिक हत्याओं में शामिल समर्पित नक्सली पर 8 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। उसकी पत्नी भी एससीएम मेंबर थी, जिस पर तीन लाख का ईनाम था। जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गंगालूर एरिया कमेटी के खूंखार नक्सली डीवीसीएम दिनेश मोडियम ने अपनी पत्नी और बच्चे के साथ रविवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### समर्पण के दौरान पत्नी-बेटी भी थीं मौजूद

बीजापुर जिले के गंगालूर एरिया कमेटी के डीवीसीएम व सचिव दिनेश मोडियम ने अपनी पत्नी कला मोडियम व मासूम बच्चे के साथ बीजापुर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने पहुंचा। नक्सली दिनेश मोडियम पेद्दाकोरमा गांव का निवासी है। स्कूली पढ़ाई के दौरान ही वह नक्सलियों के बाल संघम का सदस्य बन गया था। वह बालपन व किशोरावस्था से ही नक्सली संगठन में सक्रिय रूप से काम करने लगा था। दिनेश के काम से प्रभावित होकर बड़े नक्सली लीडर उसे बड़ी जिम्मेदारी देते रहे और उसे गंगालूर एरिया कमेटी का सचिव बना दिया। गया। दिनेश मोडियम ने गंगालूर क्षेत्र में कई घटनाओं को अंजाम दिया था। उस पर सौ से अधिक हत्याओं में शामिल रहने का आरोप है। गंगालूर क्षेत्र में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ों में दिनेश मोडियम कई बार बच निकला था।

## ऑस्कर अवार्ड

# अनोरा बेस्ट फिल्म, एड्रियन माइकी बने बेस्ट एक्टर

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजलिस

97वें अकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर 2025 का शानदार आगाज हुआ। इस बार अकेडमी अवॉर्ड्स को कॉनन ओ'ब्रायन ने होस्ट किया। पहली बार उन्होंने ऑस्कर होस्टिंग की कमान संभाली। इवेंट में हॉलीवुड सितारों का जलवा देखने को मिला। फिल्म अनोरा की धूम रही, इसने 5 अवॉर्ड जीते। बेस्ट एक्टर बने एड्रियन ब्रॉडी और बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड माइकी मैडिसन ने जीता। ऑस्कर अवॉर्ड में अनोरा ने 5 अवॉर्ड अपने नाम किए। इसकी हीरोइन माइकी मैडिसन बेस्ट एक्ट्रेस बनीं। फिल्म ने बेस्ट एडिटिंग, बेस्ट डायरेक्टर, ▶▶|शेष पेज 6 पर

**97वें अकेडमी अवॉर्ड्स का ऐलान 'अनोरा' ने जीते 5 पुरस्कार**



### ऑस्कर की रेस से बाहर हुई 'अनुजा'

'अनुजा' बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म कैटिगरी में अवॉर्ड जीतने से चूक गई। इसे एडम ग्रेव्स ने बनाया है। प्रियंका चोपड़ा, गुनीत मोंगा बतौर को-प्रोड्यूसर मूवी से जुड़ी हैं। अनुजा, 9 साल की बच्ची की कहानी है, जो फैक्ट्री में काम करती है। अनुजा का रोल सजदा पठान ने निभाया है। वो असल में चाइल्ड लेबर थीं. उन्हें एनजीओ 'सलाम बालक ट्रस्ट' ने रेस्क्यू किया था। सजदा को पढ़ने लिखने का मौका दिया।

### ऑस्कर में इंडिया की धूम

इस बार 97वें ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी कॉमेडियन कॉनन ओ'ब्रायन ने होस्ट की थी जिन्होंने हिंदी में बोलकर भारतीय फैंस को बड़ा प्यारा सरप्राइज दिया है। शायद ये पहली बार है जब किसी होस्ट ने ऑस्कर में हिंदी में अभिवादन किया हो। कॉनन ओ'ब्रायन ने पहली बार अकादमी अवॉर्ड की होस्टिंग में ही इतिहास रच दिया है। उन्होंने हिंदी में भारत का अभिवादन करते हुए कहा, 'जो लोग भारत से देख रहे हैं, उनके लिए मैं कहना चाहूंगा कि भारत के लोगों को नमस्कार। वहां सुबह हो चुकी है तो मुझे उम्मीद है कि आप क्रिस्पी नाश्ते के साथ ऑस्कर देखेंगे'।







# अलाहबादिया को शो शुरू करने की सुप्रीम इजाजत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया को अपने पॉडकास्ट 'द रणवीर शो' को दोबारा शुरू करने की मंजूरी दे दी। कोर्ट ने शर्त रखी कि वो अपने शो में कुछ भी अश्लील नहीं दिखाएंगे। यूट्यूबर ने कोर्ट में एक आवेदन दायर कर कोर्ट के आदेश के उस हिस्से को हटाने की मांग की थी, जिसमें शो को प्रसारित करने से रोक दिया गया था। दरअसल, समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में माता-पिता पर अभद्र टिप्पणी के विवाद के बाद देश के कई शहरों में उन पर एफआईआर हुई थीं।

चिंतन

# लोकतांत्रिक बाजार अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा एफटीए

तेजी से बदल रहे भू-राजनीतिक समीकरण के दौर में भारत और यूरोप के बीच बढ़ रही करीबी दोनों के हित में है। अभी भारत यूरोपीय संघ व ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को आगे बढ़ा रहा है। हाल में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने दो दिन की भारत यात्रा पर आईं। उनकी यात्रा पीएम नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा, अमेरिका के रेसिप्रोकल टैक्स के ऐलान के बाद और अमेरिका व यूक्रेन में बढ़ रही दूरी के बीच हुई है। यूरोप इस वक्त अमेरिका के बदल रहे रवैये को करीब से देख रहा है। यूं तो ईयू और ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बातचीत बहुत पहले से हो रही है, लेकिन बदलते अमेरिकी जेस्चर के बाद इसमें प्रगति आई है। यूरोपीय संघ भारत को अधिक महत्व दे रहा है। इस वक्त दुनिया में कोई भी देश भारत के बाजार की अनदेखी नहीं कर सकता है। भारत-यूरोपीय संघ ने आपसी रणनीतिक साझेदारी को अधिक मजबूत करने और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर जैसी अत्यधिक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर व्यापक चर्चा की है। यूरोपीय संघ प्रमुख ने कहा कि जब हम यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक साझेदारी के तीसरे दशक में प्रवेश कर रहे हैं, तो एक बात स्पष्ट है, साथ मिलकर हम भविष्य को आकार दे सकते हैं और इस सदी की निर्णायक साझेदारियों में से एक बन सकते हैं। यूरोप के साथ चीन के अच्छे संबंध हैं, पर चीन भरोसेमंद नहीं है। चीन विनिर्माण क्षेत्र में एकाधिकार बढ़ा रहा है, यूरोप इससे सतर्क है। यूरोप भारत के साथ साझेदारी बढ़ा रहा है। रूस व यूक्रेन युद्ध के दौरान यूरोप के लिए भारत प्रमुख ऊर्जा व अनाज आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है। अनेक यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ फैक्टर भारतीय प्रतिभा व श्रम हैं। चीन बहुत ही सोच-विचार कर विनिर्माण क्षेत्र में एकाधिकार बढ़ा रहा है और वैश्विक अनिश्चितता का यह भी एक कारण है। यूरोप, ब्रिटेन समेत अन्य देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से लोकतांत्रिक बाजार अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। आज दुनिया में अनिश्चितता बढ़ गयी है। अमेरिका में रेसिप्रोकल शुल्क दरों की घोषणा के साथ चीन के कदम से भी अनिश्चितता बढ़ रही है। निजी निवेश वैश्विक स्तर पर जारी उथल-पुथल से जुड़ा है। लोग यह भूल गये हैं कि चीन में क्षमता बढ़ती जा रही है। बाजार अर्थव्यवस्था में जब क्षमता उपयोग कम होता है तो निवेश घटता है। यह फ्रांस, ब्रिटेन में देखा जा सकता है, लेकिन चीन में निवेश जारी है। इसका क्या मतलब है? वहां मांग उतनी ही है लेकिन निवेश बढ़ रहा है और क्षमता भी बढ़ रही है। चीन यह सयास कर रहा है। इसीलिए भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने समेत अन्य उपाय कर रहा है, एफटीए की दिशा में बढ़ रहा है। अमेरिका के साथ भी ट्रेड समझौते पर सहमति बनी है। हाल में अमेरिका ने जिस प्रकार से टैरिफ को लेकर आक्रामक रुख अपनाया है, उसके बाद से भारत समेत सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को अपने लिए नई राह खोजने की ओर अग्रसर भी होना पड़ा है। आज वैश्विक अर्थवयवस्था गुंथी हुई है, इसमें किसी का एकाधिकार दूसरे को नुकसान पहुंचा सकता है। भारत खुद को विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत कर रहा है, लेकिन इसके लिए नई पूंजी की भी आवश्यकता है। हाल के दशक में यूरोप सुस्ती के दौर से गुजर रहा है, वह भारत जैसी गतिशील अर्थव्यवस्था के साथ जुड़कर अपनी आर्थिकी को रफ्तार दे सकता है। भारत के लिए भी तकनीक व निवेश हासिल करने में मदद मिलेगी। इसलिए एफटीए इंडो-यूरोप दोनों के लिए फायदेमंद होगा।



दो टूक
राज कुमार सिंह


# भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना अधूरा

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित वर्ष 2024 के लिए हाल ही में जारी भ्रष्ट देशों की सूची बताती है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत सपना ही बना हुआ है। इस सूची में शामिल 180 देशों में भ्रष्टाचार के मामले में भारत 38 अंकों के साथ 96 वें स्थान पर है, जबकि साल 2023 में भारत 39 अंकों के साथ 93 वें स्थान पर था। दरअसल जिस देश को सीपीआई में ज्यादा अंक मिलते हैं, वहां भ्रष्टाचार कम माना जाता है। घटते अंक ज्यादा भ्रष्टाचार का प्रमाण होते हैं, जिनके साथ-साथ सूचकांक में देश की रैंकिंग भी बढ़ती जाती है। हमारे देश में भ्रष्टाचार अकसर राजनीतिक मुद्दा बन कर रह जाता है, जबकि इसके खिलाफ एक्शन की जरूरत है।

भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के वायदे वफा होते नजर नहीं आते। दुनिया भर में भ्रष्टाचार के विरुद्ध काम करनेवाली गैर सरकारी संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की नयी रिपोर्ट बताती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिये गये नारे कि 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार बेलगाम है। कारोबारियों के साथ-साथ राजनेताओं और नौकरशाहों के यहां से भी छापों में भारी नकदी की बरामदगी का अर्थ यही है कि खाने-खिलाने का सिलसिला बंद तो नहीं हुआ है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित वर्ष 2024 के लिए हाल ही में जारी भ्रष्ट देशों की सूची बताती है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत सपना ही बना हुआ है। इस सूची में शामिल 180 देशों में भ्रष्टाचार के मामले में भारत 38 अंकों के साथ 96 वें स्थान पर है, जबकि साल 2023 में भारत 39 अंकों के साथ 93 वें स्थान पर था। दरअसल जिस देश को सीपीआई में ज्यादा अंक मिलते हैं, वहां भ्रष्टाचार कम माना जाता है। घटते अंक ज्यादा भ्रष्टाचार का प्रमाण होते हैं, जिनके साथ-साथ सूचकांक में देश की रैंकिंग भी बढ़ती जाती है। हमारे देश में भ्रष्टाचार अकसर राजनीतिक मुद्दा बन कर रह जाता है। इसलिए यह जानना भी जरूरी है कि वर्तमान मोदी सरकार और पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार के शासनकाल में भ्रष्टाचार के मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन तुलनात्मक रूप से कैसा रहा।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा हर साल जारी की जानेवाली भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक आधारित 180 देशों की सूची बताती है कि पिछले दस सालों में भारत में भ्रष्टाचार बढ़ा है। पिछले दस सालों में इस सूची में भारत ने सबसे बेहतर प्रदर्शन साल 2015 में किया था, जब उसे रैंकिंग में 76 वां स्थान हासिल हुआ था। वैसे साल 2006 और 2007 में भारत क्रमशः 70 वें और 72 वें स्थान पर भी रहा यानि दोनों ही सरकारों के आरंभकाल में भ्रष्टाचार कम होता नजर आया, पर फिर बेलगाम हो गया। हमारा पड़ोसी और प्रतिद्वंद्वी देश चीन 43 अंकों के साथ 76 वें स्थान पर बना हुआ है। हमारे नीति-नियंता इस बात पर संतोष जता सकते हैं कि पड़ोसी देशों में पाकिस्तान की रैंकिंग हमसे भी खराब है। साल 2023 में पाकिस्तान 29 अंकों के साथ 113 वें स्थान पर था, लेकिन बीते साल वह 27 अंकों के साथ 135 वें स्थान पर पहुंच गया। इस सूची में श्रीलंका और बांग्लादेश की रैंकिंग बता कर भी हमारे सत्ताधीश अपनी पीठ थपथपा सकते हैं। बीते साल इस सूची में श्रीलंका 121 वें और बांग्लादेश 149 वें स्थान पर है, लेकिन हमारे पड़ोस में तो छोटा-सा देश भूटान भी है। भ्रष्ट देशों की रैंकिंग में 18 वें नंबर पर रहा भूटान दुनिया के खुशहाल देशों में भी गिना जाता है। जाहिर है, वायदों और दावों के विपरीत वास्तविकता हमारी व्यवस्था और मानसिकता पर सवाल खड़े करती है, जिसके जवाब खोजे बिना हम विश्व की तीव्र वृद्धिवाली अर्थव्यवस्था भले बन जायें, बेहतर देश नहीं बन पायेंगे। आर्थिक प्रगति में आंकड़ों के महत्व से इनकार नहीं है, लेकिन राष्ट्र की असली प्रगति समाज के सर्वांगीण विकास और खुशहाली में होती है।

लगभग 80 करोड़ लोगों को प्रति माह पांच किलो राशन मुफ्त देने की जरूरत देश की खुशहाली का प्रमाण तो हरगिज नहीं। बढ़ती बेरोजगारी तथा शिक्षा-स्वास्थ्य



की बदहाल व्यवस्था भी वास्तविक विकास के दावों पर सवालिया निशान है। इसलिए हमें आंकड़ों आधारित आर्थिक प्रगति पर आत्ममुग्धता से उबर कर भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक पर आधारित इस सूची में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले देशों से जरूरी सबक भी सीखने की जरूरत है। 90 अंकों के साथ डेनमार्क इस सूची में सबसे ऊपर है, जिसका अर्थ है कि वहां नाममात्र का ही भ्रष्टाचार है। 88 अंकों के साथ फिनलैंड इस सूची में दूसरे स्थान पर है, जिसे विश्व का सबसे खुशहाल देश भी माना जाता है। 84 अंकों के साथ सिंगापुर तीसरे, 83 अंकों के साथ न्यूजीलैंड चौथे और 81 अंकों के साथ लग्जमबर्ग पांचवें स्थान पर है।

महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि अब विदेश में बसने के इच्छुक भारतीय इन छोटे देशों को भी अपना गंतव्य बनाने लगे हैं। क्या यह बात का संकेतक नहीं कि ये देश उन्हें हर दृष्टि से बेहतर जीवन का विकल्प नजर आते हैं? विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था भारत अपने नागरिकों का जीवन स्तर और बेहतर क्यों नहीं बना सकता? बेशक सबसे भ्रष्ट देशों की सूची पर नजर डालना भी जरूरी है। आठ अंकों के साथ दक्षिण सूडान 180 देशों में सबसे भ्रष्ट देश है, जबकि सोमालिया और वेनेजुएला नौ और 10 अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे भ्रष्ट देश हैं। उनके बाद सीरिया, लीबिया, इरिट्रिया, यमन और इक्वेटोरिल गिनी का नंबर आता है। वैसे इस सूची में रूस, अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे प्रभावशाली देश क्रमशः 154, 28, 25, 20 और 15 वें स्थान पर हैं।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के मुताबिक टॉप स्कोरवाले क्षेत्र यूरोपीय संघ और पश्चिमी यूरोप रहते थे, लेकिन लगातार दूसरे साल उनके प्रदर्शन में गिरावट हुई है, जिसका अर्थ है कि उनके नेता जनता की भलाई के बजाय व्यापारिक हितों के लिए काम कर रहे हैं। वहां कानूनों का गलत तरीके से पालन किया जा रहा है। दरअसल जब नेता ही जनता के बजाय पूंजीपतियों के व्यापारिक हितों के लिए काम करने लगते हैं तो नौकरशाही को भ्रष्टाचार का लाइसेंस-सा मिल जाता है। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक पर आधारित इस सूची की प्रक्रिया भी समझना जरूरी है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के विशेषज्ञ हर देश के सार्वजनिक क्षेत्र यानि पब्लिक सेक्टर में भ्रष्टाचार का आकलन करते हैं। इसके आधार पर देशों को शून्य से 100 के बीच अंक दिये जाते हैं। कम स्कोर का अर्थ ज्यादा भ्रष्टाचार होता है, जबकि ज्यादा अंकों का अर्थ कम भ्रष्टाचार। इसी आधार पर देशों की रैंकिंग तय होती है। भारत समेत विश्व में जबसे राजनीति और कॉरपोरेट का गठजोड़ पुख्ता हुआ है, सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें और गहरी हुई हैं। आम सरकारी व्यवस्था में करप्शन के साथ नीतिगत भ्रष्टाचार ने प्रशासनिक तंत्र को और कुरूप बनाया है।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल का तो मानना है कि बढ़ता भ्रष्टाचार जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने में भी बड़ी बाधक बन रहा है। सीपीआई की यह रिपोर्ट बताती है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अरबों डॉलर आवंटित किये जाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार के चलते उस धन के दुरुपयोग का खतरा बढ़ रहा है, जो स्वाभाविक ही जन जीवन को भी खतरे में डाल रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के मुखिया फ्रेंकोइस वेलेरियन कहते हैं कि भ्रष्टाचार एक उभरता हुआ वैश्विक खतरा है, जो विकास को रोकता है। साथ ही यह लोकतंत्र में गिरावट, अस्थिरता और मानवाधिकारों के उल्लंघन को भी बढ़ाता है। कहना नहीं होगा कि ज्यादा भ्रष्टाचारवाले देश इन तमाम खतरों से रूबरू हैं। यह भी कि इन खतरों से निपटे बिना देश और समाज के सर्वांगीण विकास के दावे संदेह और सवालों में ही घिरे रहेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह




# रेणु : हिन्दी में आंचलिक उपन्यासों के जनक

हिन्दी के अप्रतिम कथाकार फणीश्वरनाथ 'रेणु' को आज की तारीख में खास तौर पर इसके लिए याद किया जाता है कि उन्होंने 1954 में 'मैला आंचल' के रूप में हिन्दी को उसका पहला आंचलिक उपन्यास दिया और आंचलिकता को उसकी मुख्यधारा बनाया। लेकिन उनके द्वारा इससे पहले देश के स्वतंत्रता संग्राम और 1950-51 की नेपाल की क्रांति में स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी के रूप में दिया गया योगदान भी भुलाने लायक नहीं ही है। यह भी कि यावत्जीवन दमन-शोषण व उत्पीड़न के विरुद्ध लड़ते-लड़ते वे सोशलिस्ट पार्टी में सक्रिय होकर उसकी चुनावी राजनीति से होकर भी गुजरे। 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर इमर्जेंसी थोपी तो उसके विरोध में उन्होंने अपनी 'पद्मश्री' को 'पापश्री' कहकर वापस लौटा दिया था। बंगाल में रहकर धान की खेती करने वाली धानुक जाति के किसान शिलानाथ मंडल (जिनके पुरखे भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बिहार के अररिया जिले के औराही हिंगना गांव में आ बसे थे) के घर 1921 में आज के ही दिन रेणु का जन्म हुआ तो उनका नाम फणींद्रनाथ रखा गया था और परिजनों द्वारा दुलार से उन्हें फनिंदर व फुनेसर भी कहा जाता था। लेकिन चूंकि उनके जन्म के वक्त उनका धनवैभवसम्पन्न परिवार ऐसे दुर्दिन में जा फंसा था कि उसे पहली बार ऋण (स्थानीय बोली में रिन) लेना पड़ गया था, इसलिए दादी उन्हें 'रेनुआ' कहती थीं, जो बदलते-बदलते पहले रेनू फिर रेणु हो गया। आगे चलकर वे फणीश्वरनाथ 'रेणु' नाम से कथाकार बने तो पूरे जीवन इस परिवेश से हासिल अनुभवों को ही अपने सृजन का आधार बनाते रहे। एक बार उन्होंने अपने गांव आये एक कथाकार को बताया था : धान की जितनी अच्छी फसल इस साल है, वैसी हो तो खेती करने में भी कविता करने का-सा आनंद आता है।...मेरे विचार से तो अभी एक बीघा खेत में खेती कर लेना पांच लेख और पांच कहानियाँ लिखने से ज्यादा फायदेमंद और एक एकड़ खेत में धान उपजाना, उपन्यास लिखने जैसे ही आनंद का वायस है। हिंदी में न तब कोई ऐसा साहित्यकार था, न आज है, जो खेती-किसानी से अपने जुड़ाव के बूते ऐसी बात कह सकता हो। स्वाभाविक ही, उनका कथा साहित्य पाठकों को उनके अंचल के किसान जीवन के रागों व रंगों से ही नहीं, खटटी-मीठी सच्चाइयों से भी जोड़ता है। इसीलिए आलोचक कहते हैं कि उनके साहित्यकार की रग-रग में किसानी का रंग समाया था। जैसे जीवट से किसान अपनी फसलों की दुनिया रचता है, वैसे ही वे साहित्य की दुनिया रचा करते थे। वे पटना में रहते रहे हों, दिल्ली अथवा मुंबई में, ग्रामीण जीवन के प्रति बेकली और उसकी स्मृतियों से कभी मुक्त नहीं हो पाये। उन्होंने लिखा भी हैः मैं हर दूसरे या तीसरे महीने शहर से भागकर अपने गांव जाता हूं, जहां घुटने से ऊपर धोती या तहमद उठाकर, फटी गंजी पहने, गांव की गलियों में, खेतों-मैदानों में घूमता रहता हूं। मुखौटा उतारकर ताजा हवा अपने रोगग्रस्त फेफड़ों में भरता हूं। सूरज की आंच में अंग-प्रत्यंग को सेंकता हूं।... झमाझम बरखा में दौड़-दौड़कर नहाता हूं। कमर भर कीचड़ में घुसकर पुरइन (कमल) और कोका (कोकनद) के फूल लोढ़ता हूं। उनके गंवईं व्यक्तित्व में ऐसी आत्मीयता थी कि वे अपरिचित को परिचित और परिचित को अपना बना लेते और छोटे-बडे.का भेद मिटा देते थे। इसीलिए उनको तीन पीढ़ियों को जोड़ने वाला सेतु कहा जाता है। वे ऐसे ऐक्टिविस्ट कथाकार थे, जिसे शिल्प की नवीनता, संवेदनात्मक विस्तार और विवेकपरकता से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं था। उन्होंने लोकप्रियता के शिखर भले ही कथाकार के रूप में छुए, साहित्य की दूसरी विधाओं को भी कुछ कम समृद्ध नहीं किया। अपने अनूठे रिपोर्ताजों के जरिए पत्रकारिता की भी कुछ कम श्रीवृद्धि नहीं की। बिहार की राजनीति, समाज-संस्कृति आदि को लेकर पत्र पत्रिकाओं के लिए स्तंभ लेखन भी किया। जैसे उनका कथा साहित्य, वैसे ही कविताएं भी उनकी स्मृतियों का ही दस्तावेज हैं। इनमें 'मेरा मीत सनीचर' कविता में कभी उनका सहपाठी रहार सनीचर जीवन के तमाम उतार-चढ़ावों के बाद एक दिन अचानक ट्रेन मे उनसे मिलता है तो दावे के साथ हांक-सी लगाता हैः 'अरे, फनीसरा, अब क्यों तू हम सबको पहचानेगा?' सुविदित है कि बीमारी के कारण उन्हें लम्बे समय तक अस्पताल में रहने के दौरान ही उन्हें अपनी सेवा-सुश्रूषा में लगी नर्स लतिका देवी से प्यार हुआ, जो उनके तीसरे विवाह तक जा पहुंचा।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पांचो तत्वों को मिला है देवता का दर्जा



संकलित
दर्शन

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम् की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

# गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित
प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

## धार्मिक जुलूस



अमृतसर में सोमवार को भगवान हनुमान की वेशभूषा में सजे भक्त, श्री हनुमान चालीसा परिवार सोसायटी द्वारा आयोजित धार्मिक जुलूस में भाग लेते हुए।

## आज की पाती

### चीन हमसे आगे कैसे निकल गया

हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे, लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश इससे पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों पट चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा देश जातिवाद, धर्म के नाम पर आरक्षण के दलदल में धंसता गया, मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति हमारे देश में फलने फूलने लगी, कृषि प्रधान होने के बावजूद देश में लोगों की रुचि कृषि से घटती गई, नागरिकों की भी रुचि चाईना के सामान की तरफ बढ़ती गई और सरकारों की गलत नीतियों के कारण चीन का व्यापार हमारे देश में मजबूत होता चला गया। उधर चीन मजबूत होकर उभरा। चीन से मुकाबले के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी। *- मदन पटेल, सरायपाली*

## ट्रेंड

### जैव विविधता का संरक्षण हो



आइए, आज विश्व वन्य जीव दिवस पर हम अपने ग्रह की अतुलनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है-आइए, भावी पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें! वन्यजीवों के संरक्षण के लिए भारत के योगदान पर गर्व है। **नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विफलता का थोक उत्पादन



मोदी सरकार में अगर कुछ थोक में 'मैन्युफैक्चर' (उत्पादन) हुआ है, तो वो है आर्थिक विफलता, बेरोजगारी, महंगाई और झूठ। अन्याय वाले कर हटाओ, एकाधिकार मिटाओ, बैंक के दरवाज़े खोलो, हुनर को हक़ दिलाओ। तब मज़बूत भारत का निर्माण शुरू होगा। **-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### यमुना जल्द साफ होगी



इस पवित्र धरा पर आकर मां यमुना महारानी का पूजन अर्चन किया है। गंगा-यमुना सब स्वच्छ हों। मैं यमुना की धरती को नमन करता हूं। यमुना की स्वच्छता के लिए अभियान चल रहा है।
**-ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

### खुद में सुधार करें इमरान



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को पाकिस्तान की तरक्की के लिए खुद में सुधार लाना होगा। पूर्व पीएम को गलतियों के बारे में सोचना चाहिए और उनकी पार्टी में सुधार की जरूरत है। **-शाहिद खाकान अब्बासी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री**

## करंट अफेयर

# इमरान को जेल में काल कोठरी में रखा गया है



पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में काल कोठरी में अलग-थलग रखा गया है। खान की पार्टी ने यह दावा किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के केंद्रीय सूचना सचिव शेख वकास अकरम ने यह दावा किया। उन्होंने दावा किया, 'इमरान खान को काल कोठरी में रखा गया है; उन्हें एकांत कारावास में रखा गया है। खान को दोषी ठहराए जाने से पहले ही विचाराधीन कैदी के रूप में काल कोठरी में रखा गया है।' उन्होंने यह भी दावा किया कि जिस कोठरी में खान को रखा गया, वह आतंकवादियों के लिए है। अकरम ने कहा कि यह शर्मनाक है कि पूर्व प्रधानमंत्री के साथ इस तरह का व्यवहार केवल उनके मनोबल को तोड़ने की नीयत से किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि तमाम मुश्किलों के बावजूद खान का मनोबल मजबूत है। अकरम ने कहा कि खान को राजनीतिक सहयोगियों और परिवार के सदस्यों सहित आगंतुकों से मिलने की अनुमति नहीं दी गई जो कानून के विपरीत है। कानूनन उन्हें वकीलों और करीबी रिश्तेदारों से मिलने का अधिकार है। उन्होंने यह भी दावा किया कि छह लोगों को खान से मिलने की अनुमति देने वाले अदालत के फैसले के बावजूद, अधिकारियों ने मुलाकात की अनुमति नहीं दी।

## ऑफ बीट

# रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है



चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं-जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

3- MARCH- K&C- MAIN- Pg- 7 RAJDHANI_Layout 1 3/4/2025 12:19 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### रीजन कॉन्फ्रेंस में सभी क्लबों को किया सम्मान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित एक होटल में रविवार को लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट की रीजन कॉन्फ्रेंस (उत्कर्ष) का आयोजन किया गया। रीजन कॉन्फ्रेंस में करीब 12 क्लबों के सदस्य शामिल हुए, जिन्हें उनके सेवा कार्यों के लिए रीजन चेयरमैन लायन संतोष गुप्ता ने सम्मानित किया। साथ ही श्री गुप्ता ने जोन चेयरपर्सन सुनील गुप्ता, संयुक्ता गांधी और पपिंदर कौर पुसरी को उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया। साथ ही आगामी प्रांतपाल विजय अग्रवाल एवं की-नोट स्पीकर त्रिलोक ने भी पिन लगाकर सम्मान प्रदान किया। सभा में सभी लायन साथियों को प्रथम बार रिपुदमन ने अपनी एसवीडीजी की पिन भेंट की। यह जानकारी लायन डॉ. निरंजन हरितवाल ने देते हुए बताया कि सभी क्लबों द्वारा किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों के पोस्टर के साथ बैनर प्रस्तुतिकरण कर वातावरण को भव्यता प्रदान की। साथ ही स्क्रैप बुक भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएमजेएफ विजय अग्रवाल, त्रिलोक बरड़िया, रिपुदमन पुसरी, शैलेश अग्रवाल, रंजना क्षेत्रपाल एवं अमरजीत दत्ता, दिवाकर अवस्थी आदि शामिल थे।

### जोरा में छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों का होली मिलन 11 को

**रायपुर।** विशाल नगर स्थित आर्टिस्टिको एंटरटेनमेंट कैंपस में रविवार को छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों का होली मिलन समारोह आयोजित है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को आयोजन समिति की बैठक हुई। जहां उपस्थित सदस्यों ने निर्णय लिया कि यह कार्यक्रम 11 मार्च शाम 4 बजे से सहाय फिल्म सिटी एंड स्टूडियो ग्राम जोरा में किया जाएगा। यह आयोजन न केवल रंगों का त्योहार मनाने का अवसर होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ी फिल्मी जगत के प्रशंसकों के लिए भी एक अनूठा मौका होगा, जिसमें फिल्मी परिवारों के सभी विधाओं के सदस्य एक छत की नीचे झूमते, नाचते, गाते एवं सूखे रंगबिरंगे गुलाल व फूलों से होली खेलते नजर आएंगे। इस कार्यक्रम में मनोरंजन, संगीत और नृत्य के साथ ही साथ, लजीज व्यंजनों के साथ आनंद लिया जा सकेगा। बैठक में संतोष जैन, राजीव श्रीवास्तव, योगेश अग्रवाल, मोहित साहू, डॉ अजय सहाय, नितेंद्र सिन्हा, दिनेश साहू, अरुण बागड़े, राजू नायक, राजा बरमाल, मज्जू भाई, इमरान खान, दिलीप नामपल्लीवार आदि शामिल थे।

### माना बस्ती के पंच-सरपंच ने ली शपथ

**रायपुर।** ग्राम पंचायत माना बस्ती में सोमवार को सरपंच-पंच का प्रथम सम्मेलन हुआ, जिसमें नवनिर्वाचित सरपंच सुनीता लेखू बैस ने पदभार ग्रहण किया, साथ ही सभी पंच ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित होने के पूर्व सभी नवनिर्वाचित पंचायत पदाधिकारी की उपस्थिति में पंचायत भवन में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और ग्राम के वरिष्ठ जनों को सम्मानित कर आशीर्वाद लिया। साथ ही ग्राम विकास की शपथ ली। सभी जनप्रतिनिधियों ने ग्राम विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# वेयर हाउस सहित कंट्रोलरूम में सालों से डंप जब्ती की शराब का होगा नष्टीकरण

## जिला आबकारी विभाग ने नष्टीकरण करने बनाया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी क्षेत्र में स्थित आबकारी विभाग के वेयर हाउस में बीते दिनों आग लगने की घटना में कई सालों की जब्ती बनाकर डंप की गई हजारों लीटर शराब की बोतलों के काटून जलकर खाक हो गए, वहीं बड़ी तादात में शराब की बोतलें भी टूट गईं।

इस घटना के बाद विभाग ने अब गोदाम में डंप जब्ती की शराब को नष्टीकरण करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसके लिए विभाग ने प्रस्ताव भी बना लिया है। इस प्रस्ताव में सिविल लाइन स्थित विभाग के कंट्रोल रूम में जब्त की गई डंप शराब को भी नष्ट किया जाएगा।



जिला आबकारी विभाग के वेयरहाउस के एक गोदाम में करीब दो सप्ताह पूर्व आग लग गई थी। आग इतनी भीषण लगी थी कि इस घटना में गोदाम में डंप शराब के सभी काटून जलकर खाक हो गए, वहीं बड़ी तादात में बोतलें भी टूट गईं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को गोदाम में लगे लोहे के दरवाजे को काटना पड़ा था। इस घटना के कारण गोदाम में शराब की बोतलें व कांच के टुकड़े बिखरे हुए हैं, जिसके कारण अब कोई भी कर्मचारी गोदाम के अंदर जाने से भी डर रहा है। विभाग ने गोदाम की हालत को देखते हुए अब डंप शराब को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए गोदाम में कितनी मात्रा में जब्ती की शराब रखी हुई थी। इसका आंकड़ा भी तैयार कर लिया गया है। वेयरहाउस के अलावा सिविल लाइन स्थित आबकारी विभाग के कंट्रोल रूम में अभी तक जब्त कर रखी गई शराब को भी विभाग नष्ट करने की तैयारी कर रहा है।

### 42 हजार लीटर शराब को किया जाएगा नष्ट

विभागीय अधिकारी के अनुसार वेयरहाउस और कंट्रोल में मिलाकर जब्ती की लगभग 42 हजार लीटर शराब डंप है। इसमें करीब 30 हजार लीटर से अधिक शराब वेयरहाउस और शेष शराब कंट्रोल रूम में डंप है। डंप शराब में विदेशी और देशी दोनों प्रकार की शराब हैं। वेयरहाउस में डंप शराब कई सालों पुरानी है, वहीं कंट्रोल रूम में पिछले कुछ सालों में जब्त की गई शराब है।

### जब्त की गई शराब अलग-अलग राज्य व ब्रांड की

गोदामों में डंप जब्ती की शराब प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों में बिकने वाली तथा अलग-अलग ब्रांड की हैं। इसमें मध्यप्रदेश, पंजाब, आंध्रप्रदेश, हरियाणा सहित अन्य राज्य शामिल है। इन राज्यों से अवैध रूप से शराब यहां खपाने के लिए मंगाई थी। विभाग ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए इन राज्यों की शराब के साथ कई आरोपियों को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

### अनुमति मिलते ही नष्टीकरण करेंगे

वेयरहाउस में आग लगने के बाद गोदाम में जब्ती की शराब के साथ कंट्रोल रूम में रखी शराब को अब नष्टीकरण किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दोनों स्थानों पर जब्ती की लगभग 42 हजार लीटर शराब रखी गई है। नष्टीकरण नियम प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। नष्टीकरण के लिए पुलिस विभाग से माना थाना परिसर को मांगा गया है।

- **रामकृष्ण मिश्रा,** जिला उपायुक्त, आबकारी विभाग

## अफसरों को स्टॉक में रखी दवाओं के बारे में जानकारी नहीं

# वन्यजीवों को बेहोश करने से लेकर होश में लाने के लिए कालातीत दवाओं का किया जा रहा उपयोग

### वन्यजीव प्रेमियों ने दोषी वन्यजीव चिकित्सक को निलंबित कर पीओआर दर्ज करने मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन विभाग के पास वन्यजीवों को बेहोश करने से लेकर होश में लाने की जितनी दवाएं हैं, वो सभी एक्सपायर हो चुकी हैं। एक दवा चार माह बाद एक्सपायर होने वाली है। वन अफसर इस स्थिति के लिए वन्यजीव चिकित्सक को दोषी बता रहे हैं। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2022 के बाद वन्यजीव चिकित्सक ने वन्यजीवों को ट्रैंक्यूलाइज करने के साथ ही होश में लाने वाली दवा ही नहीं मंगाई है। जानकार ऐसे में इसे वन्यजीव धरोहर को नुकसान पहुंचाने वाला कृत्य बताया है।

- **एक्टिवान के साथ थियानील भी हो चुका है एक्सपायर, एक अन्य दवा चार माह बाद हो जाएगी कालातीत**

जंगल सफारी के डायरेक्टर धम्मशील गनवीर के मुताबिक स्टॉक में कितनी दवाएं रखी हैं, इसकी विशेषज्ञ से जांच कराई जा रही है। अफसर जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे कार्यवाई करने की बात कह रहे हैं। वन्यजीव चिकित्सक डॉ. राकेश वर्मा के निलंबन तथा उनके खिलाफ पीओआर दर्ज करने के सवाल पर अफसर का कहना है कि हमने डॉक्टर को वन्यजीव से जुड़े सभी कार्यों से मुक्त कर इसकी जानकारी शासन को दे दी है। डॉक्टर के खिलाफ अफसर ने शासन के दिशा निर्देश के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही।



### दो वेटनरी डॉक्टरों की टीम कर रही जांच

वन्यजीव अफसरों के मुताबिक दवाओं की जांच करने वेटनरी के एडिशनल डायरेक्टर ने दो डॉक्टर दवाओं की जांच करने जंगल सफारी भेजा है। डॉक्टरों की टीम द्वारा दवाओं की जांच करने के बाद पता चल पाएगा कि वन्यजीवों के लिए रखी कितनी दवाएं कालातीत हो चुकी हैं।

### पीओआर दर्ज करने की तैयारी

सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविषा समाजदार के अनुसार बायसन की मौत की घटना गंभीर है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसके लिए एक्सपर्ट की राय ली जा रही है। डॉक्टर ने प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है। उनके खिलाफ सख्ती कार्रवाई की जाएगी। डॉक्टर के खिलाफ पीओआर दर्ज करने के सवाल पर वन अफसर का कहना है कि एक्सपर्ट की राय लेने के बाद डॉक्टर के खिलाफ पीओआर दर्ज की जाएगी।

### यह दवा हो चुकी है कालातीत

वनजीव चिकित्सक की मांग पर वन अफसरों ने दक्षिण अफ्रीका से कैप्टिवान के साथ ही एक्टिवान तथा थियानील ट्रैक्सोनील कांबो पैक दवा का आर्डर किए थे। उक्त दवा को दक्षिण अफ्रीका के वाइल्ड लाइफ फार्मास्यूटिकल्स कंपनी से तीनों दवाओं की एक दिसंबर 2022 को डिलीवरी दी गई थी। इनमें थियानील ट्रैक्सोनील अगस्त 2024 में तथा एक्टिवान मार्च 2024 में कालातीत हो चुकी है। कैप्टिवान जुलाई 2025 में एक्सपायरी होने जा रही है। ये तीनों दवाएं वन्यजीवों को ट्रैंक्यूलाइज करने के साथ होश में लाने की दवाएं हैं।

### दवा मंगाने की प्रक्रिया जटिल

वन्यजीवों को एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट करने के साथ ही गले में कॉलर आईडी लगाने तथा घायल वन्यजीवों को रेस्क्यू करने के समय ट्रैंक्यूलाइज करना पड़ता है। इसके लिए बेहोशी तथा होश में लाने के लिए ट्रैंक्यूलाइज गन से डॉट देना पड़ता है। इन दवाओं को दक्षिण अफ्रीका से मंगाने नारकोटिक्स डिपामर्टमेंट के कमिश्नर की अनुमति लेने के साथ ही कस्टम क्लीयरेंस कराने के साथ ही कई तरह की अनुमति लेनी पड़ती है। प्रक्रिया पूरी करने में पांच से छह माह का समय लग जाता है।

# मंत्रोच्चार-शंखनाद के बीच मीनल ने संभाली महापौर की कुर्सी

**रायपुर।** डेढ़ दशक बाद शहरी सत्ता में भाजपा की वापसी के साथ सोमवार को शहर की दूसरी महिला महापौर मीनल चौबे ने वैदिक रीति से आधा दर्जन पंडितों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच पूजा अर्चना कर महापौर की कुर्सी संभाली।



गांधी सदन में प्रवेश करने से पहले मुख्य द्वार पर बैंड बाजे के साथ भाजपा कार्यकर्ता और निर्वाचित पार्षदों ने उनका जोशीले अंदाज में बैंड बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आतिशबाजी का नजारा भी देखने को मिला। नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर शंखध्वनि के बीच पदभार संभाला। महापौर कक्ष में प्रवेश करते ही गुलाब की पंखुड़िया से उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाये। इससे पहले उन्होंने भूतल पर स्थित प्रथम पूज्य देव श्रीगणेश की मूर्ति का पूजन कर आशीर्वाद मांगा। विदित हो कि गांधी सदन में आने से पहले नवनिर्वाचित महापौर ने महादेवघाट स्थित हटकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

### मेयर कक्ष में महिलाओं की उमड़ी भीड़, सेल्फी लेने मची होड़

प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम की शहरी सरकार में नारी शक्ति को शीर्ष नेतृत्व मिलने की खुशी को साझा करने बड़ी संख्या में महिलाएं मेयर कक्ष में उमड़ पड़ीं। बुके लेकर स्वागत करने और नए महापौर को बधाई देते हुए सेल्फी लेने होड़ मची रही। पदभार ग्रहण करने पर महापौर चैंबर में पहुंचकर उन्हें गुलदस्ता प्रदान करने वालों में रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष जयंती पटेल, नगर निगम के पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, अशोक पांडे, छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष शताब्दि पांडे, नगर निगम के निर्वाचित पार्षद सूर्यकांत राठौर, मनोज वर्मा, अमर गिदवानी, महेन्द्र खोडियार, भोलाराम साहू, गोपेश साहू, गज्जू साहू, नंदकिशोर साहू, अजय साहू, अवतार-भारती बागल, संतोष-सीमा साहू, सरिता दुबे, गायत्री चंद्राकर, पुष्पा-रोहित साहू, सुमन पांडे, बब्बी सोनकर, श्वेता विश्वकर्मा, दीपक जायसवाल, साधना-प्रमोद साहू, आनंद अग्रवाल, आशु चंद्रवंशी, अंबर अग्रवाल, पूर्व पार्षद गोपी साहू सहित जन प्रतिनिधि वार्ड पार्षद सहित पूर्व पार्षद, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विषय संबंधित शिक्षक की लगा दी ड्यूटी, परीक्षा कक्ष में रोशनी नहीं, माशिमं ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की परीक्षाओं की शुरुआत सोमवार से हो गई। खबर लिखे जाने तक देर रात तक किसी प्रकार की नकल प्रकरण की सूचना परीक्षा केंद्र से मंडल को नहीं भेजी गई थी। उड़नदस्ता की टीम द्वारा सघन जांच जारी है। दसवीं की परीक्षाओं की शुरुआत हिंदी विषय से हुई। प्रथम दिवस नकल प्रकरण तो नहीं मिले, लेकिन अव्यवस्थाओं का आलम नजर आया। जिन स्कूलों में अव्यवस्थाएं अधिक पाई गईं वहां के प्राचार्य और केंद्राध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

कई विद्यालयों में बैठक व्यवस्था पर आपत्ति दर्ज करते हुए तत्काल सुधार करने का निर्देश केन्द्राध्यक्ष को दिया गया है। जिस विषय की परीक्षा ली जाती है, उस विषय के शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा कक्ष में नहीं लगाने का नियम हे। यह व्यवस्था इसलिए की जाती है ताकि शिक्षक विषय जानकार नहीं होने के कारण छात्रों की मदद ना कर सके। नियम का पालन ना करते हुए राजधानी के एक निजी व एक शासकीय विद्यालय में विषय शिक्षक की ही ड्यूटी लगा दी गई। इसे लेकर केंद्राध्यक्षकों को नोटिस जारी किए जाने के साथ ही फटकार भी पड़ी।

### तीन स्तर पर उड़नदस्ता गठन

उड़नदस्ते की टीम तीन स्तर पर गठित की गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा उड़नदस्ते की टीम गठित किए जाने के साथ ही जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा भी उड़नदस्ता टीम गठित की गई है। जिला प्रशासन स्तर पर आकस्मिक जांच की व्यवस्था है। रायपुर में एक भी संवेदनशील केंद्र नहीं हैं। जिन जिलों में संवेदनशील केंद्र हैं, वहां अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है।

### जानिए कहां, कैसी अव्यवस्था

- बिन्नीबाई स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल भाठागांव में निरीक्षण दौरान पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षार्थियों के उत्तर पुस्तिका में समस्त कॉलम को पूर्ण व सही-सही भरने के बाद ही अपना हस्ताक्षर कर अपना नाम पदनाम लिखें। कई विद्यार्थियों ने अपनी उत्तरपुस्तिका में संपूर्ण जानकारी नहीं भरी थी, इसके बाद भी पर्यवेक्षकों द्वारा हस्ताक्षर कर दिए गए थे।
- भारत माता हायर सेकण्डरी स्कूल रायपुर में निरीक्षण दौरान पाया गया कि बैठक व्यवस्था सही नहीं थी। परीक्षा विषय से संबधित शिक्षक की डयूटी लगाई गई थी जिस पर आपत्ति दर्ज करते हुए माशिम सचिव पुष्पा साहू ने तत्काल व्यवस्था को दुरूस्त करने की चेतावनी देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देशित किया गया।
- वामनराव लाखे हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक-2 हीरापुर में वीक्षक डयूटी पर शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों को नियुक्त करने निर्देशित किया गया।
- हायर सेकण्डरी स्कूल गुमा के केन्द्राध्यक्ष को भी निर्देशित किया गया कि विषय से संबंधित शिक्षकों की डयूटी न लगाई जाए। यहां बैठक व प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

# कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री गैंदू से ईडी ने दूसरी बार की छह घंटे पूछताछ

**रायपुर।** शराब घोटाले के पैसों से सुकमा तथा कोंटा में कांग्रेस भवन निर्माण कराने के आरोप में ईडी ने कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू को सोमवार को दूसरी दफा पूछताछ करने तलब किया। कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री सात पन्नों का जवाब लेकर ईडी कार्यालय में उपस्थित हुए। ईडी ने गैंदू से शराब घोटाले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से जुड़े सवाल किए। कांग्रेस भवन निर्माण को लेकर मलकीत सिंह गैंदू से ईडी ने तीन बिंदुओं पर पूछताछ की। छह घंटे की पूछताछ के बाद वह बाहर निकले।

- **मलकीत सिंह गैंदू सात पन्नों का जवाब लेकर पहुंचे ईडी कार्यालय**

पूछताछ को लेकर कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री ने बताया कि सात पन्नों के जवाब के साथ ईडी के समक्ष वे पेश हुए। गैंदू के अनुसार ईडी ने उनसे कोई निजी सवाल नहीं पूछे। गैंदू के अनुसार उन्होंने ईडी के सभी सवालों का जवाब देने के साथ अपना बयान दर्ज कराया है। फिलहाल ईडी ने गैंदू को पूछताछ के लिए कोई नई तारीख नहीं दी है। ईडी कार्यालय से निकलने के बाद गैंदू प्रदर्शन में शामिल हुए और पीसीसी चीफ दीपक बैज को ईडी की पूछताछ को लेकर जानकारी दी।

### भ्रष्टाचार के पैसों से बना भवन

ईडी ने आरोप लगाया है कि सुकमा तथा कोंटा में शराब घोटाले के पैसों से कांग्रेस भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण करने निर्धारित बजट से ज्यादा खर्च किए जाने का ईडी ने आरोप लगाया है। ईडी के आरोपों के अनुसार शराब घोटाले के आरोपी कवासी लखमा ने भ्रष्टाचार के पैसों को कांग्रेस भवन निर्माण के लिए राशि दी थी।

### पौने दो करोड़ से ज्यादा खर्च

सुकमा और कोंटा में कांग्रेस भवन निर्माण में पौने दो करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। ठेकेदार को सुकमा में भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 36 लाख रुपए का भुगतान किया गया है, जबकि कोंटा के लिए 50 लाख रुपए दिए गए। जिस ठेकेदार ने सुकमा व कोंटा में पार्टी कार्यालय बनाया है, उसने बस्तर संभाग के कुछ और जिलों में भी पार्टी कार्यालय का निर्माण किया है। उस संबंध में भी ईडी ने जांच शुरू कर दी है।

### बार कौसिल के शपथ पत्र नहीं देने पर हाईकोर्ट नाराज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बार काउंसिल में पिछले 6 सालों से चुनाव नहीं होने को लेकर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने 18 फरवरी 2025 को हुई सुनवाई के बाद दिए आदेश के परिपालन के बारे में पूछा और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अधिवक्ता के माध्यम से शपथपत्र दाखिल नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। इस मामले को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने इसे स्वतः संज्ञान में लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई प्रारंभ की है। अगली सुनवाई 6 मार्च 2025 को होगी। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बैंच में सोमवार को सुनवाई के दौरान पूर्व आदेश में राज्य बार काउंसिल ऑफ छत्तीसगढ़ और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सचिव से मांगे गए हलफनामे के बारे में जानकारी ली गई। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सचिव द्वारा शपथ पत्र नहीं मिलने की बात कहने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। दरअसल 18 फरवरी 2025 को सुनवाई में डिवीजन बेंच ने आदेश दिया था कि नियमों/अधिसूचनाओं या बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा बीसीआई नियमों में लाए गए किसी भी संशोधन को ठीक से पढ़ें और अगली सुनवाई की तिथि पर उचित प्रस्तुतिकरण करें, ताकि चुनाव कार्यक्रम अद्यतन नियमों/ अधिसूचना के अनुसार तैयार किया जा सके।






बिलासपुर, मंगलवार 4 मार्च 2025
haribhoomi.com



उच्च शिक्षा में लाखों का घोटाला

# डिजिटल सिग्नेचर कॉपी कर लगाते रहे विभाग को चूना, लपेटे में रुसा भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में लाखों का घोटाला सामने आया है। पूरा घोटाला डिजिटली हुआ है। जांच के लिए आई उच्च शिक्षा विभाग की टीम सोमवार सुबह से ही कागजों और दस्तावेजों की जांच करती रही, लेकिन वर्षों से चल रहे घोटाले की तफ्तीश देर रात तक भी पूरी नहीं हो सकी। टीम अब मंगलवार को फिर से जांच के लिए जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग में डिजटली घोटाले का यह अपनी तरह का पहला मामला है। यहां के एक कर्मचारी आकाश श्रीवास्तव पर घोटाले का आरोप लगा है। जांच के दायरे में रुसा को भी ले लिया गया है। अंदरूनी सूत्रों के प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम तक हुई जांच में लगभग 15 लाख की धोखाधड़ी की पुष्टि हो गई है। जांच आगे बढ़ने के बाद घोटाले की राशि में वृद्धि संभावित है।

- सोमवार को पूरे दिन चलती रही जांच, फिर भी पूरी नहीं हो पाई तफ्तीश

दरअसल, कर्मचारियों का वेतन जारी करने डिजिटल सिग्नेचर का इस्तेमाल होता है। उच्च शिक्षा विभाग के साइंस कॉलेज परिसर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी आकाश श्रीवास्तव के पास उच्च शिक्षा संचालनाय के आयुक्त के डिजिटल हस्ताक्षर थे। इसी हस्ताक्षर का प्रयोग कर वह उच्च शिक्षा विभाग को उस कर्मचारी के वेतन के लिए प्रतिमाह पत्र प्रेषित करता रहा, जो वहां कार्यरत ही नहीं था। उक्त कर्मचारी रूसा अर्थात राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान में कार्यरत है। उसे रूसा कार्यालय से वेतन प्राप्त होता है, लेकिन आरोपी ने उसे उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत बताकर उसका वेतन जारी करने भी विभाग को नियमित रूप से पत्र लिखा। इसके लिए उसने आयुक्त के डिजिटल हस्ताक्षर के प्रयोग किए।

## खत्म होगी दूसरे राज्यों पर निर्भरता जांच क्षमता दोगुनी और सही समय पर मिलेगी फूड-ड्रग सैंपलों की रिपोर्ट

**रायपुर**। मल्टीविटामिन, प्रोटीन, मसाले, तेल सहित कई तरह की जांच के लिए दूसरे राज्यों पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की निर्भरता खत्म हो जाएगी। इसके अलावा त्योहारी सीजन में लिए जाने वाले खाद्य सैंपलों की रिपोर्ट सही समय पर मिलने से कार्रवाई की प्रक्रिया ढीली नहीं होगी। जांच की क्षमता दोगुनी होने से निरीक्षक ज्यादा से ज्यादा इलाकों में जाकर अपनी जांच पूरी कर पाएंगे। राज्य शासन इंटीग्रेटेड खाद्य एवं परीक्षणशाला बनाने के लिए 45 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है। यह लैब नवा रायपुर में बनाया जाएगा, जिससे विभागीय टीम अपनी दोगुनी क्षमता के साथ काम कर पाएगी। वर्तमान में खाद्य एवं औषधि प्रशासन का लैब छोटी जगह पर संचालित होता है, जहां जांच की क्षमता भी सीमित है। प्रदेशभर से आने वाले सैंपलों की जांच की जिम्मेदारी होती है। त्योहारी सीजन अथवा किसी अभियान के दौरान जब विभिन्न जिलों से सैंपल लैब पहुंचते हैं, तो वहां पेंडेंसी बढ़ जाती है और जांच के बाद रिपोर्ट जब तक मिलती है तब तक त्योहार को बीते कई महीने हो जाते हैं। इसके अलावा कई तरह की जांच के लिए टीम को दूसरे राज्यों पर निर्भर होना पड़ता है। खासकर संवेदनशील मामलों में रिपोर्ट का इंतजार लंबा होने की वजह से जांच प्रभावित होती है। नया लैब बनने के बाद इस तरह की तमाम समस्याओं का समाधान हो जाएगा। नवा रायपुर में स्थापित होने वाला लैब बड़ा होगा, नए उपकरण से जांच क्षमता भी दोगुनी हो जाएगी और संबंधित अधिकारी को भेजे गए सैंपलों की रिपोर्ट भी सही समय पर मिल जाएगी।

### लग जाता है महीनाभर

खाद्य अथवा औषधि प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के बाद लिए गए सैंपल जांच के लिए भेजे जाते हैं। इनकी रिपोर्ट आने में पंद्रह से महीनेभर का वक्त लग जाता है। पिछले दिनों राजधानी में पकड़े गए पनीर और कबीरधाम में पत्थर का चूरा मिले मिलावटी गुड़ की जांच सैंपल रिपोर्ट के इंतजार में अटकी रही है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

*अंतरिम जमानत मिलने के बाद ईओडब्लू ने डीएमएफ घोटाला मामले में रानू, सौम्या, सूर्यकांत को किया गिरफ्तार*

# कोल घोटाला मामले में रानू, सौम्या, सूर्यकांत, विश्नोई सहित 12 को सुप्रीम कोर्ट से जमानत, बावजूद इसके राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोल घोटाला मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर रही सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी सहित 12 लोगों को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी है।

बावजूद इसके इनको जमानत का लाभ नहीं मिल पाएगा। इसकी वजह दोनों आईएएस, राज्य प्रशासनिक सेवा के पूर्व अफसर तथा सूर्यकांत को ईओडब्लू ने स्पेशल कोर्ट में अर्जी दायर कर डीएमएफ घोटाला मामले में गिरफ्तार कर छह मार्च तक पूछताछ करने रिमांड पर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी को एसीबी द्वारा दर्ज कोल घोटाला मामले में अंतरिम जमानत दी है। निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का भी मामला दर्ज है।



आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में सौम्या चौरसिया पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुकी है। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में रानू तथा विश्नोई की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। डीएमएफ घोटाला मामले में उनकी पूर्व में ही गिरफ्तारी हो चुकी है।

### इन्हें दी गई अंतरिम जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर बिश्नोई, निलंबित राज्य प्रशासनिक सेवा अफसर सौम्या चौरसिया, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी के अलावा शिवशंकर नाग, दीपेश टांक, हेमंत जायसवाल, राहुल कुमार सिंह, चंद्रप्रकाश जायसवाल, शेख मोइनुद्दीन कुरैशी, रोशन कुमार सिंह और संदीप कुमार नाग को अंतरिम जमानत दी है।

### गवाहों को प्रभावित करने पर जमानत रद्द

आरोपियों को जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि आरोपी गवाहों को प्रभावित करने के साथ सबूतों के साथ छेड़छाड़, जांच में बाधा डालने की कोशिश करता है, ऐसी स्थिति में राज्य शासन सुप्रीम कोर्ट में जमानत रद्द करने आवेदन पेश कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ऐसी स्थिति में आरोपियों की अंतरिम जमानत रद्द कर सकती है।

### जांच में देर इसलिए जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जांच प्रक्रिया लंबी चलेगी। इस वजह से बगैर किसी जल्दबाजी के आरोपियों को अंतरिम जमानत दी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों को जमानत देते हुए उचित आचरण बनाए रखने के साथ ही अदालत के निर्देशों का सख्ती से पालन करने आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह आरोपियों के आचरण की रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि मामले की जांच में पारदर्शिता बनी रहे।

## आज होगा 76 जनपद अध्यक्षों का चुनाव

# 16 जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव कल, भाजपा को छह में निर्विरोध के साथ सभी में जीत का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंचायत चुनावों में अब मंगलवार से जनपद अध्यक्षों के साथ जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव प्रारंभ हो रहा है। पहले दिन मंगलवार को तो 76 जनपद अध्यक्षों का चुनाव होगा, इसके बाद यह क्रम 12 मार्च तक लगेगा। बुधवार को 16 जिला पंचायतों में अध्यक्ष और उपाध्यक्षों का चुनाव होना है। भाजपा को छह जिलों में अध्यक्षों के निर्विरोध चुने जाने के साथ ही सभी 16 जिलों में भाजपा के अध्यक्ष बनने का भरोसा है।

पंचायत चुनाव में नतीजों के बाद भाजपा और कांग्रेस लगातार जिला पंचायतों में जीत का दावा कर रही है। एक तरफ जहां भाजपा का सभी जिला पंचायतों में जीत का दावा है, वहीं कांग्रेस भी दो दर्जन से ज्यादा जिलों में जीत का दावा कर रही है। पंचायत चुनाव के भाजपा के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह का कहना है, पंचायत चुनाव में जिला पंचायतों के सदस्यों के चुनाव में भाजपा को 31 जिलों में बहुमत मिल गया है। ऐसे में 31 जिलों में तो भाजपा के जिलाध्यक्ष बनने तय हैं। इसी के साथ रायपुर और सुकमा में हम बराबरी पर हैं। इनमें भी हमारा प्रयास भाजपा के जिलाध्यक्ष बनाने का रहेगा।



### यहां निर्विरोध जीत का भरोसा

भाजपा को छह जिलों मुंगेली (अनारक्षित मुक्त), जांजगीर चांपा और दुर्ग (अनुसूचित जाति महिला), गरियाबंद (अनुसूचित जाति मुक्त), मोहला मानपुर और नारायणपुर (अनुसूचित जनजाति मुक्त) में निर्विरोध जीत का भरोसा है।

### इन जिलों कल होगा चुनाव

जिला पंचायत के जिन 16 जिलों में बुधवार को चुनाव होना है, उनमें कोरिया, जशपुर, कोरबा, दंतेवाड़ा अनुसूचित जनजाति मुक्त है। यहां पर महिला या पुरुष कोई भी चुनाव लड़ सकता है। कोरिया में अध्यक्ष के लिए भाजपा के संभावित प्रत्याशी मोहित पैकरा हैं। सक्ती जिला अनारक्षित मुक्त, बेमेतरा अनारक्षित महिला, कांकेर, बस्तर, बीजापुर अनुसूचित जनजाति महिला, खैरागढ़ अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है। इन सभी में भाजपा को जीत का भरोसा है। सक्ती में अध्यक्ष के लिए भाजपा की संभावित प्रत्याशी विद्या सिदार, जांजगीर चांपा में सतलता मिरी हैं।

# आचार संहिता हटी, फिर भी काम में तेजी नहीं, इसलिए नामांतरण अटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आचार संहिता हटे एक सप्ताह हो गया है। इसके बाद तहसील कार्यालयों में कामकाज भी शुरू हो गया, लेकिन प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने वाले सैकड़ों प्रकरण अभी भी अटके हुए हैं। लंबित प्रकरणों में सैकड़ों प्रकरण तो एक से दो महीने से अधिक समय से लंबित हैं। लंबे समय से नामांतरण नहीं होने के कारण अब रजिस्ट्री कराने वाले लोगों की चिंता और परेशानी बढ़ गई है। वे लगातार तहसील कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, क्योंकि तहसील कार्यालय से नामांतरण होने के बाद ही नगर निगम से नामांतरण कराना होता है, जिसमें करीब डेढ़ महीने का और वक्त लगता है।

रायपुर जिले में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कारण आचार संहिता लागू रही, वहीं तहसीलदार, नायाब तहसीलदार से लेकर पटवारी तक चुनाव ड्यूटी में लगे रहे। इस कारण तहसील कार्यालयों में राजस्व संबंधित कामकाज के साथ नामांतरण का काम भी प्रभावित रहा। हालांकि नामांतरण के काम प्रभावित होने का एक और कारण पटवारियों का आंदोलन रहा।

### हर दिन औसतन 150-200 रजिस्ट्री हो रही

रायपुर जिले के पंजीयन कार्यालय में हर दिन औसतन 150-200 रजिसट्रियां होती हैं। इस तरह पिछले कुछ महीनों में हजारों रजिसट्रियां हुई हैं। रजिस्ट्री होने के एक-दो दिन के भीतर ही पंजीयन विभाग के पोर्टल से रजिस्ट्री के सारे दस्तावेजों को तहसीलदारों के पोर्टल पर ट्रांसफर कर दिया जाता है, जिसके बाद इन दस्तावेजों के आधार पर नामांतरण किए जाते हैं। हालांकि नामांतरण के लिए पटवारियों के डिजिटल साइन रिपोर्ट की भी जरूरत पड़ती है। सूत्रों के अनुसार अभी तक नामांतरण के ऐसे सैकड़ों प्रकरण हैं, जिनमें पटवारियों के डिजिटल साइन रिपोर्ट भी दी नहीं गई है। इस तरह तहसीलदारों एवं पटवारियों के धीमी गति से किए जा रहे कार्यों के कारण आम लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

# शहर की 32 पानी टंकियों से आज शाम नहीं मिलेगा पानी

**रायपुर**। फिल्टर प्लांट के रॉ वाटर पाइप लाइन में केनाल रोड के पास लीकेज मरम्मत कार्य 4 मार्च को किया जायेगा। मरम्मत कार्य के कारण नगर निगम का जल विभाग मंगलवार को 10 घंटे का शटडाउन लेगा। इस वजह से शहर की 32 पानी टंकियों में मंगलवार शाम जल आपूर्ति नहीं होगी।

सुबह की नियमित जल आपूर्ति के बाद पाइप लाइन लीकेज मरम्मत का कार्य शुरू होगा। मरम्मत पूरी होने के बाद बुधवार सुबह सभी टंकियों से नियमित रूप से जल प्रदाय व्यवस्था शुरू हो जायेगी। दरअसल, 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट के 1400 एमएम व्यास की रॉ वाटर पाइप लाइन में केनाल रोड के पास लीकेज हो गया है, जिससे पानी अंदर की ओर निकल रहा है। मंगलवार को लीकेज मरम्मत करने 10 घंटे का शटडाउन लिया जायेगा। जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र ने बताया कि चूंकि केनाल रोड शहर का व्यस्त मार्ग है, इसलिए सोमवार की रात से ही स्पॉट पर कंक्रीट का कवर तोड़ने का कार्य कराया जायेगा। सुबह के समय हैवी ट्रैफिक की वजह से लोगों को आवागमन में दिक्कत होगी, इसलिए रात में ही कंक्रीट का कवर तोड़कर मंगलवार सुबह नियमित जल आपूर्ति देने के बाद पाइप लाइन लीकेज मरम्मत कार्य कराया जायेगा।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/845 Korba West, dtd. 28-02-2025
**e-Bidding TENDER NOTICE No. 1325/2025.**
**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100041568 | Deployment of one no. vehicle (Cat-SUV) for round the clock shift duty in three shift at HBHPS, Machadoli" on hiring basis for a period of 12 months for average run of 2000 km per month along with driver ,fuel, lubricants, consumables, Maintenance etc. | 590/- | 10,545/- | 21.03.2025 |
| 2. | Rfx No. 8100041594 | Supply and Installation of Split AC-03 Ton, 1.5 Tons & 2.0 Ton capacity along with copper tube & Voltage Stabilizer for MCR-1 (UPS Room), Plant, colony Telephone Exchange and control room of CHP:INT., 4x210 MW/1x500 MW, HTPS, CSPGCL, Korba West. | 590/- | 7,615/- | 21.03.2025 |

NOTE: - 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in– e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION
SUPERINTENDING ENGINEER (P-I) O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P) HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

# घायल युवक को बीएसएफ के जवानों ने सीपीआर देकर जान बचाई



**दिल की धड़कन लौटाने सीपीआरः** जब घटना घटित हुई, उसी समय बीएसएफ के जवान अपनी गाड़ी से नवा रायपुर की तरफ जा रहे थे। जवानों ने अपनी गाड़ी रोकी और युवक के दिल की धड़कन की जांच की। युवक का दिल धड़कना बंद हो गया था। दिल की धड़कन बंद होने पर बीएसएएफ के जवानों ने युवक को मौके पर सीपीआर देकर दिल की धड़कन लौटाने में मदद की।

**रायपुर**। नया रायपुर में एक युवक तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। रास्ते से गुजर रहे बीएसएफ के जवानों ने अपनी गाड़ी रोक कर युवक को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देकर जान बचाई। युवक को सीपीआर देने के बाद बीएसएफ के जवानों ने घटना की जानकारी डॉयल 112 को दी। डॉयल 112 के पहुंचने में देर होने पर जवानों ने युवक को एंबुलेंस की मदद से एक निजी अस्पतार उपचार के लिए रवाना किया। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना राखी थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने इस संबंध में अब तक किसी भी प्रकार की सूचना नहीं मिलने की बात कही। बीएसएफ जवानों द्वारा युवक को सीपीआर देने का वीडियो वायरल हुआ है। दोपहर 11 से 12 के बजे के बीच नवा रायपुर के सुनसान रास्ते में एक युवक तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए आ रहा था। इसी दौरान मोड़ के पास बैलेंस बिगड़ने से युवक अपनी बाइक कंट्रोल नहीं कर पाया और वह बाइक सहित डिवाइडर में जाकर टकरा गया।

**कार्यालय, नगरपालिक निगम**
**चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी - भरतपुर (छ.ग.)**
क्र./4988/तक. -11 / न.पा.नि./2024-25, चिरमिरी, दिनांक 25.02.2025
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
नगरपालिक निगम चिरमिरी के लोक निर्माण एवं भवन अनुज्ञा / स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग/ जल कार्य/ विद्युत - यांत्रिकी/ सामान्य प्रशासन/ उद्यानिकी/ अग्निशमन/ परिसम्पतियों का रख-रखाव/ ई-गवर्नेस परियोजना विभाग हेतु उच्च कुशल/ कुशल / अर्द्धकुशल/ अकुशल श्रमिक प्रदाय हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 165184 | नगरपालिक निगम चिरमिरी के लोक निर्माण एवं भवन अनुज्ञा/ जल कार्य/ विद्युत- यांत्रिकी/ सामान्य प्रशासन/ अग्निशमन/ परिसम्पत्तियों का रख-रखाव/ ई-गवर्नेस परियोजना विभाग हेतु उच्च कुशल / कुशल / अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिक प्रदाय (91 श्रमिक) | 166.67 | 1,25,050/- | 01 वर्ष |
| 165192 | नगरपालिक निगम चिरमिरी के उद्यानिकी विभाग हेतु अकुशल श्रमिक प्रदाय 40 श्रमिक) | 66.00 | 49,500/- | 01 वर्ष |
| 165194 | नगरपालिक निगम चिरमिरी के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग हेतु अकुशल श्रमिक प्रदाय (93 श्रमिक) | 153.46 | 1,15,100/- | 01 वर्ष |
| 165197 | नगरपालिक निगम चिरमिरी के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग हेतु "स्वच्छता कमाण्डो" (अकुशल श्रमिक – 25 श्रमिक) प्रदाय | 41.25 | 30,950/- | 01 वर्ष |


उपरोक्तानुसार निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in मे देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।
**आयुक्त नगरपालिक निगम चिरमिरी**
**जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)**

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
No.15-06/S&P/Advertisement/589 Marwa, dtd.27-02-2025
**ADVERTISEMENT**
**"Walk-in-Interview" of Medical Officer on Daily Wages Basis"**
Chhattisgarh State Power Generation Co. Ltd. Invites application for appointment of Two Nos. Medical Officer on Daily Wages Basis for a period of 60 days for, Atal Bihari Vajpayee Thermal Power Station, CSPGCL Marwa, District Janjgir-Champa (C.G.)

| S.N. | Item | Description |
|---|---|---|
| 1. | Job Profile | Medical Officer (Daily Wages) shall be posted at ABVTPS, CSPGCL Marwa District- Janjgir-Champa (C.G.) |
| 2. | Qualification | MBBS Degree from recognized University. Preference shall be given to the candidates having:- (a) Certificate Course in Industrial Health & Safety of minimum 03 -month duration. (b) Diploma in Associate Fellowship in industrial Heath (AFIH) |
| 3. | Age Limit | Maximum 65 years as on 01/01/2025 |
| 4. | Tenure of Contract | Medial Officer (Daily Wages) initially shall be for a period of 60 days only on purely temporary basis. |
| 5. | Daily Wages Amount | The Medical Officer shall be appointed in the fixed remuneration of Rs 3700/- per Day for Graduate Doctors and Rs. 5600/- per Day for Specialist Doctor (Post Graduate) |
| 6. | Selection Process | Selection will be based on experience and suitability for the job to be judged through Walk-In-Interview. |
| 7. | Date of interview, Time and Venue | **Date:-18.03.2025(Tuesday)** **Reporting Time:-** 10.00AM **Time of Interview:-** 10.30 AM to Onward **Place:** O/o Addl.C.E.(S&P), Central wing, Administrative Building, ABVTPS, CSPGCL, Marwa, Janjgir-Champa(C.G.), Pin-495669 |

Candidates are requested to visit the site for detailed information about job requirement and submit one set of self attested documents along with dully filled application form on the date of interview.
**Terms & Conditions:-(1)**For more details, Application Form, Terms & Condition and Other Conditions, Scope of work etc., please visit our website:- https://cspc.co.in/cspc/recruitment. (2) Application form may also be obtained from the office of the undersigned.(3) Fax/Telegraphic application will not be accepted.**(4)** Any Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.
**Superintending Engineer (Contract)**
**O/o The Addl. Chief Engineer (S&P)**
**ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa**
// SAVE ELECTRICITY //

## शब्द पहेली - 5796



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5795 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5806

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5805 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

3- MARCH- K&C- MAIN- Pg- 9 VAIYAPAR_Layout 1 3/3/2025 11:56 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 87.34 प्रति डॉलर



**मुंबई।** विदेशों में डॉलर के कमजोर होने तथा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे मजबूत होकर 87.34 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अस्थिर घरेलू शेयर बाजारों और विदेशी कोषों की निरंतर निकासी के कारण निवेशक बहुत अधिक उत्साहित नहीं दिखे।

### हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री फरवरी में 17 फीसदी घटी



**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि फरवरी में उसकी कुल बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत घटकर 3,88,068 इकाई रह गई। कंपनी ने पिछले साल फरवरी में 4,68,410 इकाइयां बेची थीं। दोपहिया वाहन विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने डीलरों को घरेलू आपूर्ति 3,57,296 इकाई रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 4,45,257 इकाई था।

### लेलैंड की बिक्री फरवरी में दो प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड ने बताया कि फरवरी में उसकी कुल बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 17,903 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल फरवरी में 17,632 इकाइयां बेची थीं। अशोक लेलैंड ने एक बयान में कहा कि उसकी घरेलू बिक्री सालाना चार प्रतिशत घटकर 15,879 इकाई रह गई, जो फरवरी 2024 में 16,619 इकाई थी। घरेलू बाजार में मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 10,110 इकाई रही। जो सालाना आधार पर सात प्रतिशत कम है। कंपनी ने कहा कि फरवरी में हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 5,769 इकाई हो गई।

### सीमेंट की सालाना मांग 64 करोड़ टन के पार जाएगी

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2029-30 तक सीमेंट की सालाना मांग 64 करोड़ टन को पार कर जाने की उम्मीद है। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने एक निवेशक प्रस्तुति में यह अनुमान लगाया है। उद्योग के अनुमानों और शोध रिपोर्ट का हवाला देते हुए कंपनी ने उम्मीद जताई कि वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2029-30 के बीच सीमेंट की मांग में सालाना सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि होगी।

### दो कंपनियों को मिला नवरत्न का दर्जा

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) का दर्जा देने को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) रेल मंत्रालय का एक उपक्रम है। वित्त वर्ष 2023-24 में इसका वार्षिक कारोबार 4,270.18 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 1,111.26 करोड़ रुपये था।
बयान में कहा गया कि आईआरएफसी (भारतीय रेलवे वित्त निगम) रेल मंत्रालय का एक उपक्रम है। वित्त वर्ष 2023-24 में इसका वार्षिक कारोबार 26,644 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 6,412 करोड़ रुपये था।

# कर्ज लेने वाली महिलाओं की संख्या पांच साल में 22 फीसदी बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में कर्ज लेने वाली महिलाओं की संख्या पिछले पांच वर्षों में 22 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ी है, जिनमें से अधिकांश कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं के ऋण का बड़ा हिस्सा उपभोग की मांग को पूरा करने के लिए था और तुलनात्मक रूप से व्यवसायों के लिए कम कर्ज लिया गया। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी वी आर सुब्रमण्यम ने 'भारत में वित्तीय वृद्धि की कहानी में महिलाओं की भूमिका' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट जारी की।

## कर्ज लेने वाली अधिकांश महिलाएं कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों से

### महिलाएं अब कारोबारी कर्ज ले रही

एक बयान के मुताबिक, 'भारत में ऋण लेने वाली महिलाओं की संख्या वर्ष 2019 और 2024 के बीच 22 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से बढ़ी है। जहां उपभोग ऋण महिला उधारकर्ताओं द्वारा लिया जाने वाला पसंदीदा उत्पाद बना हुआ है वहीं अब अधिक महिलाएं कारोबारी कर्ज भी ले रही हैं।'



### व्यवसायों के वित्तपोषण के लिए सिर्फ 3 फीसदी ऋण

रिपोर्ट कहती है कि 2024 में व्यवसायों के वित्तपोषण के लिए महिलाओं ने सिर्फ तीन प्रतिशत कर्ज लिया जबकि व्यक्तिगत ऋण, उपभोक्ता टिकाऊ ऋण, गृह स्वामित्व जैसे व्यक्तिगत वित्त उत्पादों के लिए 42 प्रतिशत और सोने के बदले 38 प्रतिशत कर्ज लिए गए।

### महिलाओं की जरूरतों के अनुरूप उत्पादों की हो डिजाइन

सुब्रमण्यम ने कहा, "समान वित्तीय पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। महिलाओं की जरूरतों के अनुरूप समावेशी उत्पादों को डिजाइन करने में वित्तीय संस्थानों की भूमिका, साथ ही संरचनात्मक बाधाओं को दूर करने वाली नीतिगत पहल, इस गति को बढ़ाने में सहायक होगी।"

### युवा पीढ़ी कर्ज की निगरानी में अग्रणी

एमएससी के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार शर्मा ने कहा, "यह महानगरों से परे एक गहरी वित्तीय छाप को रेखांकित करता है। इसके साथ ही महिलाओं की युवा पीढ़ी अपने कर्ज की निगरानी में भी अग्रणी है। इस अवसर पर सुब्रमण्यम ने कहा कि सरकार मानती है कि वित्त तक पहुंच महिला उद्यमिता के लिए एक बुनियादी सक्षमता है।

## कंपनी ने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों का किया उल्लंघन

# आरबीआई दिशानिर्देशों के उल्लंघन को लेकर ईडी ने पेटीएम को दिया 611 करोड़ का नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों के 'उल्लंघन' के लिए पेटीएम की मूल कंपनी, उसके प्रबंध निदेशक और उससे जुड़ी इकाइयों को 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

**कंपनी से जुड़ी इकाइयों को कारण बताओ नोटिस दिया गया**

पेटीएम की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी के संस्थापक विजय शेखर शर्मा, इसके चेयरमैन, प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं। यह नोटिस न्यायिक कार्यवाही शुरू होने से पहले जांच एजेंसी के एक विशेष निदेशक ने जारी किया है।

### 611 करोड़ रुपए का नोटिस

पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी कानून और नियामकीय प्रक्रियाओं के अनुसार मामले के समाधान के लिए काम कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने बयान में कहा कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए पेटीएम की प्रमुख कंपनी वन97 कम्युनिकेशन लि. (ओसीएल), इसके प्रबंध निदेशक और लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लि. और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लि. जैसी पेटीएम की अन्य अनुषंगी कंपनियों को लगभग 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**कंपनी ने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों का किया**




### मिली एफडीआई की जानकारी नहिं दी

ईडी ने कहा कि वन97 कम्युनिकेशन की भारत में अनुषंगी लिटिल इंडिया प्राइवेट लि. को विदेशों से एफडीआई मिला। लेकिन इसके लिए आरबीआई के कीमत निर्धारण दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया गया। अन्य अनुषंगी कंपनी... नियरबाय इंडिया प्राइवेट लि. ने आरबीआई की समयसीमा के भीतर कंपनी द्वारा प्राप्त एफडीआई के बारे में जानकारी नहीं दी।

### दोनों कंपनियां उसकी अनुषंगी नहीं

पेटीएम ने पिछले शनिवार (एक मार्च) को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि उसे कंपनी और उसकी दो अनुषंगी कंपनियों... लिटिल इंटरनेट और नियरबाय... के कुछ निवेश लेनदेन के संबंध में फेमा नियमों के कथित उल्लंघन के लिए ईडी से नोटिस मिला है। बाद में, पेटीएम ने स्पष्ट किया कि कथित उल्लंघन उस अवधि से संबंधित है जब दोनों कंपनियां उसकी अनुषंगी कंपनियां नहीं थीं। इसने 2017 में दोनों कंपनियों का अधिग्रहण किया था।

### कंपनी ने लेनदेन किया सूचीबद्ध


कंपनी के अनुसार, कथित उल्लंघन में वन97 कम्युनिकेशन के 245 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन, लिटिल इंटरनेट (एलआईपीएल) के लगभग 345 करोड़ रुपये और नियरबाय इंडिया (एनआईपीएल) के लगभग 21 करोड़ रुपये के लेनदेन को सूचीबद्ध किया गया है। इसमें कहा गया, "कथित उल्लंघन वन97 कम्युनिकेशन , एलआईपीएल और एनआईपीएल से संबंधित कुछ निवेश लेनदेन से जुड़े हैं।"

# बिकवाली दबाव से घरेलू शेयर बाजार में गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सोमवार को शेयर बाजार में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 112 अंक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने के बीच बाजार में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 112.16 अंक गिरावट के साथ 73,085.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 73,649.72 अंक तक



गया और नीचे में 72,784.54 अंक तक आया। निफ्टी 5.40 अंक के मामूली नुकसान के साथ 22,119.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 120 अंक तक टूट गया था। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स, मारुति, सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मास्युटिकल्स और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### इन शेयरों में रहा लाभ

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं।

# सोना 200 रुपए चढ़ा चांदी 100 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** आभूषण एवं फुटकर कारोबारियों की ताजा लिवाली तथा रुपये के कमजोर होने के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में (शुक्रवार को) 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 87,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 87,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था।


## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

e-Procurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

-:: शुद्धि पत्र क्रं. 1 :-

निविदा सूचना क्र. 7/व.ले.लि./2024–25 दिनांक 08.01.2025 द्वारा जारी निविदा जिसका सिस्टम क्रं. 164006 पृ.क्र. 98/व.ले.लि./दिनांक 08.01.2025 जी. नं. 242505222/2 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है–

| स.क्र. | विवरण | पूर्व प्रकाशित | पढ़ा जावे |
|---|---|---|---|
| 1 | Amendment regarding Clause 2.1.6 (Disqualification) of Form–"B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 466/F–7–7/S–2/31/2001, Nava Raipur, Date 27.01.2025 & Order No. 795/F–7–7/S–2/31/2001, Nava Raipur, Date 21.02.2025 | | |
| 2 | ऑन लाइन निविदा विक्रय की अंतिम तिथि | 29/01/2025 (समय 17:30) | 06/03/2025 (समय 17:30 ) |
| 3 | ऑन लाइन निविदा खोलने की तिथि | 30/01/2025 (समय 11:30) | 07/03/2025 (समय 11:30) |

टीप:– विस्तृत संशोधन https://eproc.cgstate.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा की अन्य शर्तें यथावथ रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोरबा
जिला कोरबा (छ.ग.)

जी-242505652/2

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग क्र.-1, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

शुद्धि पत्र क्र. 1

निविदा सूचना क्र. 09/व.ले.लि. / 2024–25 दिनांक 10.01.2025 निविदा सिस्टम नं. 164194 (प्रथम आमंत्रण), जी नम्बर – 242505313 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:

| स. क्र. | संशोधन |
|---|---|
| 1 | Amendment regarding Clause 2.1.6 (Disqualification) of Form–"B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 466/F–7–7/S–2/31/2001, Nava Raipur, Date 27.01.2025 & Order No. 795/F–7–7/S–2/31/2001, Nava Raipur, Date 21.02.2025. |
| 2 | Bid due date & time 06.03.2025 at 17:30 Hours. (The last date & time for submission of bid response, after which no bids can be submitted) |
| 3 | Bid Open start date and time 07.03.2025 11.30 Hours. (The date of opening of Envalope – 'A' & 'B' online) |

विस्तृत संशोधन https://eproc.cgstate.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। अनुबंध की अनुमानित राशि (P.A.C.) एस. ओ. आर. 01.08.2010 (संशोधित 22.08.2022) के अनुसार है। निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र. - 1 अम्बिकापुर
जिला सरगुजा (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग
अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

जी. 242505650/4

## GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MANIYARI WATER RESOURCES DIVISION, MUNGELI DISTT. MUNGELI (C.G.)

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**

eProcurement Portal: https://eproc.gov.in

**CORRIGENDUM NO. 1**

IN NIT No. : 06/SAC/2024-25,Dated: 08.01.2025, System Tender No. 164000 (6th Call), Whose G-Number-242505211 Dated 10.01.2025 following amendments are made-

| S. No. | Amendments |
|---|---|
| 1 | Amendment regarding Clause 2.1.6 (Disqualification) of Form-"B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 466/F-7-7/S-2/31/2001, Nava Raipur, Date 27.01.2025 & Order No. 795/F-7-7/S- 2/31/2001, Nava Raipur, Date 21.02.2025 |
| 2 | Bid due date & time 06.03.2025 at 17:30 Hours. (The last date & time for submission of bid response, after which no bids can be submitted) |
| 3 | Bid Open start Date and Time 07.03.2025, 11:30Hours (The date of Opening of Envalope - 'A' & 'B' online) |

Note:- Detailed amendments in can be viewed on the web site http://eproc.cgstate.gov.in all other terms and conditions of NIT will remain be unchanged.

EXECUTIVE ENGINEER
MANIYARI WATER RESOURCES
DIVISION, MUNGELI (C.G.)

G.- 242505685/4

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

| क्र. | कर्मचारी का नाम व पदनाम | पदस्थापना स्थल | अनाधिकृत अनुपस्थिति दिनांक | कार्यालयीन कार्यवाही का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अशोक कुमार मिश्रा, एम.एल.टी. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लूतरा (मस्तुरी) जिला बिलासपुर (छ.ग.) | 25.05.2019 से आज दिनांक तक | 1. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/2024/5428 बिलासपुर दिनांक 14.06.2024, 2. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/2024 /8624 बिलासपुर दिनांक 22.07.2024, 3. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/2025/17 बिलासपुर दिनांक 01.01.2025 |
| 2 | श्रीमती भारती वैद्य, फार्मासिस्ट ग्रेड–2 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) | वर्ष 2018 से आज दिनांक | 1. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/ 2024/5430 बिलासपुर दिनांक 14.06.2024, 2. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/2024/ 8622 बिलासपुर दिनांक 22.07.2024, 3. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/ 2025/19 बिलासपुर दिनांक 01.01.2025 |
| 3 | श्री लल्लू राम, स्वीपर | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जरौंधा (तखतपुर) जिला बिलासपुर (छ.ग.) | वर्ष 2008 से आज दिनांक | 1. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/ 2024 / 5432 बिलासपुर दिनांक 14.06.2024, 2. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/2024/ 8620 बिलासपुर दिनांक 22.07.2024, 3. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/2025/23 बिलासपुर दिनांक 01.01.2025 |
| 4 | श्रीमती भारती यादव, फार्मासिस्ट ग्रेड–2 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) | 04.04.2021 से आज दिनांक | 1. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/ 2024/5664 बिलासपुर दिनांक 21.06.2024, 2. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/ अवि/2024/8618 बिलासपुर दिनांक 22.07.2024, 3. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/2025/13 बिलासपुर दिनांक 01.01.2025 |
| 5 | श्रीमती चंचल देवांगन, फार्मासिस्ट ग्रेड–2 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लखराम (बिल्हा) जिला बिलासपुर (छ.ग.) | 20.10.2022 से आज दिनांक | 1. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/2024/5436 बिलासपुर दिनांक 14.06.2024, 2. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/2024/ 8616 बिलासपुर दिनांक 22.07.2024, 3. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/स्था/अवि/2025/15 बिलासपुर दिनांक 01.01.2025 |

उपरोक्त सूची में आप के नाम के सम्मुख कालम क्र.–05 में उल्लेखित कार्यालयीन पत्रों द्वारा आपको अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर कारण बताने के संबंध मे खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामु.स्वा. केन्द्र मस्तूरी/तखतपुर/बिल्हा के माध्यम से आपको पत्र तामिल कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था किन्तु आप आज दिनांक तक अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कारण बताने हेतु उपस्थित नहीं हुए है।

अत: शासन के निर्देशानुसार कोई शासकीय सेवक, अवकाश सहित या बिना अवकाश के बाह्य सेवा से भिन्न, 03 वर्ष से अधिक निरंतर अवधि के लिये कर्त्तव्य से अनुपस्थित रहता है तो उसे शासकीय सेवा से त्याग पत्र दिया हुआ समक्षा जायेगा की सूचना ईश्तहार के माध्यम से आपको दी जा रही है।

( डॉ प्रमोद तिवारी)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-बिलासपुर (छ.ग)

जी-242505678/1

## कार्यालय नगर पंचायत कुसमी, जिला बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)

Phone no./Fax no.-07778-274411 Email id-cmokusmi@rediffmail.com

कमांक 208/लो.नि./न.पं./2025 — कुसमी, दिनांक 3/3/2025

**"ई-प्रोक्युरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना"**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली द्वारा जारी सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन–लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 165321 | वार्ड क्र.03 में मटन मार्केट के पास मुख्य मार्ग के बाजू में शॉपिंग काम्प्लेक्स निर्माण कार्य। | 24.00 | 18000.00 | 24.03.2025 | 26.03.2025 |

टीप:-1. उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्युरमेंट http:cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
2. विज्ञापन की प्रति cg.uad.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कुसमी
जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)

संवाद-43058

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

**कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के e-Auction का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ / जलाऊ / बांस का e-Auction द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि e-Auction में भाग लेवें। e-Auction की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर वनमंडल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| वन मंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| कोंडागांव | कोंडागांव काष्ठागार | 07/03/2025 प्रात: 9:00 बजे से |

| प्रजाति | नया वनोपज | | | अविक्रित वनोपज | | | निरस्त वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ई. काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/ डेंगरी (नग में) | | ई. काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/ डेंगरी (नग में) | | ई. काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/ डेंगरी (नग में) | | ई. काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/ डेंगरी (नग में) | |
| सागौन | 1.462 | 4 | 4 | 2.057 | 161 | 46 | 0 | 0 | 0 | 84 | 3.519 | 50 |
| साल | 1601.423 | 415 | 23 | 1930.242 | 1 | 475 | 0 | 0 | 0 | 3531.665 | 416 | 498 |
| बीजा | 24.172 | 2 | 0 | 39.767 | 46 | 23 | 0 | 0 | 0 | 63.939 | 48 | 23 |
| साजा | 12.338 | 34 | 1 | 8.807 | 5 | 1 | 0 | 0 | 0 | 21.145 | 39 | 2 |
| हल्दू | 7.804 | 1 | 1 | 49.418 | 8 | 2 | 0 | 0 | 0 | 57.222 | 9 | 3 |
| निलगिरी | 0 | 0 | 0 | 58.530 | 5880 | 3248 | 0 | 0 | 0 | 58.530 | 5880 | 3248 |
| अन्य | 60.581 | 13 | 2 | 43.806 | 13 | 9 | 0 | 0 | 0 | 104.387 | 26 | 11 |
| व्या. बांस | | | | 15.817 N.T. | | | | | | 15.817 N.T. | | |
| योग | 1707.780 | 469 | 31 | 2132.627 | 6114 | 3804 | 0 | 0 | 0 | 3840.407 | 6583 | 3835 |
| व्या. बांस | 0 | | | 15.817 N.T. | | | 0 | | | 15.817 N.T. | | |

टीप:- (1) प्रत्येक क्रेता को e-Auction के पूर्व एम.एस.टी.सी.ई–कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को e-Auction के पूर्व कय लाटों के अफसेट प्राईज के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी सूचि एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई–कामर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं। (4) e-Auction में लॉट क्रय करने के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट के अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

वनमंडलाधिकारी
कोंडागांव वनमंडल कोंडागांव

जी. 242505646/7

## छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

**प्रथम निविदा ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ) Website- www.cgmsc.gov.in**
**Main portal - http://eproc.egstate.gov.in**

क्र./15187/निर्माण/2025 — दिनांक 28/02/2025

| स. क्र. | निविदा क्रं. | कार्य का नाम | राशि (रु.लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10286 | जिला कोरिया वि.ख. बैकुण्ठपुर के स्थान शिवपुरचर्चा में नवीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य (प्रपत्र–अ) | 70.13 |
| 2 | 10287 | जिला सूरजपुर के स्पेशलाईज्ड थेरेपी सेंटर सूरजपुर के भवन को आयुष पॉली क्लीनिक के रूप में विकसित करने हेतु रेनोवेशन का कार्य (प्रपत्र–अ) | 46.72 |
| 3 | 10288 | जिला सूरजपुर वि.ख. ओड़गी के नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन विहारपुर में पार्किंग शेड, पेवर ब्लॉक, एप्रोच रोड, ड्रेनेज एवं डी. जी. सेट लगाये जाने का कार्य। (प्रपत्र–अ) | 32.05 |
| 4 | 10289 | जिला सूरजपुर वि.ख. ओड़गी के नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन विहारपुर में 200 के. व्ही.ए. का ट्रांसफार्मर स्थापना कार्य । (प्रपत्र–अ) | 14.12 |
| 5 | 10290 | जिला सूरजपुर के जिला अस्पताल सूरजपुर परिसर में फिलिंग का कार्य। (प्रपत्र–अ) | 8.76 |
| 6 | 10291 | जिला सूरजपुर के जिला अस्पताल सी.सी. रोड का कार्य (प्रपत्र–अ) | 17.33 |
| 7 | 10292 | जिला राजनांदगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ के नवीन भवन में बाउण्ड्रीवाल, ड्रेनेज सिस्टम, वाहन पार्किंग शेड एवं फर्शीकरण कार्य (प्रपत्र–अ) | 93.92 |
| 8 | 10293 | जिला राजनांदगांव के जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में भू–तल के प्लिंथ लेवल को उपर करने के उन्नयन कार्य। (प्रपत्र–अ) | 333.67 |
| 9 | 10294 | जिला सक्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती में कैंपस रोड, ड्रेनेज सिस्टम, बाउण्ड्रीवाल एवं पेवर ब्लॉक का निर्माण कार्य। (प्रपत्र–अ) | 78.23 |
| 10 | 10295 | जिला सक्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती में समतलीकरण का कार्य। (प्रपत्र–अ) | 5.84 |
| 11 | 10296 | जिला रायगढ़ के 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल रायगढ़ में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। (प्रपत्र–अ) | 63.61 |
| 12 | 10297 | जिला रायगढ़ के 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल रायगढ़ में ई. टी. पी. निर्माण कार्य। (प्रपत्र–ब) | 18.71 |
| 13 | 10298 | जिला रायगढ़ के जिला चिकित्सालय रायगढ़ में ई. टी. पी. निर्माण कार्य । (प्रपत्र–ब) | 23.38 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 05/03/2025 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 28/03/2025 तक है । निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

अधीक्षण अभियंता

संवाद-43069

# प्रथम पृष्ठ का शेष

## छत्तीसगढ़ को विकसित ...

हैं। इसके लिए 700 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। महानदी- इंद्रावती जैसी जीवनदायिनी नदियों को जोड़ रहे हैं, खेती में निवेश कर रहे हैं। नई सिंचाई परियोजनाओं के लिए हम 1500 करोड़ निवेश कर रहे हैं। हमने बजट में मानव संसाधन को सहेजने के लिए नये अस्पतालों, स्कूलों और इनमें पर्याप्त स्टाफ के संबंध में प्रावधान किया है। औद्योगिक नीति की जरूरतों को पूरा करते हुए 12 इंजीनियरिंग कालेज और 12 पालिटेक्निक कालेज आरंभ करेंगे। नये बिजनेस और स्टार्टअप के लिए 700 करोड़ रुपए का इंडस्ट्रियल सब्सिडी सपोर्ट रखा गया है। इस बार पूंजीगत व्यय 26 हजार करोड़ रुपए से अधिक रखा गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत है। पूंजीगत व्यय में किये गये निवेश का कई गुना रिटर्न मिलता है। हमारा बजट समावेशी है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के हमारे ध्येय के मुताबिक तैयार किया गया है। इस बजट के साथ हमारा प्रदेश नये संकल्पों के साथ अपने सपनों को पूरा करने एक नई उड़ान भरेगा।

## अयोध्या राम मंदिर पर...

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था और उसे अयोध्या के राम मंदिर पर आतंकी हमले के लिए तैयार किया गया था। जांच में खुलासा हुआ है कि रहमान कई कट्टरपंथी जमातों से जुड़ा हुआ था और फैजाबाद में एक मटन शॉप चलाता था। सुरक्षा एजेंसियों को मिली जानकारी के अनुसार, राममंदिर निर्माण के बाद पाकिस्तान आईएसआई ने भारत में बड़ी आतंकी साजिश रचने की योजना बनाई थी, जिसमें अयोध्या स्थित राम मंदिर को निशाना बनाने का प्लान था।

**ऐसे पकड़ा गया संदिग्ध**-जांच के अनुसार, फैजाबाद से ट्रेन पकड़कर अब्दुल रहमान पहले फरीदाबाद पहुंचा था, जहां उसे एक हैंडलर ने हैंड ग्रेनेड दिए. योजना थी कि वह वापस ट्रेन से अयोध्या पहुंचे और वहां हमला करे. लेकिन इससे पहले ही सुरक्षा एजेंसियों को इनपुट मिल गया और गुजरात एटीएस और फरीदाबाद एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई कर रविवार को अब्दुल रहमान को दबोच लिया।

**कड़ी सुरक्षा और सतर्कता के आदेश**-इस गिरफ्तारी के बाद अयोध्या समेत देशभर के संवेदनशील धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और अधिक कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने यह भी साफ किया है कि आतंकियों के मंसूबों को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा और इस पूरे नेटवर्क का जल्द ही भंडाफोड़ किया जाएगा।

## 100 से अधिक हत्याओं ...

दिया है। दिनेश पर 8 लाख का इनाम घोषित था और वह 100 से अधिक हत्याओं को अंजाम दे चुका था। समर्पित नक्सली दिनेश मोडियम लंबे समय से पुलिस के हिट लिस्ट पर था। दक्षिण-पश्चित बस्तर में वह कई बड़े नक्सली वारदातों में शामिल रहा। इनमें सुरक्षा बलों के जवानों के अलावा निर्दोष ग्रामीणों की हत्याएं करने की घटनाओं में भी शामिल रहा हैं। पुलिस और सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे लगातार नक्सल ऑपरेशनों और बढ़ते दबाव के चलते दिनेश ने आत्मसमर्पण करने का फैसला लिया। बीजापुर पुलिस और प्रशासन नक्सलियों को सरेंडर कर मुख्यधारा में लाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं जिसका असर अब दिखने लगा है।

नक्सलगढ़ गंगालूर एरिया की दी गई थी कमान

पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा नया कैंप के स्थापित किए जाने के बाद तथा जवानों के बढ़ते दबाव से रविवार को बीजापुर पुलिस के समक्ष दिनेश मोडियम अपनी पत्नी कला मोडियम व बच्चे के साथ पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। बताया जा रहा है कि वह बाल संघम के समय से ही बड़े नक्सली लीडरों के संपर्क में रहा। संगठन में रहने के दौरान दिनेश मोडियम एके-47, इसांस जैसे बड़े हथियार अपने पास रखता था। उसे नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाले गंगालूर क्षेत्र की कमान दी गई थी। हालांकि नक्सली लीडर दिनेश मोडियम के आत्मसमर्पण की जानकारी पुलिस की ओर से अभी तक जारी नहीं की गई है।

फोर्स नक्सलियों का सफाया करने चला रही आपरेशन

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा है कि नक्सलवाद का सफाया सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। पुलिस और सुरक्षा बल लगातार मुठभेड़ों में नक्सलियों को ढेर कर रहे हैं और आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। यही वजह है कि नक्सलियों द्वारा लगातार समर्पण किया जा रहा है।

## अनोरा बेस्ट फिल्म...

बेस्ट फिल्म, बेस्ट ओरिजनल स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड जीता। इस सक्सेस से फिल्म के डायरेक्टर सीन बेकर की खुशी का ठिकाना नहीं है।

**सीन बेकर ने रचा इतिहास**-ऑस्कर्स 2025 में फिल्म अनोरा ने सबको टफ कॉम्पिटिशन दिया। इसके डायरेक्टर सीन बेकर ने रिकॉर्ड तोड़ा है। वो पहले ऐसे डायरेक्टर बने हैं जिन्होंने एक ही फिल्म के लिए उसी साल में 4 ऑस्कर जीते हैं। उन्होंने बेस्ट पिक्चर, डायरेक्टर, ऑरिजनल स्क्रीनप्ले, एडिटिंग का अवॉर्ड जीता।

विजेता सूची

- बेस्ट फिल्म- अनोरा
- बेस्ट एक्टर- एड्रियन ब्रॉडी (द ब्रूटलिस्ट)
- बेस्ट एक्ट्रेस- माइकी मैडिसन (अनोरा)
- बेस्ट डायरेक्टर- सीन बेकर (अनोरा)
- बेस्ट मेकअप और हेयरस्टाइलिंग- द सब्सटेंस
- बेस्ट एडेप्टेड स्क्रीनप्ले- कॉन्क्लेव
- बेस्ट ओरिजनल स्क्रीनप्ले- अनोरा
- बेस्ट एनिमेटेड फिल्म- फ्लो
- बेस्ट एनिमेटेड शॉर्ट फिल्म- इन द शैडो ऑफ द साइप्रस
- बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन- पॉल टेजवेल (विकेड)
- बेस्ट फिल्म एडिटिंग- अनोरा (सीन बेकर)
- बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन- विकेड
- बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग- एल माल (एमीलिया पेरेज)
- बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म- द ओनली गर्ल इन द ऑर्केस्ट्रा
- बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म- नो अदर लैंड
- बेस्ट साउंड- ड्यूनः पार्ट टू
- बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म- आई एम नॉट अ रोबोट
- बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म- आई एम स्टिल हियर (ब्राजील)
- बेस्ट सिनेमेटोग्राफी- द ब्रूटलिस्ट
- बेस्ट ओरिजनल स्कोर- द ब्रूटलिस्ट

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925




शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल रजि नं. 1721362 कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-थोक दवा दुकान में माल निकालने जमाने हेतु लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 8000 मिलें- नितिन मेडिकल एजेन्सी, 34 मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर 8109900011 (37024)

**आवश्यकता है**-टेली आपरेटर की आवश्यकता है वेतन 8000 से 12000 तक अनुभवी सम्पर्क करें- गणपति डिस्ट्रीब्यूटर बिलासपुर 70496 20000 (37015)

**आवश्यकता है**-कैटरिंग सर्विस में कार्य करने हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड मार्केटिंग एवं वर्कर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें साई कैटरिंग सर्विस, जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर 93298 03725 (37016)

**आवश्यकता है**-टेलीकॉलिंग, फोटोशॉप, कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 12वीं से स्नातकोत्तर, वेतन 7000 से 9000 सम्पर्क करें- पब्लिशिंग नूतन चौक सरकंडा बिलासपुर 7974794530 (37022)

**आवश्यकता है**-कपड़ा दुकान में काम करने हेतु यंग लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- नेमा कम्पनी सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 7898958865 (37023)

**आवश्यकता है**-तीन साल के बच्चे का समस्त कार्य करने हेतु बिलासपुर में एक लड़की/ महिला की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9826307980, 86980 67737 (37021)

**आवश्यकता है**-कार चलाने हेतु ड्राइवर एवं कपड़ा दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- लोकचंद सन्स कश्यप कालोनी करबला रोड बिलासपुर 9300266612 (37017)

**आवश्यकता है**-मेंस वेयर (रेडीमेड शॉप) में काम करने के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शगुन मेंस वेयर सिम्स के सामने सदर बाजार रोड बिलासपुर (36995)

**आवश्यकता है**-सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु लड़को (बाइक अनिवार्य) समान छोड़ने, लाने हेतु योग्यता 10वीं, 12वीं, टैली/ डेटा एंट्री ऑपरेटर की जरूरत है संपर्क- श्री विनायक सेल्स ए/158 अज्ञेय नगर बिलासपुर 98933 67787 (3345)

**आवश्यकता है**-अनुभवी नशामुक्त कार ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन 15000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- लक्ष्मण सीमेंट सदर बाजार, करोना चौक बिलासपुर (36997)

**Required**-English medium passout Teacher's required Chemistry XI, XII, S.st, English IX, X, 2-3 hour job. Salary 10k-15k Winner's Academy Tuition classes in rajkishor nagar Bilaspur Wats app your resume 8839746460 (37020)

**Required**-Teachers Wanted postgraduate & graduate trained teachers for the following Subjects Mathematics Physics Chemistry, Biology, Accountancy, Eligible & interested candidates can submit their resume with photo to the principal Nav Jagriti higher Sec. School (English Medium) Block Road, Takhatpur Dist- Bilaspur (C.G.) before 22nd March 2025 (37026)

**आवश्यकता है**-सीए आफिस में काम करने हेतु चपरासी (प्यून) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शाम 4 से 8बजे तक पलाश पमनानी एंड एसोसिएट्स सिन्ध ऑटो स्टोर्स के पास गांधी चौक बिलासपुर (37007)

**आवश्यकता है**-छत्तीसगढ़ स्टेशनरी एवं बुक डिपो में कार्य करने हेतु मेहनती, ईमानदार लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है ग्रामीण युवकों को प्राथमिकता सम्पर्क करें- छत्तीसगढ़ स्टेशनरी एवं बुक डिपो मोपका 9098159968 (37014)

**आवश्यकता है**-बेलियाटा द फैमिली सैलून में कार्य करने हेतु अनुभवी हेयर स्टाइलिस्ट, हेयर ड्रेसर की आवश्यकता है 4साल कार्य अनुभव अनिवार्य है सम्पर्क करें- सरकण्डा, मंगला चौक, भारतीय नगर चौक, बिलासपुर 99071 67890, 9753339324, 6261084748 (37005)

**आवश्यकता है**-किताब दुकान में काम करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सुबह 11बजे से शाम 5बजे तक विवेक बुक डिपो गुरुद्वारा के पास मेन रोड, दयालबंद बिलासपुर 9893378899 (37010)

**आवश्यकता है**-पार्ट्स दुकान में काम करने हेतु युवक, युवती चाहिए कार्य समय सुबह 10बजे से 7:30 बजे सम्पर्क करें- दोपहर 1बजे से शाम 5बजे तक जी.बी. ऑटो, इंदू चौक बिलासपुर 93003 33371 (37008)

**आवश्यकता है**-व्यापार विहार स्थित हॉटल श्रीश्याम इंटरनेशनल में अनुभवी जनरल मैनेजर एवं तिफरा सब्जी मंडी ऑफिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- 9893599044 (सुबह 10 से 1 एवं शाम 5 से 7) (37009)

**आवश्यकता है**-इडली, दोसा दुकान में कार्य हेतु अनुभवी मिस्त्री की आवश्यकता है (कार्य समय सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक) सम्पर्क करें- राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर 9098859081, 6265338482 (37000)

**आवश्यकता है**-ढाबा में काम करने हेतु वेटर, तन्दूर मास्टर हेड मिस्त्री, हेल्पर, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नया हाईकोर्ट के पास रायपुर रोड बिलासपुर 7000942962, 90989 76666 (37003)

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रीकल दुकान में डाटा एंट्री, एकाउंटिंग एवं सेल्स कार्य हेतु लड़कियों एवं लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सूरज इलेक्ट्रीकल्स C-21, नेताजी कॉम्प्लेक्स मन्दिर चौक, जरहाभाठा बिलासपुर 93015 86381, 9827181236 (37011)

**आवश्यकता है**-कॉलोनी में सुरक्षागार्ड हेतु योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार इच्छुक सम्पर्क करें- सुबह 10 से 3बजे तक रामा वैली आवासीय सहकारी समिति कार्यालय, प्रथम तल ऑफिस नं.-3 शॉपिंग काम्प्लेक्स बोदरी बिलासपुर 8827283767 (36994)

**आवश्यकता है**-इंग्लिश मीडियम स्कूल में हेडमिस्ट्रेस, शिक्षिकाएं एवं महिना प्यून चाहिए। बीएड/ डीएलएड, कम्प्यूटर अनुभवी, स्पोकन इंग्लिश वालों को प्राथमिकता पता- भारत भारती विद्या मंदिर, कस्तूरबा नगर, बिलासपुर 9300654801 (व्हाट्सएप) 7489885833 (36996)

**आवश्यकता है**-स्टेशनरी शॉप में कार्य करने हेतु पार्टटाइम लड़के/ लड़की की आवश्यकता है अनुभवी सम्पर्क करे- भाटिया इंटरप्राइजेज नेहरू चौक पेट्रोल पम्प के बाजू में बिलासपुर 7587259295 (36982)

**आवश्यकता है**- लोकल एवं बाहर प्लास्टिक पाईप डिलीवरी के लिए पिकप/ छोटा हाथी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन 12000+ भत्ता (अनुभव के अनुसार) सम्पर्क करें- सिलपहरी इंडस्ट्रीयल एरिया बिलासपुर 9300734341 (36979)

**आवश्यकता है**-वर्षा फैशन में काम करने हेतु अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- वर्षा फैशन, शॉप नं.-62, नरेश बाजार काम्पलेक्स, तेलीपारा रोड, बिलालपुर 98270 96909, 7223056909 (36998)

**आवश्यकता है**-ज्वैलरी शोरूम में कार्य करने के लिए लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हॉटल अजीत के बगल में तेलीपारा, बिलासपुर 8839666481, 9827170615 (36999)

**आवश्यकता है**-होटल में कार्य करने हेतु तीन कुक वेज/ नॉनवेज, दो तन्दूर मास्टर, दो हेल्फर, वेटर होटल स्टाफ की आवश्यकता है पता- ढाबा देशी तड़का उसलापुर बिलासपुर 9300659187 (व्हाट्सएप करें) (36990)

**आवश्यकता है**-घर के कार्य हेतु अनुभवी महिला/ युवती चाहिए (जो घर के सभी कार्य कर सके) वेतन 6000 से 10000 कॉल करने का समय सुबह 8 से 11बजे सम्पर्क करें- 9977416604 (36991)

**आवश्यकता है**-सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, एचआर एवं बिजनेस डेवलपर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 7247244800, 99776 49371 (36976)

**आवश्यकता है**-सायकल दुकान में कार्य करने हेतु सेल्सगर्ल एवं टैली आपरेटर की आवश्यकता है अनुभवी ही सम्पर्क करें- शरन सायकल एंड फिटनेस वसंत विहार कालोनी के पास, सीपत रोड बिलासपुर 9827165670 (36980)

**आवश्यकता है**-फैक्ट्री होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, लेडीगार्ड, मार्केटिंग अधिकारी योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर गार्ड ऊंचाई 5'7" वेतन 12000 से 15000 सम्पर्क-Alert SGS Private Limited, 434, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर 77460 00016, 8720005500 (3160)

**आवश्यकता है**-अंकुर डेली नीड्स में काम करने हेतु अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अंकुर डेली नीड्स भाटिया पेट्रोल पम्प के पास महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 8085813131 (36983)

**आवश्यकता है**-बच्चा संभालने हेतु एवं घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। स्थानः तेलीबांधा रायपुर सम्पर्क करे 9575042814 (3341)

**आवश्यकता है**-फर्निशिंग शोरूम में कार्य करने हेतु 90 लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार शोरूम में सम्पर्क करें- अर्बन लिविंग, स्विमिंग पूल के सामने, मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 81090 90000, 8319397645 (36985)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है एक्सपीरियंस, टैली के नॉलेज के साथ बेसिक जानकारी भी हो सम्पर्क करें- एक्सपर्ट सिक्योरिटी सर्विस, साईं धाम, जेजे हॉस्पिटल के पास, तोरवा बिलासपुर 8253010291 (36951)

**आवश्यकता है**- थोक जूता चप्पल दुकान में काम करने हेतु जेंट्स तथा लेडीज सेल्समेन्स मेहनती स्टॉफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार दिया जाएगा सम्पर्क करें- 70009 41144 (36977)

**आवश्यकता है**-हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु नर्स (BSc नर्सिंग) टेक्नीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर मार्केटिंग स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शाम 5 से 7बजे तक सांईबाबा हॉस्पिटल रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 9827150429 (36949)

**आवश्यकता है**-अप्रेंटिसशिप अवसर भिलाई के एक प्रतिष्ठित निजी उद्योग में 25 अप्रेंटिस पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों की आवश्यकता है कार्यकाल 1 वर्ष कॉन्ट्रैक्ट आधारित रहेगा स्टाइपेंड 9000-10000 प्रति माह योग्यता डिप्लोमा इंजीनियर, ITI मशीनिस्ट, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, फाउंड्री बीकॉम, बीएससी केवल 2023 -24-25 में उत्तीर्ण उम्मीदवार आवेदन कर सकते है संपर्क करें- 9406082834 Email- hrdept.bhilai123@gmail.com (6239)

**आवश्यकता है**-नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 7439736348 (704)

**आवश्यकता है**-होलसेल खिलोना दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़को की आवश्यकता है जिसे खिलोना दुकान मे काम करने, कार्टून पैकिंग का अनुभव हो सम्पर्क करें-तेलीपारा बिलासपुर 7711006641, 9753330000 (36813)

**आवश्यकता है**-बम्पर भर्ती OMMI मल्टीनेशनल कम्पनी को 140 से अधिक लड़के, लड़कियां की आवश्यकता है आय 10500 से 18500 प्रतिमाह आवास, खाना फ्री परमानेन्ट जॉब पता- दीपसागर कालोनी बिलासपुर 80034 02269, 9519393913 (36922)

**आवश्यकता है**-छत्तीसगढ़ के हर जिलों में ड्राइवरों की आवश्यकता है एवं पार्ट टाईम फुल टाईम काम करने वाले लड़को की भी आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9202875080 (3340)

**आवश्यकता है**-सुरक्षा एजेंसी में कार्य करने हेतु इच्छुक गार्ड संपर्क करें- कार्य स्थल कार का शो रूम बजाज शो रूम एवं मैरिज रिसॉर्ट सम्पर्क करें- 9981630084, 9425534940 (3339)

**आवश्यकता है**-टेलीकालिंग ऑफिस कार्य हेतु महिलाएं युवतियां चाहिए योग्यता 10वीं 12वीं स्नातक समय 9 से शाम 5, सैलरी 5000 से 15000 सम्पर्क करें-स्मार्ट रोड नेहरु नगर गणेश चौक बिलासपुर 7049274510 (1380)




## बेचना है

**बेचना है**-नेहरू नगर प्राईम लोकेशन अर्चना विहार के पास दो मंजिला 3BHK स्वतंत्र पूर्व दिशा मकान एवं सकरी NH से लगा T&C कालोनी में प्लाट एवं 2BHK नवनिर्मित स्वतंत्र मकान बेचना है। सम्पर्क- घोष एसोसिएट्स 9425220523, 9827875257 (36967)

**बेचना है**-बिलासपुर रायपुर रोड टेक्सटाइल कपड़ा मार्केट हाईटेक बस स्टैण्ड के सामने 900 मीटर दूर Rmn स्कूल के सामने क्रिकेट ग्राउण्ड के पास 40×58, 20×58 डायवर्टेड आवासीय प्लॉट सम्पर्क- 9993770950, 98274 85990 (37019)

**बेचना है**-उसलापुर स्टेशन के सामने जहां पर स्टेशन बनना है 22×50= 1100 वर्गफीट के दो डायवर्टेड प्लाट बेचना है फ्रेंड्स गुप्ता कॉलोनी से लगे हुए इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें- 7610798489 (37025)

**बेचना है**-बिलासपुर में गोकुल धाम में सर्व सुविधा युक्त 2BHK, 25×40= 1000 वर्ग फीट में बना हुआ नव निर्मित मकान 28 लाख रुपए में बेचना है सम्पर्क करें- 9340252857 (36988)

**बेचना है**-डायवर्टेड प्लॉट 30×58 मेन रोड ऊपर मटियारी, बेलतरा चौक, सीपत रोड में बाउंड्री वॉल किया हुआ शीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9425545552 (37006)

**बेचना है**-रायपुर रोड, हाईकोर्ट के सामने, मेन रोड से 50 मीटर अन्दर न्यू एयरपोर्ट रोड, बोदरी में 50×200= 10000 वर्गफीट व्यवसायिक डायवर्सन बाउन्ड्री वाल सहित प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें-9300310774 (36975)

**बेचना है**-बिलासपुर में सर्व सुविधा युक्त T&C कॉलोनी में 4BHK मकान बेचना है केवल खरीददार ही सम्पर्क करें- 9617881169, 96697 15765 (37004)

**बेचना है**-हर्ष- फिनिक्ससिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (36177)

**बेचना है**-नेहरू चौक से 320 मीटर दूर स्थित इंजीनियर कॉलोनी में 2160 वर्गफुट जमीन पर 1361 वर्गफुट में बना मकान शीघ्र बेचना है कीमत 72 लाख, खरीददार ही सम्पर्क करे- 9039777760 (36989)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

**बेचना है**-बिलासपुर गोल्डन पार्क T&C कॉलोनी हाईकोर्ट से लगा 1820 वर्गफीट जमीन एवं मकान भारतीय नगर माधव तालाब के पास 2236 वर्गफीट में बना डबल स्टोरी बेचना है सम्पर्क करें- 9425228826 (36974)

**बेचना है**-बिलासपुर से 25km कोटा मुख्य मार्ग से 1km दूरी ग्राम मोहनभाठा विपाशना ध्यान केन्द्र आश्रम के पास 1 एकड़ 22 डिसमिल जिसमें 350 रोड में फ्रंट फार्म हाउस कॉटेज हेतु बेहतरीन प्लॉट सम्पर्क- 99937 70950, 9827485990 (37018)

## किराया

**किराया**-विद्या नगर में 2BHK फर्निश्ड फ्लैट्स एवं दो सेमी फर्निश्ड फ्लैट किराये से देना है। केवल शाकाहारी परिवार ही सम्पर्क करें- 98849 10066, 9425531853, 9826677042 (36981)

## व्यापार

**व्यापार**-अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000 से 50000 प्रति माह कमाएं आटो मेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट सम्पर्क करें-APS इंटरप्राईजेस रायपुर- 9111760925, 7477221345, बिलासपुर- 8359913999, 95892 88936 रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871 (3194)

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

## खबर संक्षेप



### इनियान ने जीता कान ओपन शतरंज

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर पा इनियान ने हमवतन वी प्रनेश को नौवें और आखिरी दौर में हराकर फ्रांस में चल रहा कान इंटरनेशनल ओपन जीत लिया। इनियान ने 7.5 अंक हासिल किए जबकि दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आराध्य गर्ग दूसरे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन कजाखस्तान के काजिबेक नोदेरबेक के भी सात अंक थे जिन्हें टाइब्रेक के बाद तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इनियान ने टूर्नामेंट में छह मुकाबले जीते और तीन ड्रॉ खेले। इस जीत से उन्हें 12 रेटिंग अंक मिले और अब वह 2600 ईएलओ अंक के करीब पहुंच गए हैं। उनके 2579 ईएलओ अंक हैं।

### फीफा ने पीएफएफ पर लगाया प्रतिबंध हटाया

**लाहौर।** विश्व फुटबॉल की नियामक ईकाई फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लिया है चूंकि




पाकिस्तान ने खेल के सुचारू संचालन के लिए अपने संविधान में जरूरी बदलाव कर लिए हैं। फीफा ने पीएफएफ पर पांच फरवरी को प्रतिबंध लगाया था क्योंकि कांग्रेस सदस्य संविधान में जरूरी बदलाव नहीं कर सके थे। पीएफएफ कांग्रेस के सदस्यों ने गुरुवार को जरूरी संशोधनों को लागू करने के लिए सहमति जताई। पीएफएफ के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि फीफा ने उन्हें रविवार को बताया कि प्रतिबंध हटा लिया गया है।

### असम ने बिहार को 2-1 से हराया

**पंचकूला।** असम ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन बी मैच में सोमवार को यहां ताऊ देवी लाल स्टेडियम में बिहार को 2-1 से हराया। पहले



क्वार्टर में कड़ी टक्कर के बाद असम की कप्तान मुनमुनी दास (29वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम का खाता खोला। खुशबू प्रजापति (59वें मिनट) भी सेट पीस को गोल में बदलकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। बिहार के लिए 60वें मिनट में नुसरत खातून ने सांत्वना गोल किया। आंध्र प्रदेश ने डिवीजन सी के मैच में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की।

### ओलंपिक में नए दर्शक लाएगा क्रिकेट : को

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे



आगे चल रहे सेबेस्टियन को ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में क्रिकेट को शामिल किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि इस कदम से नए बाजार मिलेंगे जो ओलंपिक आंदोलन के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। क्रिकेट 1900 सत्र के बाद पहली बार टी20 प्रारूप में ओलंपिक में लौटा रहा है। इसे 2028 ओलंपिक के लिए पांच अतिरिक्त खेलों में शामिल किया गया है।

## चैंपियंस ट्रॉफी : पहला सेमीफाइनल मुकाबला आज दोपहर 2.30 बजे

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ 14 वर्ष की नाकामियों का हिसाब चुकता करने उतरेगी भारतीय टीम


**तीन बड़े आईसीसी टूर्नामेंट में भारतीय टीम को सेमीफाइनल और फाइनल में मिली है हार**

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मंगलवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में मिले हर जख्म पर मरहम लगाने का इरादा होगा। इसके साथ ही 2023 में अपनी धरती पर विश्व कप फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने का भी यह सुनहरा मौका है जब भारत के दस मैचों के अश्वमेध अभियान पर फाइनल में आस्ट्रेलिया ने नकेल कसी थी।

भारत को आखिरी बार आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में आस्ट्रेलिया पर जीत 2011 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मिली थी। भारत को आस्ट्रेलिया ने 2015 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल और 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में हराया। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में भी भारत को हराकर खिताब जीता। इस बार भारतीय टीम चौदह बरस की नाकामियों का हिसाब चुकता करने उतरेगी और उसके आतमविश्वास का कारण टीम में आला दर्जे के स्पिनरों की मौजूदगी है।







### आस्ट्रेलिया के पास एक स्पिनर



आस्ट्रेलिया के पास एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर एडम जम्पा है। उसे अनियमित स्पिनरों ग्लेन मैक्सवेल और ट्रेविस हेड से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मैथ्यू शॉर्ट पिंडली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं जिससे आस्ट्रेलिया के पास से एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प चला गया। ऐसे में विराट कोहली, रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल की चुनौती काफी कठिन होगी।

### पांच स्पिनरों का चयन बना मास्टरस्ट्रोक



टूर्नामेंट से पहले टीम में पांच स्पिनरों को शामिल करने के फैसले की काफी आलोचना हुई थी लेकिन दुबई की धीमी पिचों पर अब यह मास्टरस्ट्रोक साबित हो रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि भारत को सारे मैच दुबई में खेलने का फायदा मिल रहा है लेकिन असलियत यह है कि भारतीय टीम ने अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार के प्रयास किए हैं। ऐसा नहीं है कि पिच से इतनी टर्न मिल रही है कि भारतीय गेंदबाजों कामयाब रहे है बल्कि इन पिचों पर उनका संयम कारगर साबित हुआ है।

### चोटिल शॉर्ट की जगह कोनोली शामिल



युवा स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला कूपर कोनोली को चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबले के लिए चोटिल मैथ्यू शॉर्ट की जगह आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान पिंडली में चोट लगी थी। पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 21 वर्ष के कोनोली को टूर्नामेंट में यात्रा रिजर्व में रखा गया था। आईसीसी टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने इस बदलाव को सोमवार को मंजूरी दे दी।

### यह हमारा घर नहीं भड़के रोहित

कप्तान रोहित शर्मा ने इस धारणा को खारिज किया कि सारे मैच दुबई में खेलने से उनकी टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में फायदा हो रहा है। रोहित ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हर बार पिच से अलग तरह की चुनौती मिलती है। यहां हमने तीन मैच खेले हैं और तीनों मैचों में पिच का स्वभाव अलग रहा है। यह हमारा घर नहीं है, यह दुबई है। हमने यहां उतने मैच भी नहीं खेले हैं। यह हमारे लिए भी नया है। यहां चार या पांच पिचें इस्तेमाल की जा रही है। मुझे नहीं पता कि सेमीफाइनल में कौन सी पिच होगी। लेकिन जो भी हो, हमें खुद को ढालना होगा और उस पर खेलना होगा।'



### चार स्पिनर लुभावना संयोजन

भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को उतारा। चारों ने मिलकर नौ विकेट लिए और भारत ने 44 रन से जीत दर्ज की। रोहित ने कहा, 'हमें सोचना होगा। अगर हम चार स्पिनरों को लेकर उतरना भी चाहें तो चार स्पिनरों की जगह कैसे बनेगी। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हम यहां के हालात से वाकिफ हैं और हमें पता है कि क्या काम करेगा और क्या नहीं। इस पर विचार करेंगे कि सही संयोजन क्या होगा लेकिन यह काफी लुभावना विकल्प है।'

## आईपीएल की उल्टी गिनती शुरू

# 10 में से 9 कप्तान तय



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के लिए उल्टी गहनती शुरू हो गई। 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में अब सिर्फ 17 दिन ही शेष बचे हैं। आईपीएल में अब तक 10 में से 9 टीमों के कप्तान तय हो चुके हैं। हम आपको यहां सभी कप्तानों के बारे में बारे में बता रहे हैं।

**चेन्नई सुपरकिंग्स**
पांच बार आईपीएल जीतने वाली टीम ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में उतरेगी। वह पिछले सीजन में टीम के कप्तान बने थे।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने ने अगले सीजन के लिए रजत पाटीदार को कप्तान बनाया है। वह विराट कोहली जैसे दिग्गजों के रहते हुए टीम की कमान संभालेंगे।

**सनराइजर्स हैदराबाद**
2016 की चैंपियन टीम सनराइजर्स हैदराबाद एक बार फिर से ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस की कप्तानी में उतरेगी। कमिंस ने पिछले सीजन में टीम को फाइनल तक पहुंचाया था।

**मुंबई इंडियंस**
5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस एक बार फिर से हार्दिक पांड्या की कप्तानी में उतरेगी। हार्दिक को पिछले सीजन में रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया था। इसके बाद फ्रेंचाइजी की काफी आलोचना हुई।

**गुजरात टाइटंस**
शुभमन गिल एक बार फिर से गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं। पिछले सीजन में वह हार्दिक पांड्या के मुंबई इंडियंस में जाने के बाद टीम के कप्तान बने थे। गिल की कप्तानी में गुजरात आठवें स्थान पर रहा था।

**राजस्थान रॉयल्स**
2008 में खिताब जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम फिर से संजू सैमसन की कप्तानी में खेलेगी। सैमसन ने लगातार अपनी कप्तानी से प्रभावित किया है और टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाया। राजस्थान 2022 में फाइनल तक पहुंचा था।

**कोलकाता नाइटराइडर्स**
कोलकाता नाइट राइडर्स ने आगामी सीजन के लिए अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान बनाया है। रहाणे के पास आईपीएल में कप्तानी का लंबा अनुभव है। वह इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रह चुके हैं।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**
लखनऊ ने मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपए में खरीदा। पंत को कप्तानी भी सौंपी गई है। वह इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे।

**पंजाब किंग्स**
पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बनाया है। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। अय्यर ने अपनी कप्तानी में पिछले साल कोलकाता को चैंपियन बनाया था।

### दिल्ली कैपिटल्स को कप्तान की तलाश

दिल्ली कैपिटल्स ने नए कप्तान के नाम का ऐलान नहीं किया है। पंत अब लखनऊ की टीम में जा चुके हैं। दिल्ली के पास कप्तानी के लिए 3 बड़े ऑप्शन हैं। केएल राहुल, अक्षर पटेल और फाफ डुप्लेसिस में से किसी एक को कप्तान बनाया जा सकता है।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक आयोजित की जाएगी

**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में 11 से 13 मार्च तक आयोजित होने वाली पहली विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में 20 से अधिक देशों के पैरा एथलीट भाग लेगें। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में तीन दिनों तक चलने वाले आयोजन के 90 स्पर्धाओं में जर्मनी, जापान, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, ब्राजील, रूस, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान जैसे देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। इस आयोजन में एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) के अध्यक्ष माजिद रशीद और एशियाई पैरालंपिक समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तारेक सूई शामिल होंगे। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, "भारत में ग्रां प्री की मेजबानी करना पैरा-खेलों के प्रति हमारे देश के समर्पण का प्रमाण है। यह आयोजन सिर्फ प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है। यह देश में भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए एक मिसाल कायम करने के बारे में है।'

### कोहली ने छुए अक्षर पटेल के पैर...



**दुबई।** रविवार को भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 249 रनों का स्कोर बनाया। जिसके जवाब में मिचेल सैंटनर की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम 205 रनों पर सिमट गई। दरअसल, कीवी पारी की शुरूआत से ही भारत और जीत के बीच केन विलियमसन मजबूती से जमे हुए थे। लेकिन अक्षर पटेल ने अपने स्पेल की आखिरी गेंद पर केन विलियमसन को आउट कर दिया। अक्षर पटेल की गेंद पर विकेटकीपर केएल राहुल ने केन विलियमसन को स्टंप किया। केन विलियमसन ने 81 रनों की अच्छी पारी खेली। जब अक्षर पटेल ने केन विलियमसन को आउट किया, उसके बाद यादगार नजारा देखने को मिला। दरअसल, विराट कोहली ने अक्षर पटेल के पैर छू लिए। इस तरह विराट कोहली ने अक्षर पटेल को विकेट लेने पर बधाई दी। बहरहाल, सोशल मीडिया पर विराट कोहली और अक्षर पटेल का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

### खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का आयोजन नौ से

**श्रीनगर।** खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 के दूसरे चरण का आयोजन नौ से 12 मार्च तक गुलमर्ग में होगा। कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले कुछ दिनों से भारी हिमपात के बाद यह फैसला लिया गया। इन शीतकालीन खेलों को पहले 22 से 25 फरवरी तक आयोजित होना था लेकिन गुलमर्ग में बर्फ की कमी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। कश्मीर में इस साल हिमपात काफी कम हुआ है। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुजहत गुल ने बताया, 'हम नौ से 12 मार्च तक खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। देश भर के शीर्ष शीतकालीन खेल एथलीटों के इस आयोजन में भाग लेने की उम्मीद है।' यह शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण है जहां स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# पंत लॉरियस 'वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर' पुरस्कार के लिए नामित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना से बचने के खेल में वापसी पर प्रतिष्ठित लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार 2025 के 'कमबैक ऑफ द ईयर (वापसी करने वाले साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी)' श्रेणी में नामांकित किया गया है। पुरस्कार समारोह 21 अप्रैल को मैड्रिड में होगा। पंत को 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय कार



दुर्घटना का सामना करना पड़ा था। देहरादून के एक अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद इस 27 साल के खिलाड़ी को मुंबई ले जाया गया, जहां बीसीसीआई के विशेषज्ञ सलाहकार की देखरेख में उनका इलाज हुआ। दाएं घुटने के तीनों लिगामेंट की सर्जरी के बाद पंत ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा किया। पंत चोट से उबरने के बाद पिछले साल मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी तत्कालीन आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैदान में उतरे। पंत ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में विजयी वापसी की और कार दुर्घटना के बाद अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक बनाया। उनके प्रदर्शन ने भारत को 280 रनों से जीत दिलाने में मदद की।

### हरफनमौला अक्षर ने पाया आत्मविश्वास

**दुबई।** सफेद गेंद के प्रारुप में उपयोगी हरफनमौला साबित हो रहे अक्षर पटेल



की इस कामयाबी का श्रेय उनके आत्मविश्वास को जाता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के आखिरी ग्रुप मैच में भारत को 44 रन से मिली जीत में अक्षर ने 42 रन बनाने के अलावा केन विलियमसन का महत्वपूर्ण विकेट भी लिया। अक्षर ने मैच के बाद मिश्रित जोन में मीडिया से कहा, 'पहले मुझे इतनी कामयाबी नहीं मिल पा रही थी और यह मेरे दिमाग में था कि मैं अपनी प्रतिभा दिखा नहीं पा रहा हूं। शायद मैं खुद पर ज्यादा दबाव डाल रहा था जबकि मुझे पता था कि मुझमें प्रतिभा है।'

# रहाणे आईपीएल 2025 से पहले बने केकेआर के कप्तान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को घरेलू टी20 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी सौंपी गई। छत्तीस साल के रहाणे ने भारत के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 85 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने हालांकि सबसे छोटे प्रारूप में खुद को फिर से स्थापित करते हुए इस साल सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में 164.56 की स्ट्राइक रेट से 469 रन बनाए। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आईपीएल में भी पिछले कुछ वर्षों में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आक्रमक बल्लेबाजी की है। रहाणे ने केकेआर के कप्तान के रूप में श्रेयस अय्यर की जगह ली है। केकेआर की कप्तानी करने की दौड़ में शामिल रहे वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान बनाया गया है।रहाणे पहले भी केकेआर के लिए खेल चुके हैं और फ्रेंचाइजी ने उन्हें मेगा नीलामी में उनके आधार मूल्य 1.5 करोड़ रुपए में खरीदा था।

रहाणे ने एक बयान में कहा, 'केकेआर की अगुवाई करने का मौका मिलना सम्मान की बात है। यह आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक बेहतरीन और संतुलित टीम है। मैं सभी के साथ काम करने और अपने खिताब को बचाने की चुनौती लेने के लिए उत्सुक हूं।'




**TRN Energy Private Limited**

**Regd. Office: 18 Vasanta Enclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi - 110057 Corporate Office: 7th Floor, Corporate Tower, Ambience Mall NH-8, Gurgaon-122002 (Haryana)**
**Ph: 0124-2719000, Fax: 0124-2719185**
**Email: trnenergy@acbindia.com; info@trnenergy.com**

**Invitation of Bids**

Ref. No.: TRNEPL/ASH/2024-25/01 Dated: 03.03.2025

TRN Energy Pvt. Ltd. is having 2x300MW Coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO:- Nawapara (Tenda), Tehsil: Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The plant site is well connected with Road Network. Nawapara (Tenda) is on Chhal-Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42KM away from Raigarh and 32KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

Through advisory dated 15th March 2024, Ministry of Power has directed to the Thermal Power Plants to prepare a panel of transportation agency every year based on competitive bidding for transportation to Road Projects / Embankments / mines etc. in slabs, which may be used for period FY 2025-26.

In this connection, M/s TRN Energy Pvt. Ltd. invites bids from reputed and experienced vendors as under:-

| Sl. No. | Description of the Job | Tender ID | Last date of Bid submission |
|---|---|---|---|
| 1 | Ash Transporters Panel for FY 2025-26 at 2x300MW TRN Energy TPP Raigarh, Chhattisgarh | 1034 | 07.03.2025 @ 14:00 Hrs. |

Detailed scope of work, terms and conditions are furnished in the NIT document. Please visit web site https://eprocurement. mjunction.in/ epspropartner/openarea/tender-list and refer respective tender Id for qualifying criteria and other details.The complete offer along with technical details should be submitted by the bidder on-line on Mjunction website as per the timeline mentioned in the above table.

**Contact details: Name: Sunil Kumar**
**Contact No. 9868392867**
**Email Id: sunil.kumar@acbindia.com**

# चीन की भयानक डिशें, जिसे सुनकर माथा घूम जाएगा, खूब खाते हैं लोग!

**चीन का खान-पान हमेशा से ही दुनिया के लिए चर्चा का विषय रहा है। यहां के लोग अलग-अलग तरह के अनोखे और कई बार चौंकाने वाले व्यंजन पसंद करते हैं।**

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

कोरोना महामारी के बाद से चीन के भोजन और उसकी स्वच्छता को लेकर वैश्विक बहस और तेज हो गई है। कई बार यहां के कुछ व्यंजन इतने अजीबोगरीब होते हैं कि वे दुनिया भर के लोगों को हैरान कर देते हैं। चाहे वह खरगोश का सिर हो या फिर कीड़ों से बनी कॉफी। ये व्यंजन न सिर्फ चीनियों की पसंद को दर्शाते हैं, बल्कि उनकी अनोखी खान-पान संस्कृति को भी उजागर करते हैं।

### खरगोश का सिर

चीन के सिचुआन प्रांत में खरगोश काफी पसंद किया जाता है। यहां देश के लगभग 95% खरगोशों का उपभोग किया जाता है। केवल मांस ही नहीं, बल्कि स्थानीय लोग इसके सिर को भी बड़े चाव से खाते हैं। इसे तीखी मिर्च और चिली ऑयल के साथ पकाया जाता है। यह एक लोकप्रिय स्ट्रीट फूड है, जिसे अक्सर बीयर के साथ खाया जाता है। हालांकि, इसे खाने में काफी मेहनत लगती है, क्योंकि इसमें ज्यादा हड्डियां होती हैं।



### ऑक्स डंग हॉटपॉट

यह व्यंजन अपने मुख्य घटक की वजह से अनोखा है। इसमें बैल के अर्ध-पचा हुआ घास से बने रस को उपयोग किया जाता है। इस हॉटपॉट को पानी और तीखे मसालों के साथ पकाया जाता है, ताकि इसकी तेज गंध को छुपाया जा सके। यह व्यंजन चीन के गुइझोऊ और गुआंग्शी प्रांतों में त्योहारों के दौरान लोकप्रिय रूप से परोसा जाता है। माना जाता है कि यह पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद होता है। हालांकि, पकने से पहले इसकी बदबू काफी तेज होती है।

### कॉफी में तले हुए कीड़े

युन्नान प्रांत के एक कैफे ने एक अनोखी डिश पेश की कॉफी में डीप फ्राई किए गए कीड़े! इस मेनू में बैम्बू वर्म अमेरिकानो, लोकस्ट लट्टे और बी लट्टे जैसे विकल्प शामिल हैं। कैफे के मालिक के अनुसार ये कीड़े कुरकुरे होते हैं और चाहें तो ऊपर से नमक भी डाला जा सकता है। यह व्यंजन युन्नान की दाई जनजाति की पारंपरिक परंपरा से प्रेरित है, जो इसे एक खास मेहमानों के लिए परोसते हैं।


### टमाटर सूप में उबले कीड़े

युन्नान प्रांत में प्रोटीन से भरपूर एक अनोखा व्यंजन तैयार किया जाता है। यह उबले हुए कीड़ों का सूप है। इसे आमतौर पर टमाटर सूप में पकाया जाता है या केले के पत्तों में लपेटकर स्टीम किया जाता है। इसे वहां 'नेचुरल प्रोटीन पाउडर' कहा जाता है। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन, वसा और विटामिन होते हैं। खाने वालों का कहना है कि इसका हल्का दूधिया स्वाद होता है और चबाने पर इसमें से रस निकलता है।

## रोचक खबरें

### गुणकारी : सीता अशोक पेड़ दुर्लभ और औषधीय गुणों से हैं भरपूर

**हजारीबाग।** पौराणिक मान्यता है कि जब रावण ने माता सीता का हरण किया था, तब उन्हें लंका में अशोक वाटिका में रखा था। वहां माता सीता अशोक के वृक्षों के नीचे रहा करती थीं। इसी कारण से सीता अशोक का पेड़ काफी खास हो जाता है। यह पेड़ बेहद दुर्लभ भी हैं। हजारीबाग में अब तक इसके चार पेड़ चिह्नित किए गए हैं। फाल्गुन के महीने में इसके फूलों की महक से आसपास का इलाका गमक उठता है। सीता अशोक के पेड़ को ही असली अशोक का पेड़ माना गया हैं। पर्यावरणविद् कहते हैं कि भारत में जिसे अशोक के पेड़ के नाम से संबोधित किया जाता है, दरअसल वह मोनोन लॉन्ग फोलियम हैं। इसे 'झूठा अशोक' के नाम से भी जाना जाता हैं। इसकी लकड़ियां भी केवल जलाने के काम आती हैं। लेकिन, असली अशोक काफी गुणकारी हैं। हिंदू धर्म में इसका खास महत्व हैं। वहीं, आयुर्वेद भी इसे लाभकारी मानता हैं। हजारीबाग के पर्यावरणविद मुरारी सिंह ने बताया कि सीता अशोक या साराका अशोक पेड़ पर फरवरी से मार्च तक के महीने में फूल खिलने लगते हैं। इसके फूल काफी खूबसूरत और गुच्छेदार होते हैं। ये सुगंधित भी होते हैं। ये पेड़ और फूल औषधि गुणों से भरपूर हैं। यह धर्म से भी जुड़ा हैं। इसी पेड़ की छाल से 'अशोकारिष्ठ' नाम की दवा बनती हैं। यह दवा गर्भाशय में ऐंठन, पेट दर्द और कष्टार्तव में उपयोगी हैं।



### इमरजेंसी : नन्हे बच्चे ने 911 पर लगाया फोन, कहा इमरजेंसी! फिर कर डाली मांग

**न्यूयार्क।** दुनिया भर में पुलिस का मतलब किसी तरह की मुसीबत में उलझने का संकेत माना जाता है। पर फिर भी पुलिस को बार बार समझाना पड़ता है कि वह लोगों की मदद के लिए हैं। ऐसे में अगर कोई बच्चा खाने का ऑडर करने के लिए इमरजेंसी नंबर लगा दे तो? अमेरिका में तो बच्चे अगर 911 नंबर पर फोन कर दें, तो पुलिस उनकी शिकायत पर माता-पिता को गिरफ्तार भी कर सकती है और करती भी हैं। लेकिन, अनोखे मामले में एक बच्चे ने 911 नंबर लगाया और खोने की एक चीज ऑडर कर दी। हैरानी की बात ये रही कि पुलिस ने बच्चे का ऑडर पूरा भी कर दिया। अमेरिका के ओकलाहोमा में एक नन्हें से बच्चे ने ऐसा काम किया हैं। मूर पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर हाल ही में एक ऑडियो और शेयर किया है जिसमें बेनेट नाम का एक बच्चे ने इमरजेंसी नंबर 911 पर कॉल कर डोनट्स की मांग की थी। यह कॉल पुलिस के लिए हैरानी भर भी था। बच्चे ने कॉल कर पूछा, '911, यह इमरजेंसी हैं।' कॉल रिसीव करने के वाले के हां कहने पर बेनेट ने कहा, इमरजेंसी डोनट्स इस पर उससे पूछा गया, क्या आप अपने डोनट्स किसी से शेयर करेंगे? बेनेट ने नहीं कह कर फोन रख दिया। इसके बाद अगले दिन पुलिस विभाग ने शेयर किया कि उन्होंने बेनेट की ख्वाहिश पूरी की और अफसरों ने उसके घर पर एक डंकिन के डोनट्स का डिब्बा उसे घर पर जा कर दिया। वीडियो में अफसर ने घर पहुचने के बाद बच्चे से पूछा कि क्या उसने उन्हें डोनट्स के लिए कॉल किया था? फिर उन्होंने बताया, 'हम आपको कुछ डोनट्स देने आए हैं।' जैसा की उम्मीद थी बेनेट की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और अफसरों ने बेनेट के साथ ही उसके भाई को भी डोनट दिया था। पुलिस ने बताया कि बेनेट ने उन्हें एक पुराने सेलफोन से संपर्क किया था, जिनका अब कोई ज्यादा उपयोग नहीं रह गया हैं। लेकिन, उनसे अब भी 911 नंबर पर कॉल किया जा सकता हैं।



### खासियत : डायनासोर के समय से ही धरती पर मौजूद हैं कछुए

**नई दिल्ली।** कछुआ पृथ्वी का सबसे पुराने जीवित सरीसृपों में से एक हैं। माना जाता है कि कछुआ एक ऐसा जानवर है जो डायनासोर के समय से ही हमारी धरती पर मौजूद है, इसलिए इसे पृथ्वी के सबसे पुराने जीवित सरीसृपों में से एक माना जाता है। कुछ जानकारों के मुताबिक कछुआ सांप, छिपकली और मगरमच्छ से भी पहले से धरती पर रह रहे हैं। जाहिर है यह जीव लाखों वर्ष पुराना तो इसके कई खासियत होंगे। वैसे तो कछुए अपनी लंबी उम्र और कठोर खोल के लिए जाने जाते हैं, मगर इसके अलावा भी कछुए के ऐसे कई खासियत होते हैं जिसके बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। दरअसल, कछुओं की कई अलग-अलग प्रजातियां हैं, जो आकार और नस्ल के आधार पर भिन्न होती हैं। कछुए अंटार्कटिका महाद्वीप छोड़कर पृथ्वी के लगभग हर कोनें में पाए जाते हैं। वे दुनिया के सबसे अनुकूलनीय जानवरों में से एक हैं। कछुए की बहुत बड़ी खासियत होती है कि वो लगभग हर तरह के वातावरण में रह सकते हैं, जिनमें रेगिस्तान, जंगल और महासागर शामिल हैं पृथ्वी पर कछुए की लगभग 350 से अधिक प्रजातियां हैं, जिनमें से कुछ जमीन पर रहती हैं तो कुछ पानी में रहती हैं। कुछ प्रजातियां तो ऐसी हैं कि वो 200 साल तक जीवित रह सकती हैं। वे ग्रह पर सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले जानवरों में से एक हैं। सबसे पुराना ज्ञात कछुआ, जिसका नाम अद्वैत था, 2006 में 255 वर्ष की आयु में मर गया। कछुओं के दांत नहीं होते हैं। उनके पास अपने भोजन को चबाने में मदद करने के लिए एक नुकीली चोंच होती है। कछुए सर्वाहारी होते हैं, जिसका अर्थ है कि वे पौधे और जानवर दोनों खाते हैं।



## दावा

**वैज्ञानिकों ने बताया कैसे होगा संभव!**

# खत्म होगी गरीबी, हर आदमी को मिलेगा क्विंटल भर सोना

**दुनिया में अमीर होने के लिए कहा जाता है कि अगर खूब सारा सोना मिल जाए तो गरीबी नहीं रहेगी। पर क्या ऐसा हो सकता है कि दुनिया में इतना सोना मिल जाए कि दुनिया की हर आदमी ही अमीर हो जाए। क्या ऐसा संभव है?**

एजेंसी ▶▶ लंदन

अगर वैज्ञानिकों को माने तो दुनिया में इतना अधिक सोना मिल सकता है कि हर शख्स को अगर क्विंटल भर भी मिले, तो भी कम नहीं पड़ेगा। एक अनूठे प्रयोग ने वैज्ञानिकों में यह उम्मीद जगाई है कि इससे गरीबी खत्म हो जाएगी और हर व्यक्ति मालामाल हो जाएगा।

सोना अमीरों की धातु मानी जाती हैं। आज यह दुनिया में बहुत ही कम मात्रा में मिलता हैं। पर अब वैज्ञानिकों का दावा है कि पृथ्वी की गहराइयों में छिपा सोना निकालने की तकनीक विकसित हो रही हैं। यह इतना अधिक है कि इससे दुनिया का हर व्यक्ति अमीर हो सकता हैं। उनके प्रयोग से गहराइयों में छिपा सोना सतह पर आ जाएगा।

लोगों को हैरानी होती है कि अगर पृथ्वी के अंदर इतना सोना है तो सरकारें इसे निकाल क्यों नहीं लेती हैं। क्या उनके पास ऐसी तकनीकें नहीं हैं? क्योंकि, हकीकत ये है कि पृथ्वी की गहराई में एक दो नहीं, बल्कि अरबों टन की मात्रा में सोना हैं। ऐसे में सवाल पैदा होते है कि इतना महंगा होने पर भी क्या सरकार इसे निकालने के लिए खास कोशिशें नहीं करती हैं।



### अणु के हिस्से में ही मिल सकता हैं सोना

पृथ्वी की गहराइयों में बहुत ही अधिक तापमान और दबाव होता हैं। वैज्ञानिक सदियों से इन गहराइयों में मौजूद सोने के कणों को सतह पर लाने पर काम कर रहे हैं। एक बड़ी समस्या ये थी कि जहां सोना समान्य हालात में प्रतिक्रिया नहीं करता है, वहीं ज्वालामुखी और पृथ्वी की गहराइयों में सोना रिएक्ट कर अणु स्वरूप में आ जाता हैं। यानी नीचे गहराई में सोना अलग से नहीं किसी अणु के हिस्से में ही मिल सकता हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि पृथ्वी की सतह के 50 से 80 किलोमीटर नीचे की गहराई में जमा सोना का सफ्लर जैसी धातु वाले द्रव्यों से प्रति क्रिया करे तो वह ऐसे अणुओं में बदल जाएगा जिससे वह अपनी जगह आसानी से बदल सकता हैं।

### आखिर है कहां यह सोना

तो फिर यह सोना आखिर है कहां? यह सोना पृथ्वी की सतह की ऊपरी पट्टी और कोर के बीच में दफन हैं। पृथ्वी की ऊपरी परत 8 से 15 किलोमीटर की गहराई में हैं और अभी तक वैज्ञानिक ज्यादा से ज्यादा 12 किलोमीटर गहराई तक पहुंच सके हैं। जबकि सबसे गहरी खदान सोने की ही है और वह केवल 5 किलोमीटर ही गहरी हैं। अभी तक वैज्ञानिक ऐसे तकनीक विकसित नहीं कर सके हैं कि पृथ्वी की पर्पटी के ठीक नीचे ही गहरे जाकर सोना निकालने की तकनीक नहीं बना सके हैं। लेकिन, अब वैज्ञानिकों ने ऐसा तरीका निकाल लिया है जिससे कई किलोमीटर नीचे मौजूद सोने को निकाला जा सकेगा।

### निकाला जा सकता है छिपा सोना

सल्फर के साथ रिएक्ट कर बने सोने के अणु आसानी से पृथ्वी से अंदर से रिस कर सतह पर आना शुरू कर देंगे। इस बात की पुष्टि उनके प्रयोगों में हुई। इनके आधार पर वैज्ञानिक उम्मीद कर रहे हैं कि ऐसा दिन आएगा जब इस पद्धति से पृथ्वी की गहराई में छिपा सोना निकाला जा सकता हैं। प्रयोग भले ही सफल रहा हो, लेकिन अभी इसकी पुष्टि केवल लैब में हो सकती हैं। इसे हकीकत में बदलना समय ले सकता हैं। लेकिन वैज्ञानिकों को पूरी उम्मीद है कि जिसे अब तक असंभव माना जा रहा था, अब ये संभव है और एक समय आएगा जब यह होने लगेगा और तब हर शख्स अमीर हो सकेगा।

## सालाना कितना कमाती हैं सुनीता विलियम्स, धरती पर वापसी से पहले जानिए नेटवर्थ



**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसी हुई हैं। हालांकि उनकी इसी महीने धरती पर वापसी होने वाली हैं। नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 5 जून साल 2024 से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में फंसे हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ही स्पेसएक्स के स्पेसक्राफ्ट से आएंगे। एक तरफ उनकी धरती पर वापसी को लेकर जहां उत्साह है। वहीं, दूसरी तरफ उनके सामने आने वाली समस्याओं को लेकर लोग चिंतित हैं। इन सब के बीच बहुत से लोगों के मन में सवाल है कि आखिर सुनीता विलियम्स की सैलरी और नेटवर्थ कितनी है? अगर आपके मन में भी ऐसा सवाल है तो आइए जानते हैं।

**मुश्किलों से भरा काम :** सुनीता विलियम्स जैसे वैज्ञानिक वो काम करते हैं जो मुश्किलों से भरा होता हैं। जैसे ही सुनीता विलियम्स धरती पर आएंगी, उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्हें बेहोशी, दिल से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता हैं।

### कितनी है सलाना कमाई

सुनीता विलियम्स दुनिया की शीर्ष अंतरिक्ष एजेंसी नासा में हैं। उनकी गणना एक अच्छे अंतरिक्ष यात्रियों में होती हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नासा के अंतरिक्ष यात्रियों को अमेरिकी सरकार के वेतनमान के आधार पर वेतन मिलता है, जो ग्रेड जीएस-13 से लेकर जीएस-15 तक होता हैं। नासा के रिकॉर्ड के अनुसार, विलियम्स जैसे अत्यधिक अनुभवी अंतरिक्ष यात्रियों का वार्षिक वेतन जी-15 श्रेणी में आता है, जो लगभग $152,258.00 या 12,638,434 प्रति वर्ष हैं। यह राशि उनकी बोझिल अंतरिक्ष यात्राओं और प्रशिक्षण के लिए भुगतान को दर्शाती हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को नासा के मांगलिक मिशनों के लिए उनके उत्कृष्ट कार्य और जवाबदेही के लिए मुआवजा भी मिलता हैं।

## रमजान में खाने के पड़े लाले; आटा-चावल-सब्जियों को तरसे पाकिस्तानी

**इस्लामाबाद।** रमजान का महीना शुरूहो चुका है। इस पाक महीने में इस्लाम धर्म को मानने वाले लोग रोजा रखते हैं और शाम को इफ्तारी करते हैं। इफ्तारी में तरह-तरह के पकवान खाए जाते हैं। भारत समेत कई मुस्लिम देशों में बड़ी धूम-धाम के साथ इफ्तारी की जाती है। हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के लिए इस साल इफ्तारी थोड़ी महंगी पड़ रही है। दरअसल, इस मुल्क में आटा-चावल और मीट जैसे जरूरी सामानों की कीमतें आसमान छू रही है। वहीं, यहां राशन की भी काफी कमी हो गई है।



**महंगा हुआ खाना :** एक न्यूज बेवसाइट के मुताबिक पाकिस्तान में रमजान से एक दिन पहले फल, सब्जी और मीट की कीमतें काफी बढ़ चुकी है, जिससे आम नागरिक चिंता में पड़ गए हैं। हालात ऐसे हैं कि महंगाई के कारण ये जरूरी चीजें आम जनता की पहुंच से बिल्कुल बाहर हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि पहले की तुलना में कीमतों में काफी अंतर आया है। लाहौर में सेब, केले, टमाटर और लहसुन की कीमतें उनके आधिकारिक दरों से कई गुना अधिक दामों में बेचे जा रहे हैं।

### लाहौर में राशन की कमी

लाहौर की बात करें तो यहां रमजान से पहले राशन की दुकान में आटा, चावल, घी, दालें और बेसन की काफी कमी हो गई है। इसके चलते मिडिल क्लास लोगों में चिंता बढ़ गई है। दुकनादारों का कहना है कि पिछले 6 महीनों से स्थिति बेहद खराब है। यहां ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, लेकिन राशन की अलमारियां खाली रहती हैं। ऐसे में ग्राहकों को अधिक कीमतों वाले सामान खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसके लिए वे स्थानीय बाजारों की ओर रूख कर रहे हैं।

## हांगकांग में जिस इंजेक्शन से 3 महीने में ठीक हो रहे कैंसर मरीज उसकी भारत में क्या है स्थिति?

**बीजिंग।** हांगकांग ने कैंसर बीमारी को खत्म करने वाली सीएआर-टी इंजेक्शन को लेकर बड़ा दावा किया हैं। हांगकांग के वैज्ञानिकों का कहना है कि नवंबर 2024 में जिन 5 मरीजों का इलाज सीएआर-टी इंजेक्शन से किया गया, वो सभी धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। वैज्ञानिकों ने उन लोगों का रिएक्शन भी शेयर किया हैं। कहा जा रहा है कि इस असर के बाद दुनियाभर में हांगकांग के इस सीएआर-टी इंजेक्शन की डिमांड बढ़ सकती हैं।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक अक्टूबर-2024 में चाइनीज यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग में 5 मरीजों को यह इंजेक्शन दिया गया। जिन मरीजों को यह इंजेक्शन लगाया गया, उनमें से एक की उम्र 73 साल, दूसरे की 71 साल, तीसरे की 67 साल, चौथे की 15 साल और पांचवें की 5 साल हैं।




वैज्ञानिकों का कहना है कि फरवरी तक इन मरीजों को काफी राहत महसूस हुई। ये मरीज पहले की तुलना में ठीक थे। वैज्ञानिकों ने इन मरीजों का बयान भी रिकॉर्ड किया है, जिसमें मरीज अपना अनुभव बता रहे हैं।

### भारत में इस थैरेपी का हाल

2023 में भारत में इस थैरेपी की शुरुआई आईआईटी बॉम्बे से की गई थी। भारत में नेक्सकार-19 के जरिए सीएआर-टी थैरेपी से मरीजों का इलाज किया जा रहा हैं। यह मेड इन इंडिया थैरेपी हैं। केंद्र सरकार की कोशिश मेड इन इंडिया के जरिए मरीजों को कम कीमत में वैक्सीन पहुंचाने की हैं। नेचर पत्रिका के मुताबिक भारत जिस थैरेपी पर काम कर रहा है, वो रक्त कैंसर के इलाज के लिए मददगार साबित हो सकता हैं।

### सीएआर-टी इंजेक्शन की कीमत

रिपोर्ट के मुताबिक यह वैक्सीन आम लोगों की पहुंच से अभी काफी दूर हैं। साइड इफेक्ट और अन्य खर्च को अगर छोड़ दिया जाए तो वैक्सीन की कीमत सिर्फ 3 करोड़ रुपए हैं। यह कीमत हांगकांग पर आधारित हैं। यानी अन्य देशों में इस इंजेक्शन की कीमत में और ज्यादा की बढ़ोतरी हो सकती हैं। इंजेक्शन को लगाने के बाद 7 दिन तक मरीज को आईसीयू में रखना होता हैं। वहीं साइड इफेक्ट का इलाज अलग से किया जाता हैं। इतना ही नहीं, यह इंजेक्शन सिर्फ लीवर या फेफड़ों से संबंधित कैंसर में ही अब तक कारगर साबित हुआ हैं।




**खगोलीय** | जब पूर्णिमा का चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य एक सीध में होते हैं तब होती है यह घटना

## होली पर लगने जा रहा पूर्ण चंद्रग्रहण, आसमान में बदलकर लाल हो जाएगा चांद का रंग

**नई दिल्ली।** इस महीने होली के दिन एक खास खगोलीय घटना होने जा रही है। 14 मार्च को आसमान में लाल रंग का चांद दिखाई देगा, जिसे ब्लड मून भी कहा जाता है। यह पूर्ण चंद्रग्रहण होगा, जो लगभग तीन साल बाद हो रहा है। इसके पहले ऐसा 2022 में हुआ था, जब आसमान में लाल रंग की छाया में चंद्रमा का अनोखा दीदार करने को मिला था। यह उस खगोलीय घटना के चलते होता है, जब पूर्णिमा का चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य एक सीध में होते हैं। इस दौरान चंद्रमा रंग बदलते हुए पृथ्वी की छाया में चला जाता है। इसे ब्लड मून कहा जाता है।





### कब और कहां दिखेगा पूर्ण चंद्रग्रहण?

नासा के अनुसार, पूर्ण चंद्रग्रहण को अमेरिका में 13 और 14 मार्च की दरमियानी रात को देखा जा सकेगा। अमेरिकी समयानुसार रात के 11:57 बजे ग्रहण की शुरुआत होगी, जब चंद्रमा छाया के बाहरी हिस्से में प्रवेश करेगा। 1:09 बजे आंशिक ग्रहण शुरू होगा, जब चंद्रमा पृथ्वी की छाया में प्रवेश करता है और अंधेरा होने लगता है। 2:26 बजे यह पूर्ण चंद्रग्रहण में बदलेगा और ब्लड मून के लाल रंग में दिखाई देगा। 3:31 बजे जब यह छाया से बाहर निकलेगा, तब इसका लाल रंग फीका पड़ जाएगा।

### क्या भारत में दिखाई देगा?

65 मिनट से ज्यादा समय तक चलने वाले पूर्ण चंद्रग्रहण को दुनिया के कुछ ही हिस्से के लोग अनुभव कर पाएंगे। उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका के लोग इसे पूरी पूर्णता के साथ देखेंगे। इसे अमेरिका, पश्चिमी यूरोप, पश्चिमी अफ्रीका और उत्तरी व दक्षिणी अटलांटिक महासागर में दिखाई देगा। चूंकि, जब यह खगोलीय घटना होगी, उस समय भारत में दिन हो रहा होगा ऐसे में इसे नहीं देखा जा सकेगा।

### क्यों होता है ब्लड मून?

जब हमारी पृथ्वी अपने परिक्रमा पथ पर बढ़ते हुए चंद्रमा और सूर्य के बीच में सीधी रेखा पर होती है, तो चंद्रमा पूरी तरह से पृथ्वी की छाया के सबसे भीतरी हिस्से में चला जाता है। यह इसे सूर्य से पूरी तरह ओझल कर देता है। चंद्रमा अपना प्रकाश नहीं पैदा करता है। हालांकि, यह चमकता है क्योंकि इसकी सतह सूर्य की किरणों को परावर्तित करती है। यद्यपि पृथ्वी सूर्यग्रहण के दौरान चंद्रमा तक पहुंचने वाली किसी भी रोशनी को रोकती है, फिर सूर्य चंद्रमा की सतह पर पृथ्वी की छाया डालता है। चूंकि, सूर्य की रोशनी अवरुद्ध होती है, इसलिए चंद्रमा आम रातों की अपेक्षा मद्धम होता है। इसका यह प्रभाव कुछ घंटों के लिए इसकी सतह को एक लाल-नारंगी रंग से रंग देता है। इससे रात के दौरान आकाश में अनोखा नजारा दिखाई देता है। रंग बदलने की वजह से इसे अक्सर ब्लड मून कहा जाता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com